CMYK

खबरें छुपाता नही, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 07°C

नई दिल्ली, रविवार 21 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 260 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चाहे कालीन भैया हो या कोडीन भैया, सबके खिलाफ चलना चाहिए बुलडोजर: अखिलेश पेज 2



गिल को नहीं मिली टी-20 विश्वकप टीम में जगह खेल टाइम्स



तोशाखाना केसः इमरान खान, बुशरा बीबी को 17-17 साल की सजा पेज 11



जाह्नवी कपूर को होमबाउंड के लिए मिला एक्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड बॉलीवुड

# आरएसएस के लिए सच्चाई नहीं, शक्ति जरूरी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) चीफ मोहन भागवत की आलोचना की।

राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस चीफ खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच्चाई का कोई महत्व नहीं है, शक्ति महत्वपूर्ण है। यही उनमें और हममें अंतर है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी पूरी संस्कृति सत्य पर आधारित है। आप किसी भी धर्म को देख लें, मूल रूप से वे यही कहते हैं कि सत्य का पालन करो। कांग्रेस, महात्मा गांधी और आप सभी, हम भारत के सत्य की रक्षा करते हैं। आरएसएस ऐसा नहीं करती। बता दें कि राहुल गांधी 5 दिन के जर्मनी दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के कार्यक्रम कनेक्टिंग कल्चर्स में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने जर्मन थिंक-टैंक में शामिल नेताओं के साथ बातचीत की और हर्टी स्कूल में भी स्पीच दी। राहुल गांधी ने जर्मनी के हर्टी स्कूल में अपने संबोधन में तेजी से बदलते वैश्विक माहौल के बीच भारत की दिशा पर अपनी बात रखी।

**■ कांग्रेस सांसद जर्मनी में बोले: उनके प्रमुख यह खुले तौर पर कह रहे, यही उनमें और कांग्रेस में अंतर**



### राहुल गांधी विदेशों में भारत को बदनाम कर रहे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर विदेशों में भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया। भाजपा का दावा है कि राहुल गांधी विदेश दौरों के दौरान भारत-विरोधी ताकतों से मुलाकात करते हैं। साथ ही राष्ट्रीय हितों के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहते हैं। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए के भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी अक्सर संसद सत्र के दौरान विदेश यात्राओं पर चले जाते हैं। उदाहरण के तौर पर राहुल के हालिया जर्मनी दौरे का जिक्र किया। भाटिया ने कहा किनेता प्रतिपक्ष की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि जब संसद सत्र चले तब वह सदन में मौजूद रहे, लेकिन राहुल विदेश चले गए।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के मामले में 7 गिरफ्तार

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश में अधिकारियों ने 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर निर्मम हत्या के मामले में 7 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अंतरिम सरकार ने शनिवार को मैमनसिंह शहर में गुरुवार को हुई इस घटना की त्वरित और गहन जांच के बाद इन गिरफ्तारियों की घोषणा की। इस घटना ने बांग्लादेश में व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है। श्री दास पर ईशनिंदा के आरोपों को लेकर भीड़ ने बेरहमी से हमला किया। वहां हिंसा भड़क उठी और भीड़ ने उस शख्स की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके शरीर को जला दिया गया। इस घटना ने इस क्षेत्र में गहरी जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक तनाव को उजागर किया है।

### दिल्ली में एक्यूआई 535 के स्तर पर पहुंचा, ग्रैप-4 लागू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जहरीले धुएं की परत छाने से शनिवार को व एक्यूआई 535 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 के तहत सभी कार्रवाइयां लागू की गई हैं। राजधानी की वायु गुणवत्ता बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गई हैं जहां एक्यूआई 535 रिकॉर्ड किया गया है। यह अत्यंत खतरनाक श्रेणी को दर्शाता है और एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थिति का संकेत देता है।

### दिल्ली में कोहरे के कारण 125 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर तथा पूर्वी भारत के कई हिस्सों में कोहरे के कारण यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह 125 से अधिक उड़ानें रद्द की गई। सुबह 10 बजे तक प्रस्थान करने वाली 63 और यहां उतरने वाली 66 उड़ानें रद्द कर दी गई।

### सैयद सलाहुद्दीन के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**नई दिल्ली।** विशेष एनआईए अदालत ने हिजबुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह गैर-जमानती वारंट 2012 के एक आतंकी मामले में जारी किया गया है, जो पुलिस स्टेशन बड़गाम में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम व धारा 506 आरपीसी के तहत दर्ज किया गया था।

# मोदी का ममता पर तीखा हमला

## कहा: टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए SIR का कर रही विरोध

**कोलकाता, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का हेलीकॉप्टर शनिवार को कुहासे की वजह से ताहेरपुर में नहीं उतर पाया। उसके बाद पीएम मोदी ने मोबाइल से सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में टीएमसी और ममता बनर्जी की सरकार पर हमला बोला।

उन्होंने राज्य की जनता से बीजेपी की डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि एक बार बीजेपी को मौका दें। उन्होंने कहा कि टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए एसआईआर का विरोध कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने बिहार ने विकास के लिए एनडीए सरकार को प्रचंड विजय दिलाई है। गंगाजी बिहार से बहते हुए बंगाल तक पहुंचती है। बिहार ने बंगाल में भाजपा का विजय का रास्ता बना दिया है। बिहार ने जंगलराज को एक स्वर से नकार दिया है। 20 साल बाद भाजपा-एनडीए को पहले से अधिक सीटें दी हैं। पश्चिम बंगाल में महाजंगल राज चल रहा है। उससे हमें मुक्ति चाहिए। पश्चिम बंगाल का बच्चा-बच्चा कह रहा है। पश्चिम बंगाल का हर गांव, शहर, हर गली और मोहल्ला कर रहा है। बाचते चाई, बीजेपी ताई। उन्होंने कहा कि यहां ऐसी सरकार है, जो कमीशन में लगी रहती है। विकास से जुड़े हजारों रुपये के प्रोजेक्ट लटके पड़े हैं। उन्होंने कहा कि मोदी का विरोध करें, लेकिन जनता के सपनों को चूर-चूर करने का पाप नहीं करें। राज्य के प्रबुद्ध जनता से अपील कर रहा हूं कि यहां बीजेपी की डबल इंजन की सरकार बनाकर देखें। उन्होंने कहा कि गोबैक के नारे लगाने वाले घुसपैठिए के लिए चुप हो जाते हैं। वे गोबैक मोदी के नारे लगाते हैं। यही टीएमसी का असली चेहरा है। टीएमसी घुसपैठिए को बचाने के लिए बंगाल में एसआईआर का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं सर्वप्रथम क्षमा प्रार्थी हूं कि खराब मौसम की वजह से मेरा हेलीकॉप्टर नहीं उतर पाया। कुहासे की वजह से कुछ भाजपा कार्यकर्ता रेल हादसा के -**शेष पृष्ठ दो पर**

### पीएम ने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई बिल्डिंग का किया उद्घाटन



### अगस्ता वेस्टलैंड केस: कोर्ट ने दिया मिशेल की रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली।** अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी चॉपर मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेस्म को हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ने खुशी जाहिर की और कहा कि भारत में कुछ अच्छे जज हैं। मैं कोर्ट के आदेशों से संतुष्ट हूं। भारत का संविधान बहुत अच्छा है। हालांकि, क्रिश्चियन मिशेल जेम्स अभी भी सीबीआई केस में हिरासत में रहेंगे।

# नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: ये उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं, बल्कि उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है।

पासपोर्ट रिन्यू करते समय पासपोर्ट अथॉरिटी किसी व्यक्ति की भविष्य की यात्रा का शेड्यूल या वीजा की जानकारी नहीं मांग सकती। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि पासपोर्ट अधिकारी का काम सिर्फ यह देखना है कि आपराधिक मामला पेंडिंग होने के बावजूद संबंधित अदालत ने यात्रा की संभावना खुली रखी है या नहीं। अगर अदालत ने पासपोर्ट रिन्यू कराने की परमिशन दी है, तो पासपोर्ट जारी किया जाना चाहिए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में कोयला घोटाले से जुड़े मामले में महेश कुमार अग्रवाल नाम के व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई हुई। महेश का पासपोर्ट साल 2023 में एक्सपायर हो चुका है। रांची की एनआई कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट ने उनके पासपोर्ट रिन्यू कराने पर कोई आपत्ति नहीं जताई थी।



**■ शीर्ष अदालत ने पासपोर्ट रिन्यू के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया**

# मनरेगा के लिए लड़ी थी और अब इसे खत्म करने के खिलाफ भी लड़ूंगी: सोनिया गांधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि मनरेगा की जगह नया कानून लाकर उसने गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार 11 साल से इस कानून को कमजोर करने का लगातार प्रयास करती रही है और अब उसने गरीबों के रोजगार के लिए बने इस कानून को ही खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह गरीबों को यह अधिकार दिलाने के लिए लड़ी थीं और अब इसे खत्म कर गरीबों का अधिकार छीनने के खिलाफ भी लड़ेंगी। श्रीमती गांधी ने शनिवार को यहां एक वीडियो संदेश में कहा कि मुझे आज भी याद है, -**शेष पृष्ठ दो पर**



**■ मोदी सरकार ने नया कानून लाकर गरीबों के रोजगार के अधिकार को छीना है**

### जी राम जी विधेयक का लक्ष्य इसे नए रूप में मजबूत बनाना है: मोदी

**नई दिल्ली।** विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर विपक्ष के कड़े विरोध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस विधेयक का लक्ष्य सामाजिक सुरक्षा से पीछे हटना नहीं है, बल्कि इसे नए सिरे से मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि विधेयक का लक्ष्य रोज़गार गारंटी बढाना, स्थानीय योजना को शामिल करना, मज़दूरों की सुरक्षा और खेती की उत्पादकता के बीच संतुलन बनाना और ग्रामीण आजीविका व्यवस्था को बदलना है।


## मिरगी

**घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं**

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

**मिरगी के लक्षण**

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

**मिलने का पता**

**मार्शल चिकित्सा केन्द्र**

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार लाएगी ईवी नीति

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी को स्वच्छ बनाने और प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए सरकार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति लेकर आयेगी। डॉ. पंकज ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि दिल्ली में स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए हम जनहित में इलेक्ट्रिक वाहन नीति ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार बनी तब परिवहन विभाग में मात्र 300 ईवी बसें थीं जबकि आज यह संख्या बढ़कर 3,518 हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले साल मार्च तक इसे 5,000 तक पहुंचा देंगे। पिछले साल के 80 हज़ार की तुलना में इस साल ईवी वाहनों का पंजीकरण एक लाख का आंकड़ा पार कर चुका है।

### मोदी-शाह ने दी एसएसबी को स्थापना दिवस पर बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के प्रमुख केन्द्रीय पुलिस बल सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के स्थापना दिवस पर उसके सभी जवानों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है और कर्तव्य की उनकी भावना राष्ट्र की सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ बनी हुई है। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण भूभागों से लेकर अभियानों की कठिन परिस्थितियों तक एसएसबी हमेशा सतर्क रहती है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मैं सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर इस बल से जुड़े सभी कार्मिकों को हार्दिक बधाई देता हूं। एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है।

# नगीना सांसद चंद्रशेखर को हाईकोर्ट से राहत

प्रयागराज, वार्ता




सरकार के खिलाफ नगीना अदालत में चल रहे मामले पर दिया स्टे

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नगीना(बिजनौर) के सांसद चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण के खिलाफ नगीना अदालत में विचाराधीन याचिका को स्थगित कर दिया है।

सांसद के विद्वान वकील चौधरी दिलनिसार ने नगीना अदालत में लंबित याचिका संख्या 404/2021 राज्य बनाम चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दााखिल की थी, जो भारतीय दंड संहिता संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 146/2019 में वास्ते विचारण लंबित था और इस मामले को समाप्त करने की गुहार लगाई थी।

हाईकोर्ट में एक याचिका संख्या 44704/2025 दााखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार के लगाए आरोपों के खिलाफ स्वीकार करते हुए निचली अदालत की कार्यवाही को स्थगित कर दिया और कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा दिया गया रिलीफ विधिसम्मत है। हाईकोर्ट के इस फैसले से सांसद ने राहत महसूस की है और भविष्य में न्याय की उम्मीद जाहिर की है। सांसद चंद्रशेखर ने अपने अधिवक्ता दिल निसार को मुबारकवाद दी। चौधरी दिल निसार अहमद एडवोकेट सहारनपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी जॉनिसार अहमद के पुत्र हैं।

# महिलाओं के शिक्षित होने से समाज बदला: राज्यपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



केजीएमयू के 21 वें दीक्षांत समारोह में 2431 छात्रों को डिग्रियां वितरित

**लखनऊ।** केजीएमयू के 21वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि पहले समाज में महिलाएं बहुत पीछे थीं, पढ़ने की इच्छा होने के बावजूद उन्हें पढ़ने नहीं दिया जाता था। अब महिलाओं को मौका मिला है, मैंने देखा है कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में लगभग 80 प्रतिशत अवार्ड महिलाएं अपने नाम दर्ज करती हैं। समाज में बहुत बदलाव आया है।

इस दौरान कुल 2431 स्टूडेंट्स को ऑनलाइन डिग्री प्रदान की गई। 81 मेधावियों को मेडल और अवॉर्ड्स देकर सम्मानित किया गया। इनमें कुल 48 छात्राएं और 33 छात्र शामिल रहे। समारोह में 100 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल, 7 को सिल्वर, 2 को बुक प्राइज, 3 को कैश प्राइज और 7 को सर्टिफिकेट आफ ऑनर दिया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने की। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री और यूपी भाजपा के अध्यक्ष पंकज चौधरी भी शामिल हुए। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मंच पर मौजूद रहे। कुलपति प्रो. डा. सोनिया नित्यानंद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सा को व्यवसाय नहीं सेवा समझें, सेवाभाव से ही जरूरतमंद की मदद करना है। यहां से पास होकर निकला बड़ी उपलब्धि है। आपको मानवीय संवेदना के साथ देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और सेवाभाव से पूरी करनी है। आप सभी छात्र-छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं।

### डाक्टर असंभव को संभव कर देते हैं: नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज के समय में बच्चे को अच्छी परवरिश देना माता-पिता के लिए तपस्या होती है। आप सबने अपने हुनर, तपस्या और लगन से असंभव को संभव किया है। एक रोगी को स्वस्थ बनाना चिकित्सक के ऊपर होता है, इसीलिए कहा जाता है कि चिकित्सक असंभव को भी संभव कर देते हैं। उन्होंने कहा कि केजीएमयू ने सिर्फ देश की सेवा नहीं की, बल्कि पूरी दुनिया की सेवा की है। यहां कॉर्निया ट्रांसप्लांट, लिवर ट्रांस्प्लांट, नी ट्रांस्प्लांट और अब बोनमैरो ट्रांस्प्लांट भी होता है। आपके उत्कृष्ट रिजल्ट के लिए आप सभी को ढेरों बधाई, यह स्वर्णिम क्षण है। नड्डा ने कहा कि 1950 के दशक में एक कांसेप्ट के तहत नेशनल मेडिकल काउंसिल खोला गया।

## जनता दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दो टूक

# कबूतरबाजों पर सख्त कार्रवाई करें अधिकारी

गोरखपुर, वार्ता



धोखाधड़ी करने वालों से पीड़ित का पैसा भी वापस कराकर इंसाफ दिलाएं

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि लोगों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे एजेंटों से पीड़ितों का पूरा पैसा भी वापस कराया जाए। उन्होंने विदेश भेजने के नाम पर फ्रॉड करने वालों को चिन्हित करने और उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिए।

योगी ने यह निर्देश शनिवार सुबह आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है, हर समस्या का प्रभावी निराकरण कराया जाएगा। सीएम योगी ने जनता दर्शन में आई एक महिला ने परिवार के एक सदस्य को विदेश भेजने के नाम पर एजेंट द्वारा ठगी किए जाने के मामले पर मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को एजेंट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़ित का पैसा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला को भी समझाते हुए कहा विदेश जाने के नाम पर एजेंटों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। गलत तरीके से जाने पर लोगों को वहां जेल में रहना पड़ जाता है। जनता दर्शन में आए पुलिस से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है।

मुख्यमंत्री ने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में इस बार भी कुछ लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को प्यार-दुलारकर सीएम योगी ने उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।

### अखिलेश किसी को बचा नहीं पाएंगे: मौर्य

**लखनऊ।** यूपी के कफ सिरप कोडीन मामले पर बीजेपी एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज ने बीते दिन सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ कफ सिरप मामले के आरोपी आलोक सिंह की फोटो पोस्ट की थी, जिसके बाद से ही कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं । पूरे मामले सीएम योगी ने जांच के आदेश दिए हैं, वहीं अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने भी अखिलेश पर हमला बोला है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी और माफिया एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते हैं। कोडीन कफ सिरप के पीछे जो भी दोषी होगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले में पुलिस और ईडी की जांच चल रही है, अखिलेश यादव किसी को नहीं बचा सकते हैं। कफ सिरप मामले में बीजेपी लगातार समाजवादी पार्टी पर हमलावर है। ऐसा इसलिए क्योंकि आरोपियों की तस्वीरें कई नेताओं के साथ सामने आ चुकी हैं। इस मामले में लगातार एक्शन भी लिया जा रहा है।

# हिजाब मामला: सीएम नीतीश को पश्चाताप करना चाहिए: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



विधानसभा सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के विवाद के बीच उलझा

**लखनऊ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का डाक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरण के सार्वजनिक कार्यक्रम में एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब खींचने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब बीएसपी सुप्रीमो मायावती की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विवाद को खत्म करने और पश्चाताप करने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि खासकर मंत्रियों आदि की बयानबाजी के कारण, विवाद का रूप लेकर यह लगातार तूल पकड़ता ही जा रहा है, जो दुखद व दुभाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह मामला पहली नजर में ही महिला सुरक्षा व सम्मान से जुड़ा होने के कारण माननीय मुख्यमंत्री के सीधे हस्तक्षेप से अब तक सुलझ जाना चाहिये था। मायावती ने कहा कि खासकर तब जब कई जगहों पर ऐसी अन्य वारदातें भी सुनने को मिल रही हैं। अच्छा होगा कि मुख्यमंत्री इस घटना को सही परिप्रेक्ष्य में देखते हुए इसके लिए पश्चाताप कर लें और कड़वा होते जा रहे इस विवाद को यहीं पर खत्म करने का प्रयास करें। बसपा सुप्रीमो ने उत्तर प्रदेश के बहराइच जिला पुलिस की तरफ से एक कथावाचक को सलामी दिए जाने पर उन्होंने कहा कि पुलिस परेड में स्थापित परम्परा और नियमों से हटकर एक कथावाचक को सलामी देने का मामला भी काफी बड़े विवाद में है, इसको लेकर सरकार कठघरे में है।



सेंसेक्स 85213.36
निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 192222
प्रति किलो



# सम्भल में चार हैवानों को उम्रकैद

## मासूम बेटी के सामने मां के साथ की थी दरिंदगी, शव जलाया था

शाह टाइम्स संवाददाता

सात साल बाद बेटी को मिला इंसाफ

**सम्भल।** यूपी के सम्भल जिले की अदालत ने चार हैवानों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन्होंने 7 साल पहले एक मासूम बच्ची के सामने उसकी मां के साथ गैंगरेप किया था। वारदात के बाद महिला के शव को हवन कुंड में डालकर जला दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे बहुत ही शर्मनाक और अमानवीय बताते हुए चारों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इन सभी दोषियों पर 1 लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला सम्भल के रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां 25 साल की विवाहिता अपने दो बच्चों के साथ रहती थी। उसके पति दिल्ली में मजदूरी करते थे। पुलिस ने अपनी चार्जशीट में बताया है कि 13 जुलाई 2018 की रात महावीर, कुंवरपाल, जयवीर और एक नाबालिग लड़के ने महिला के घर में जबरन घुसकर गैंगरेप किया। इस दौरान इस महिला की 7 साल की बच्ची चीखती-चिल्लाती रह गई।

जब दोषियों ने महिला को हवनकुंड में डाल दिया, तो बच्ची बेहोश हो गई थी। कुछ देर बाद बच्ची को होश आया, तो उसने अपने ममेरे भाई को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे ममेरे भाई ने बच्ची के साथ थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही उसके कपड़ों पर गिरे सीमन की डीएनए जांच कराई। इससे आरोपियों की पहचान होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने इस मामले में सभी जरूरी साक्ष्य एंव गवाहों को जुटाकर मजबूत चार्जशीट तैयार की थी। अदालत में मामले की सुनवाई 7 साल तक चली। इस दौरान विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अवधेश कुमार की कोर्ट ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर 1 लाख 12 जुर्माना भी लगाया है, हालांकि मृतका के परिजनों ने कोर्ट में सभी दोषियों के लिए फांसी की मांग की थी। कोर्ट ने अपने फैसले में जुर्माने की रकम में से 2 लाख रुपए पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया है।

# शांति विधेयक में जल्दबाजी परमाणु दायित्व पर अमेरिकी दबाव का परिणाम: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र में परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने वाले शांति विधेयक को पारित करने को परमाणु दायित्व से संबंधित नियमों पर अमेरिकी दबाव से जुड़ा करार दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026 के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम के एक हिस्से में भारत का जिक्र है जिसमें परमाणु दायित्व नियमों पर अमेरिका और भारत के बीच संयुक्त मूल्यांकन का उल्लेख किया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शांति विधेयक को लेकर सरकार की जल्दबाजी समझ आ गई है कि यह शांति विधेयक वास्तव में 'ट्रम्प विधेयक' है जिसमें रिएक्टर उपयोग और प्रबंधन वादा अधिनियम है, इस कानून का उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करना है। उनका कहना था कि संसद में इसी सप्ताह पारित शांति विधेयक, परमाणु क्षति में नागरिक दायित्व अधिनियम 2010 के प्रमुख प्रावधानों को कमजोर करता है, जिससे सुरक्षा और दायित्व पर चिंताएं पैदा होती हैं। विपक्षी दलों ने विधेयक की आलोचना करते हुए कहा कि इस विधेयक प्रावधान सुरक्षा से समझौता करने वाले हैं और निजी कंपनियों को लाभ पहुंच. ाने वाला है। उनका कहना था कि खासकर छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के लिए इस विधेयक के प्रावधान यही कहते हैं।

# चावल, चीनी और दालों में रही नरमी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए, जबकि गेहूं की कीमत स्थिर रही। चीनी और दालों में भी गिरावट देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 40 रुपये घटकर 3,827 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,858 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर लगभग स्थिर रहा। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल औसतन 93 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 73 रुपये और चना दाल की 57 रुपये घट गई। मूंग दाल में 45 रुपये और उड़द दाल में 38 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 41 रुपये और सोया तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत में तीन रुपये की वृद्धि हुई। सरसों तेल के दाम लगभग स्थिर रहे। मूंगफली तेल 75 रुपये और वनस्पति 43 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 14 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन : दाल चना 7778.81 रुपये, मसूर काली 8098.20 रुपये, मूंग दाल 10077.20 रुपये, उड़द दाल 10331.02 रुपये, तुअर दाल 10474.97 रुपये प्रति क्विंटल । अनाज : गेहूं दड़ा 2858.33 रुपये और चावल 3826.69 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3305.69 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4318.80 रुपये और गुड़ 4999.87 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17648.52 रुपये, मूंगफली तेल 17687.78 रुपये, सूरजमुखी तेल 15790.00 रुपये, सोया तेल 13770.86 रुपये, पाम ऑयल 12486.45 रुपये और वनस्पति 14454.29 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मोदी का...** शिकार हुए हैं। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। जो घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की वह कामना करते हैं। हम उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि नादिया वो भूमि है, जहां करुणा और भक्ति के स्वरूप चैतन्य प्रभु प्रकट हुए। पश्चिम बंगाल की यह भूमि बंकिम बाबू की भूमि है। ऋषि बंकिम ने वंदेमातरम के जरिये नई चेतना प्रकट की। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत की लक्ष्य की प्राप्ति में केंद्र सरकार हर देशवासी के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। सरकार ऐसी नीति बना रही है कि हर भाई-बहनों का सामर्थ्य बढ़े। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को दो बड़े हाई-वे प्रोजेक्ट मिले हैं। इससे इस क्षेत्र की कोलकाता और सिलीगुड़ी की कनेक्टिविटी बेहतर होने वाली है। मउन्होंने गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह देश का पहला प्रकृति-थीम वाला एयरपोर्ट टर्मिनल है, जिसकी थीम बांस उद्यान पर आधारित है। मोदी रविवार को असम में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे।

**मनरेगा के लिए...** 20 साल पहले डा. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अति गरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिये महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह शुरू से ही इस योजना को महत्व नहीं दे रही है और पिछले 11 साल में उसने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की जबकि कोविड के वक्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। अफसोस इस बात का है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। इस योजना से न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरूप भी बिना विचार-विमर्श, बिना किसी से सलाह-मशवरा और विपक्ष को विश्वास में लिए बिना मनमाने ढंग से बदल दिया गया। अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी। मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं। बीस साल पहले अपने गरीब भाई-बहनों को रोजगार का अधिकार दिलवाने के लिए मैं भी लड़ी थी, आज भी इस काले कानून के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरे जैसे कांग्रेस के सभी नेता और लाखों कार्यकर्ता आपके साथ खड़े हैं।

# यूपी के 21 जिलों में कोहरे और ठंड का रेड अलर्ट, बढ़ेगी सर्दी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्य कड़ाके की ठंड का कहर झेल रहे हैं, लोग ठंड से खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी उपाय अपना रहे हैं। इसी बीच मौसम विभाग की तरफ से उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में घने कोहरे और ठंड को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी से साफ जाहिर है कि आने वाले दिनों अभी और कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। प्रदेश के 21 जिलों में जबरदस्त ठंड की चेतावनी जारी की गई है। वहीं कोहरे से कई जिलों में विजिबिलिटी शून्य होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, आजमगढ़, बहराइच, श्रावस्ती, कानपुर देहात के अलावा फतेहपुर, कौशांबी और प्रयागराज में घना कोहरा होने की चेतावनी है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अगले पांच दिनों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने और कहीं- कहीं हल्के से मध्यम कोहरा होने की संभावना है। इसके अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी और पश्चिमी यूपी के कुछ स्थानों घना से अत्यंत घना कोहरा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 2 दिन तक अधिकतम तापमान राज्य में दिन के समय में बड़े उतार-चढ़ाव की संभावना है और अधिकतम तापमान, सामान्य तापमान से नीचे रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में अगले 4-5 दिनों में धीरे-धीरे लगभग 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और उसके बाद 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

### प्रयागराज में अतीक की कुर्क जमीन को बेचने के प्रयास में भूमाफिया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज मे गैंगस्टर की धारा में कुर्क की गई माफिया अतीक अहमद घी घ्मीन को भूमाफिया प्लाटिंग कर बेचने की फिराक में है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि माफिया अतीक अहमद डी अपराध से अर्जित घ्मीनो घे गैंगस्टर डी धारा मे कुर्क किया गया था। अब भू माफिया उसी घे बेचने से भी पीछे नही हट रहें। एयरपोर्ट इलाके के सिलना भिटी मे गैंगस्टर मे कुर्क करोघें घी घ्मीन पर अब न तो कुर्की का बोर्ड हैं और न ही कोई ऐसी पहचान कि जिससे पता चले घ्यि ये घ्मीन कुर्क की गई हैं। मामला घ्ब सुर्खियों मे आया तो पुलिस ने खुद वादी बन अंचला इंघ्र टेक कम्पनी के डायरेक्टर केशव सिंह और बेली निवासी खुशनुमा के खिलाफ एयरपोर्ट थाने मे शुक्रवार की देर शाम मुकदमा दर्ज कराया हैं। एफआईआर मे साफ साफ लिखा हैं कि लाभ कमाने के लिए इन लोगो नें कुर्क घ्मीन पर प्लाटिंग कर डाली, खास बात यह है कि केशव सिंह अतीक अहमद का करीबी हैं,और कुर्क घ्मीन के इस खेल मे अतीक से जुघे कई और लोग भी शामिल हैं।

### हिजाब विवाद: देश में मुसलमान होना गुनाह: सपा

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार के मुस्लिम महिला का हिजाब हटाने की कड़ी निंदा की और कहा है कि सीएम ने महिला के साथ जो किया है, वो बेहद गलत है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा नेता ने कहा कि देश में मुसलमान होना गुनाह है, देश में अब मुस्लिम बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है, उन्हें गद्दार बोला जा रहा है, देश से निकालने के लिए बोल रहे हैं। नेता ने कहा कि उन्होंने कभी ये नहीं कहा कि खान मेयर बने, बल्कि ये कहा कि एक अच्छा इंसान मेयर होना चाहिए। अबू आजमी ने कहा कि संसद में भी ईशनिंदा बिल लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वो इसके लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव से बात करेंगे।

# एएसआई विभाग की फर्जी वेबसाइड बनाकर निकाली फर्जी नौकरियां, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) में फर्जी सरकारी नौकरी के आवेदन निकालकर भोले भाले लोगों से मोटी रकम ऐंठने की को. शिश करने वाले एक सिंडिकेट के जयपुर राजस्थान के रहने वाले दो आरो. पियों कुलदीप और पीयूष को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। कुलदीप बी. कॉम, एलएल.बी. की पढ़ाई कर रहा है। जबकि पीयूष ने बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) में कर रखी है। आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, पासबुक, डेस्कटॉप कंप्यूटर, एक आईपैड और एक टैबलेट जब्त किये। पुलिस आरोपियों के बाकी सिंडिकेट के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों ने युवाओं को फंसाने के लिये शुरुआत में, मुख्य आरोपी कुलदीप ने एक वेब डेवलपर को शामिल किया और उसकी सहायता से, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्कृति मंत्रालय के नाम पर एक जाली और धोखे से प्रामाणिक दिखने वाली वेबसाइट बनाई।

फर्जी पोर्टल को एएसआई और मंत्रालय की वेबसाइटों के आधिकारिक लोगो, रंग योजना, लेआउट और प्रारूप का उपयोग करके सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया था, जिससे यह असली सरकारी साइट बन गई थी। आरोपियों ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में सरकारी रिक्तियों का विज्ञापन दिया, जिसमें क्यूरेटर के 07 पद और जूनियर असिस्टेंट के 84 पद दिखाए गए थे। इसके लिये आरोपियों ने फर्जी भर्ती पोर्टल के लिंक कॉलेज छात्रों के ग्रुप, ऑनलाइन मंचों और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म का सहारा लिया और एक ऑनलाइन एप्लीकेशन लिंक दिया। यहीं नहीं सिंडिकेट ने सर्कुलेशन और विश्वसनीयता को और बढ़ाने के लिए, आरोपियों ने कुछ छात्रों और बिचौलियों को अपने साथियों और नेटवर्क के बीच फर्जी वैकेंसी को एक्टिव रूप से बढ़ावा देने के लिए पैसे भी दिए।

इस सिस्टमैटिक सर्कुलेशन के जरिए, आरोपियों को अलग-अलग क्षेत्रों के इच्छुक उम्मीदवारों से सैकड़ों ऑनलाइन एप्लीकेशन मिले। इन आवे. दकों में से, लगभग 150 उम्मीदवारों को जानबूझकर लिखित परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। जिसमें देखा गया कि कौन सा उम्मीदवार मोटी रकम दे सकता है। उम्मीदवारों का ओर ज्यादा विश्वास जीतने के लिये आरोपियों ने जयपुर में एक प्रतिष्ठित परीक्षा केंद्र बुक किया, यह एक ऐसा स्थान था जिसका इस्तेमाल विभिन्न सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से आधिकारिक परीक्षा आयोजित करने के लिए करती थीं। लिखित परीक्षा बहुत ही प्रोफेशनल तरीके से आयोजित की गई, जिसमें बैठने की व्यवस्था, प्रश्न पत्र के प्रारूप और परीक्षा प्रोटोकॉल सहित वास्तविक सरकारी परीक्षाओं के पैटर्न, संरचना और प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया गया। बाद में आरोपियों ने करीब पचास प्रतिशत उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में सफल घोषित करने और बाद में उन्हें इंटरव्यू के लिए बुलाने की योजना बनाई थी। इंटरव्यू का अंतिम चरण होने वाला था। जिसमें चुने गए उम्मीदवारों से कथित सरकारी पदों के लिए गारंटीड क्लियरेंस और अंतिम नियुक्ति पत्र के बदले में भारी रिश्वत लेनी थी। मगर इस सिंडिकेट के बारे में स्पेशल सेल की आईएफसीओ यूनिट को पता चल गया।

## प्रदूषण को कम करने के लिए जल्द ईवी नीति लाएगी सरकार: पंकज सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद एक लाख से ज्यादा ईवी वाहनों का रजिस्टर किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार जल्द ही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पर नीति लाएगी।

डॉ. सिंह ने दिल्ली सचिवालय में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन न मिलने के बहुत से कारण हैं। पिछली सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन को सब्सिडी नहीं दी थी। हमारी सरकार वह सब्सिडी दे रही हैं लेकिन अगर पिछली सरकार सब्सिडी देती तो प्रदूषण में कमी होती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नेतृत्व में प्रदूषण को कम करने के लिए सभी जरुरी उपाय किए जा रहे हैं।

सिंह ने कहा कि जब हम सत्ता में आए, तो दिल्ली परिवहन विभाग में मात्र 300 बसें थीं; आज यह संख्या बढ़कर तीन हजार से ज्यादा हो गई है। दिल्ली सरकार बसों की संख्या मार्च 2026 तक 5,000 और नंवबर 2026 तक 7000 के पार कर देगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी न देने के वजह से इन वाहनों की संख्या में कम बढ़ोतरी हुई और आज दिल्ली वालों को प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। सिंह ने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ दिनों में एक लाख से वाहनों के पीयूसी जारी किए हैं। प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली की पूरी कैबिनेट एक साथ मिलकर काम कर रही है।

# निर्दोष राहगीरों को बनाता था निशाना, धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के पीआईए थाने के स्टाफ ने एक चाकूबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक बटन वाला चाकू बरामद किया है। आरोपी चोरी और छीनने के लिए निर्दोष राहगीरों को निशाना बनाता था। वह पीड़ितों को धमकाने के लिए चाकू का इस्तेमाल करता था।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एसीपी मधु विहार की देखरेख में एसएचओ पीआईए के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल नीरज तोमर और कांस्टेबल जतिन की टीम को इलाके में आपराधिक गतिविधियों को सक्रिय रूप से रोकने और पता लगाने के स्पष्ट निर्देशों के साथ सतर्क किया गया था। इसी बीच 18 दिसंबर को उक्त टीम ने महारा. जपुर बॉर्डर, पब्लिक टॉयलेट आनंद विहार के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। पुलिसकर्मियों को देखकर वह व्यक्ति घबरा गया और सर्विस रोड की ओर भागने की को. शिश की। सतर्कता दिखाते हुए, पुलिस टीम ने थोड़ी देर पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया। भागने की कोशिश के बारे में पूछे जाने पर, वह व्यक्ति कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। सरसरी तलाशी लेने पर उसके पास से एक बटन वाला चाकू बरामद हुआ। इसके बाद पीआईए थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। लगातार पूछताछ के दौरान,आरा. पी ने अपनी पहचान मुजाहिद / लड्डू (33) बताई। उसने बताया कि वह चाकू की नोक पर चोरी या छीना-झपटी करने के इरादे से इलाके में मौजूद था। पुलिस ने बताया कि आरोपी, शराब का आदी होने के कारण, अवैध हथियार लेकर इलाके में घूमता था। वह चोरी और छीनने के लिए निर्दोष राहगीरों को निशाना बनाता था। वह, पीड़ितों को धमकाने के लिए चाकू का इस्तेमाल करता था।

# एनडीएमसी अध्यक्ष ने किया शीत कालीन गुलाब प्रदर्शनी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपा. लिका परिषद के चेयरमैन केशव चंद्रा ने इंडिया-अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गार्डन, चाणक्यपुरी में दो दिन की 'वार्षिक गुलाब प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया।

यह मशहूर गुलाब प्रदर्शनी एनडीएमसी ने द रोज सोसाइटी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर आयोजित की है, जिसमें देश भर से गुलाब की शान, अलग-अलग तरह की कलाकारी से दिखाई जा रही है । पूरे भारत का एक बड़ा गुलाब शोकेस, एनडीएमसी के इस विंटर रोज शो में 70 से ज्यादा तरह के गुलाबों का शानदार प्रदर्शन है, जिन्हें 22 क्लास और 175 से ज्यादा सेक्शन में बांटा गया है, जिसमें भारत के अलग-अलग हिस्सों से आए भागीदारों ने लगभग 1,250 एग्जिबिट दिखाए हैं। लगभग 10 बड़े ऑर्गनाइजेशन, 200 से ज्यादा अलग-अलग एग्जिबिटर के साथ, इस गुलाब प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे हैं, जिससे यह राजधानी की सबसे वाइब्रेंट और एक बड़ी प्रदर्शनी में से एक बन गई है।एनडीएमसी की गुलाब प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद, चेयरमैन ने हरित और सौंदर्यीमयी स्मार्ट सिटी के विजन और द रोज सोसाइटी ऑफ इंडिया की कोशिशों की तारीफ की, जिन्होंने कई इंस्टीट्यूशन और दिल्ली के लोकल और बाहर के रोज के शौकीनों की सक्रिय हिस्सेदारी के साथ विंटर रोज शो को सफल आयोजित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी गुलाब प्रदर्शनी एनडीएमसी के उस विजन से मेल करती हैं, जिसमें नई दिल्ली को हरित, सौन्दर्यकारी और पर्यावरण अनुकूल से भरपूर स्मार्ट सिटी में बदलना है। चंद्रा ने गुलाब की खासियत बताते हुए कहा कि यह फूल कांटों के बीच भी खूबसूरती से खिलता है और अपनी सुंदरता और खुशबू से दिलों को मोह लेता है।



परिषद के चेयरमैन केशव चंद्राइंडिया-अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गार्डन, चाणक्यपुरी में 'वार्षिक गुलाब प्रदर्शनी' का उद्घाटन करते हुए।

## एक नजर

### आईपीयू के मेडिकल प्रोग्राम में दाखिले के लिए 22 दिसम्बर तक पंजीकरण का अवसर

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) के मेडिकल प्रोग्राम- एमबीबीएस (कोड 103) में दाखिले के लिए स्पेशल स्ट्रे राउंड की काउंसलिंग के लिए 22 दिसंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण किया सकता है। इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए जिन उम्मीदवारों ने 2500 रुपये आवेदन शुल्क के रूप में जमा कर पंजीकरण कर रखा है वे इस प्रोग्राम के लिए भरे हुए फॉर्म में रीजन, कैटेगरी, रैंक इत्यादि से संबंधित संशोधन भी 22 दिसंबर तक कर सकते हैं। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी का रैंक कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र इत्यादि भी भरे हुए फॉर्म के साथ 22 दिसंबर तक अपलोड किए जा सकते हैं। 23 दिसंबर तक इस प्रोग्राम के लिए विकल्प चयन किया जा सकता है। इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए आयोजित की गई इस स्पेशल स्ट्रे राउंड ऑनलाइन काउंसलिंग का परिणाम 26 दिसंबर को घोषित कर दिया जाएगा। इस प्रोग्राम की काउंसलिंग का परिणाम घोषित होने के बाद का शेड्यूल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर बाद में डाला जाएगा। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की दोनों वेबसाइट और पर उपलब्ध है।

### भारत मंडपम में 23वें ईवी एक्सपो 2025 का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**नई दिल्ली।** भारत के 23वें EV Expo 2025 का भव्य शुभारंभ भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया गया। यह प्रतिष्ठित आयोजन 19, 20 और 21 दिसंबर 2025 तक चलेगा और भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर एवं पर्यावरण-अनुकूल राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के प्रोटोकॉल मंत्री जतेंद्र रावल, सांसद श्री प्रवीन खंडेवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, अनुज शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। 23वें EV Expo 2025 में भारत और विदेशों की कई जानी-मानी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियाँ, स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स भाग ले रहे हैं।

### 9 कैरेट डायमंड कलेक्शन लांच किया

**नई दिल्ली।** धीरज धीर ग्रुप (लाजपतनगर) का ब्रांड धीरसंस ज्वैलर्स, जो अपनी विरासत और सदाबहार डिजाइनों के लिए जाना जाता है, ने अपने 9-कैरेट डायमंड कलेक्शन के लॉन्च की घोषणा की है। यह लॉन्च किफायती लग्जरी की दिशा में ब्रांड की एक महत्वपूर्ण पहल है। मौजूदा समय में सोने की बढ़ती कीमतों के चलते फाइन ज्वैलरी को लेकर उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में बदलाव देखा जा रहा है। ऐसे में यह कलेक्शन उत्कृष्टता, आधुनिकता और संतुलित मूल्य का समन्वय प्रस्तुत करता है। इस कलेक्शन में ईयररिंग्स, अंगूठियाँ, चूड़ियाँ, ब्रेसलेट और डायमंड सेट की विविध श्रृंखला शामिल है। इस अवसर पर धीरज धीर ग्रुप (लाजपतनगर) के डायरेक्टर, राघव धीरसंस ने कहा, "हम हमेशा से यह मानते आए हैं कि फाइन ज्वैलरी केवल बड़े पड़ावों के लिए ही नहीं, बल्कि जीवन के हर खास पल का उत्सव होनी चाहिए।

### सीएलएटी 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** लॉ प्रेप दिल्ली एनसीआर के छात्रों ने सीएलएटी 2026 परीक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष अखिल भारतीय रैंक हासिल की हैं। परीक्षा के कुछ खंड अप्रत्याशित होने के बावजूद छात्रों ने आत्मविश्वास और संतुलन के साथ परीक्षा दी, यह जानकारी आनंद शर्मा, निदेशक, लॉ प्रेप दिल्ली एनसीआर ने दी। परीक्षा मुख्यत: सामान्य ज्ञान आधारित रही, जिसका प्रभाव लीगल सेक्शन में भी देखने को मिला, ऐसा कहना है प्रियाम रस्तोगी, निदेशक एवं जीके मेंटर का। वहीं, एकलव्य मरे, निदेशक, लॉ प्रेप दिल्ली एनसीआर ने कहा कि CLAT जैसी योग्यता आधारित परीक्षा में तनाव को संभालने की क्षमता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

## ऑटो-लिफ्टर्स गैंग का भंडाफोड़ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के कोतवाली, थाने की टीम ने ऑटो-लिफ्टर्स के गैंग का भंडाफोड़ कर दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से पांच चोरी के वाहन और अपराध में इस्तेमाल ऑटो जब्त किया है। आरोपी चोरी के वाहनों को संभल में अलग-अलग कबाड़ डीलरों को बेचते थे।पुलिस ने आरो. पियों को गिरफ्तार कर मोटर वाहन चोरी के कुल पांच मामलो को सुलझा लिया है।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बाठिया ने बताया कि 06 दिसंबर को एक शिकायतकर्ता ने कोतवाली थाने के तहत एक ऑनलाइन ई-एफआईआर न दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि वह स्थानीय बाजारों में कागज सप्लाई का काम करता है। 06.दिसंबर की सुबह लगभग 5 बजे, उसने अपनी महिंद्रा पिक-अप वैन परेड ग्राउंड रोड, रेड-फोर्ट पर पार्क की थी और लगभग एक घंटे बाद सुबह 6 बजे, जब उसने चेक किया, तो वह चोरी हो गई थी।इसके बाद एसीपी कोतवाली शंकर बनर्जी की देखरेख में एसएचओ कोतवाली जतन सिंह के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने घटना स्थल और आसपास लगे कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच और विश्लेषण के बाद पुल प्रहलादपुर में मोनिश (22) को अपराध में इस्तेमाल किए गए ऑटो के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने उसकी निशानदेही पर,उसके साथी,शाकिब,(24) को भी बवाना इंडस्ट्रियल एरिया से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी मोनिश ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वह अपनी कमाई से खुश नहीं था।

# दिल्ली वालों में ईवी अपनाने की रफ्तार में आई तेजी : डॉ. पंकज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य और परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली सचिवालय में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी सरकार के वायु प्रदूषण से निपटने के लिए बहुआयामी (मल्टी-प्रॉन्ग) और सामूहिक प्रयास के बारे में विस्तार से बताया। जिसमें दिल्ली के प्रत्येक नागरिकों की सुरक्षा के लिए स्ट्रक्चरल ट्रांसपोर्ट सुधारों को मजबूत पब्लिक हेल्थ तैयारियों के साथ जोड़ा गया है।

दिल्ली परिवहन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार के लगातार पॉलिसी एक्शन और सख्त कार्रवाई से अब जमीनी स्तर पर असर साफ तौर पर दिखाई देने लगा हैं। राजधानी दिल्ली के जिन इलाकों में पहले प्रदूषण का स्तर लगातार बहुत ज्यादा बढ़ जाता था और इमरजेंसी जैसे हालत पैदा हो जाते थे, वहां दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व और हमारी सरकार के लगातार प्रयास से अब हालात सामान्य होते दिखाई दे रहे हैं।

ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण का दिल्ली के कुल प्रदूषण में लगभग 20-25 फीसदी का योगदान अनुमानित है, इसलिए ग्रीन और क्लीन मोबिलिटी हमारी सरकार की रणनीति का सबसे अहम हिस्सा है।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए हमारी सरकार सामूहिक प्रयास के जरिए इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने में बढ़ोतरी करने में जुटी है। पिछले साल जहां दिल्ली में लगभग 80 हजार ईवी रजिस्ट्रेशन हुए थे, वहीं हमारी सरकार बनने के बाद फरवरी 2025 से लेकर अब तक 10 महीनों में एक लाख से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों के रजिस्टर हो चुके हैं और अभी साल खत्म नहीं हुआ है।

परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पिछली सरकार के दौरान ईवी सब्सिडी लागू करने में खामियों के चलते ईवी अपनाने की गति राजधानी दिल्ली में बेहद धीमी हो गई थी। पिछली सरकार के कार्यकाल में ईवी खरीदने वालों के लिए के लिए सब्सिडी देने का वादा किया गया था, लेकिन समय पर नहीं दिया गया, जिससे ईवी खरीदने वाले लोगों का भरोसा टूटने लगा था।

# आवासीय कॉलोनियों में भी होंगे चार्जिंग स्टेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार ईवी पॉलिसी के बुनियादी ढांचे को लेकर 'सिंगल विंडो' सुविधा और नेटवर्क विस्तार पर जोर दे रही है।

इसके तहत प्रमुख सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ अब आवासीय कॉलोनियों के पास भी सार्वजनिक चार्जिंग पॉइंट स्थापित किए जाएंगे। साथ ही पुरानी बैटरियों के वैज्ञानिक तरीके से निपटान और बैटरी स्वैपिंग (बदलने) की सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि चार्जिंग के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वाहन मालिकों को इलेक्ट्रिक माध्यम पर जाने के लिए पर्याप्त और उचित समय दिया जाएगा।मुख्यमंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंचों पर बार-बार भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है कि देश को 2070 तक 'नेट जीरो' उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करना है। प्रधानमंत्री का मानना है कि इलेक्ट्रिक वाहन केवल प्रदूषण रोकने का माध्यम नहीं, बल्कि नए भारत की प्रगति का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री का यह भी कहना है कि परिवहन का विद्युतीकरण न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि भारत को कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता से भी मुक्त करेगा और युवाओं के लिए हरित रोजगार के लाखों अवसर पैदा करेगा।

# नौकर ने ही उड़ाए 40 लाख, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के पंजाबी बाग थाना क्षेत्र में घरेलू नौकर द्वारा 40 लाख रुपये की नकद चोरी का मामला सामने आया है।

पुलिस ने इस मामले को सुलझाते हुए मुख्य आरोपित समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 36.05 लाख रुपये नकद और चोरी की रकम से खरीदे गए महंगे जूते व कपड़े बरामद किए हैं। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर ने शनिवार को बताया कि 29 नवंबर को पंजाबी बाग थाने को शिकायत मिली थी कि घर में काम करने वाला नौकर नकद 40 लाख रुपये चोरी कर फरार हो गया है। इस संबंध में 30 नवंबर को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर संजय दहिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच के दौरान घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। शुरुआती फुटेज में नौकर ध्रुव घर से खाली हाथ निकलता हुआ दिखाई दिया, लेकिन आगे की जांच में सामने आया कि वह अपने दो साथियों जतीन और शिवम के साथ घूमता नजर आया, जिनमें से एक के पास काले रंग का बैग था।

# अलका लांबा के खिलाफ आरोप तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस नेता अलका लांबा के खिलाफ महिला आरक्षण प्रदर्शन केस में आरोप तय कर दिए हैं। अदालत ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अलका लांबा के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है।


दरअसल, यह मामला 2024 लोकसभा चुनाव से पहले जंतर-मंतर पर किए गए एक प्रदर्शन से जुड़ा है, जिसमें अलका लांबा और उनके समर्थकों ने महिला आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर विरोध जताया था। इसी विरोध-प्रदर्शन के दौरान उन पर कई आरोप लगे थे। जानकारी के अनुसार, अलका लांबा पर सरकारी कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की करने, उनके काम में बाधा डालने, कानूनी आदेश की अवहेलना करने और सार्वजनिक रास्ता रोकने जैसे आरोप हैं। इन आरोपों के लिए अब उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 132, 221, 223(ए) और 285 के तहत मुकदमा चलेगा।

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को बताया कि कांग्रेस नेता अलका लांबा ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया, पुलिस की ड्यूटी में बाधा डाली और सड़क जाम कराया। दूसरी तरफ, बचाव पक्ष ने कोर्ट को बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण था और किसी भी पुलिसकर्मी को चोट लगने का कोई मेडिकल रिकॉर्ड नहीं है। कोर्ट ने दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद आरोप तय किए। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि अलका लांबा के खिलाफ सेक्शन 132/221/ 223 (ए)/285 बीएनएस के तहत दंडनीय अपराधों के लिए प्रथम दृष्टया मामला बनता है। आरोपी के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया जाता है। आरोपी की ओर से कार्यवाही को खत्म करने/खारिज करने के लिए दायर की गई अर्जी को खारिज किया जाता है और उसका निपटारा किया जाता है।

कांग्रेस नेता अलका लांबा ने अपने खिलाफ दर्ज केस से छुटकारे के लिए डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की थी, लेकिन राऊज एवेन्यू कोर्ट ने इस अर्जी को खारिज कर दिया। बता दें कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस महिला आरक्षण बिल को लागू करने की मांग उठा रही थी। इसी क्रम में अलका लांबा ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था, जिसके दौरान कथित रूप से सरकारी कामकाज में व्यवधान उत्पन्न हुआ।

# लीगल एज की गीताली गुप्ता ने CLAT2026 में AIR 1 हासिल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (CLAT 2026) के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। देश के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (NLU) में प्रवेश के लिए आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में एक बार फिर भोपाल मुख्यालय वाले (Bhopal & headquartered) संस्थान 'टॉपर्स रैंकर्स- लीगल एज' (Legal Edge by Topranker) के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जारी परिणामों के अनुसार, अखिल भारतीय स्तर पर शीर्ष तीन स्थानों (All India Rank 1, 2, and 3) पर इसी संस्थान के छात्रों ने जगह बनाई है। यह पिछले 6 वर्षों में चौथा अवसर है जब इस संस्थान के छात्रों ने शीर्ष तीनों रैंक (Clean Sweep) हासिल की हैं।

संस्थान द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, टॉप 10 में उनके 7 छात्र और टॉप 100 में 51 छात्र शामिल हैं, जो इस परीक्षा में संस्थान की मजबूत पकड़ को दर्शाता है। केवल लीगल एज से मिली मार्गदर्शन AIR 1 गीताली राजस्थान के श्री गंगानगर की रहने वाली गीताली गुप्ता ने AIR 1 हासिल की है। अपनी सफलता पर सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए गीताली ने कहा, मेरे माता-पिता ने मुझे बचपन से अनुशासन सिखाया, और लीगल एज के 'वॉरियर्स गोल्ड बैच' ने उस अनुशासन को सही दिशा दी।

## नेटवर्क टू अबंडन्स 2025 का समापन

**नई दिल्ली।** बीएनआई एन ई डब्ल्यू दिल्ली द्वारा आयोजित TAP– नेटवर्क टू अबंडन्स 2025 का चौथा संस्करण 19 और 20 दिसंबर 2025 को यशोभूमि (आईआईसीसी), द्वारका में भव्य सफलता के साथ संपन्न हुआ। यह दो दिवसीय आयोजन भारत के सबसे बड़े और प्रभावशाली बिजनेस नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म्स में से एक के रूप में उभरा। इस अवसर पर 29 बीएनआई क्षेत्रों से 300 से अधिक प्रदर्शकों और सदस्यों की भागीदारी रही, वहीं 8,000 से अधिक आगंतुकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति मंत्री, भारत सरकार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। अपने संबोधन में उन्होंने उद्यमिता, सहयोग और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क्स की भूमिका को रेखांकित किया।कार्यक्रम की सफलता पर बोलते हुए, बीएनआई इंडिया के डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर और बीएनआई एन ई डब्ल्यू दिल्ली के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, सुनील के. ने कहा, TAP – नेटवर्क टू अबंडन्स 2025 इस बात का जीवंत उदाहरण है कि जब उद्यमी प्रतिस्पर्धा के बजाय सहयोग को प्राथमिकता देते हैं, तो क्या-क्या संभव हो सकता है।

# अपराध शाखा ने किया कुख्यात अंतर्राज्यीय चोर को गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कुख्यात अंतर-राज्यीय चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई एक कार और एक चोरी का मोबाइल बरामद किया गया है।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चार अंतर-राज्यीय मामलो को सुलझा लिया है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने बताया कि अंतर-राज्यीय चोरियों की घटना को देखते हुए एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर दलीप कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच,तकनीकी निगरानी और मानव खुफिया जानकारी के आधार पर एक कुख्यात चोर अमित गुप्ता (40) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसके पास से अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई एक कार और एक चोरी का मोबाइल बरामद किया गया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चार अंतर-राज्यीय मामलो को सुलझा लिया है। कोर्ट द्वारा उसके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट जारी किया था।पुलिस ने बताया कि आरोपी एक शातिर अपराधी है जिसका चोरी और एनडीपीएस अपराधों से जुड़े 13 मामलों का इतिहास रहा है। वह अपने साथियों - राहुल, फैजान और जयचंद / लल्लन - के गैंग के साथ काम करता है, जो कीमती सामान चुराने के लिए घरों में घुसते थे।बाकी गैंग के सदस्यों को पकड़ने, चोरी की अन्य संपत्ति बरामद करने के प्रयास जारी है।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सुमन ट्रेडर्स पर जांच के लिए पहुंची जीएसटी टीम

**मीरापुर।** कस्बे की घास मंडी स्थित एक गुटखा व्यापारी के प्रतिष्ठान पर राज्य कर प्रवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश (जीएसटी) की टीम जांच-पड़ताल के लिए पहुंची, लेकिन अधिकारियों के पहुंचते ही व्यापारी दुकान बंद कर मौके से फरार हो गया। जीएसटी टीम के कस्बे में पहुंचने की सूचना मिलते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया और कई दुकानदारों ने एहतियातन अपनी-अपनी दुकानें बंद कर दीं, जिससे बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

राज्य कर प्रवर्तन विभाग के डिप्टी कमिश्नर मनोज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जीएसटी की टीम कस्बे के चर्चित गुटखा व्यापारी सुमन ट्रेडर्स पर जांच के उद्देश्य से लगभग दोपहर एक बजे पहुंची। बताया गया कि टीम के पहुंचते ही व्यापारी ने जल्दबाजी में दुकान बंद कर दी और वहां से नरार हो गया। इसके बाद अधिकारियों ने व्यापारी के अधिवक्ता से संपर्क किया और स्पष्ट किया कि यदि प्रतिष्ठान नहीं खोला गया तो नियमानुसार दुकान को सील कर दिया जाएगा। अधिकारियों की चेतावनी के बाद करीब शाम चार बजे व्यापारी ने अपना प्रतिष्ठान खोला, जिसके बाद जीएसटी टीम ने जांच कार्य शुरू किया। जांच के दौरान सामने आया कि व्यापारी का माल कस्बे में स्थित दो अलग-अलग गोदामों में रखा हुआ है। इसी कारण जांच प्रक्रिया देर रात तक चलती रही।

टीम ने दस्तावेजों, स्टॉक रजिस्टर और अन्य संबंधी रिकॉर्ड्स की गहनता से पड़ताल की। जीएसटी टीम में राज्य कर अधिकारी संतोष शर्मा, असिस्टेंट कमिश्नर योगेंद्र प्रसाद सिंह एवं राजेंद्र शर्मा भी शामिल रहे। डिप्टी कमिश्नर मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी जनपद स्तर पर साझा की जाएगी और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी की इस कार्रवाई से कस्बे के व्यापारियों में दहशत का माहौल बना रहा। दिनभर बाजार में सन्नाटा पसरा रहा और व्यापारी आपस में इस कार्रवाई को लेकर चर्चा करते नजर आए। अधिकारियों की इस छापेमारी को कर चोरी पर सख्ती के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## शूटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर स्थित द्रोणाचार्य शूटिंग अकादमी में विद्यार्थियों की शूटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अंडर-14 एवं अंडर-16 आयु वर्ग में आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में खेल भावना और आत्मविश्वास देखने को मिला।अंडर-16 वर्ग में शौर्य राणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं अंडर-14 वर्ग में रिहान ने उत्कृष्ट निशानेबाजी का परिचय देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वीरभद्र ने द्वितीय और युवराज सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 गर्ल्स वर्ग में जसप्रीत कौर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शौर्य राणा एवं जसप्रीत कौर को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'चैंपियंस अॉफ द चैंपियंस' के खिताब से सम्मानित किया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर शूटिंग कोच तापेन्द्र सिंह, विद्यालय के डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत एवं अकादमी डायरेक्टर सचिन शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करना और शूटिंग खेल के प्रति रुचि बढ़ाना रहा।

# संपत्ति विवाद में महिला का आत्मदाह का प्रयास, तहसील में मचा हड़कंप

**शाहटाइम्स सवाददाता**

**खतौली।** पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो सगी बहनों के बीच चल रहे विवाद ने शनिवार को उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब एक महिला ने तहसील परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया। अचानक हुई इस घटना से तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को काबू में लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मामला थाना मंसूरपुर क्षेत्र का बताया जा रहा है। बसधरा गांव क्षेत्र निवासी महिला का आरोप है कि उसकी बहन ने पिता की संपत्ति में उसे हिस्सा दिए बिना ही अवैध रूप से बैनामा करा लिया। इसी को लेकर वह न्याय की गुहार लगाने तहसील पहुंची थी। नायब तहसीलदार कार्यालय के बाहर महिला ने जमकर हंगामा किया और खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों और अधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर महिला को सुरक्षित किया। इसके बाद महिला को शांत कर उसकी शिकायत सुनी गई। प्रशासन की ओर से मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। फिलहाल महिला सुरक्षित है और घटना को लेकर तहसील परिसर में काफी देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस को भी पूरे प्रकरण से अवगत करा दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अपहर्त किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**मोरना।** क्षेत्र के गांव निवासी नाबालिग को गैर जनपद निवासी युवक बहका कर अपहरण कर ले गया था।किशोरी अपने साथ नकदी व आभूषण भी ले गयी थी परिजनों ने पीड़िता को बरामद करने की मांग पुलिस से की थी। पुलिस ने आरोपी युवक सहित उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद कर लिया। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी व्यक्ति ने बताया था की बीते गुरुवार दोपहर बाद उसकी 15 वर्षीय पुत्री को गैर जनपद निवासी युवक बहका कर अपहरण कर ले गया।पुत्री घर में रखे 27 हजार रूपये व सोने चांदी के जेवरात भी ले गयी। परिजनों ने पुलिस से किशोरी की बरामदगी की मांग की।पुलिस ने आरोपी समीर निवासी मवाना व उसके साथी शौकत तथा शबाब निवासी तेवड़ा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया

### 34 शिकायतें में 3 का मौके पर ही निस्तारण

**बुढ़ाना।** संपूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी उमेश मिश्रा और जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा पहुंचे। मुजफ्फरनगर जिले के दोनों ही आला अधिकारियों की अध्यक्षता में कुल 34 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से मात्र 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया बाकी सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एक सप्ताह के भीतर शिकायतों को निस्तारित करने के लिए कहा। फुगाना के ग्रामीणों ने तालाब के बीच में नाला निर्माण को लेकर डीएम को शिकायत की। ग्रामीणों का कहना था कि तालाब के चारों तरफ अवैध निर्माण हो रहा है और तालाब के बीच से नाला निकाला जा रहा है। जिसके चलते तालाब में जाने वाला गंदा पानी गांव के किसानों की जमीनों में घुस गया है। जिससे 400 से 500 बीघा फसल बर्बाद होने के कगार पर है। तब डीएम ने तहसीलदार को कार्यवाही के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में राशन कार्ड, भूमि विवाद, नगर पंचायत, महिला अपराध, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, पेंशन, विद्युत विभाग और सड़क संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। यहां पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया, एसडीएम अपूर्वा यादव, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, तहस. ीलदार महेंद्र सिंह यादव, बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री और कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार आदि अधिकारी मौजूद थे।

### ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**तितावी।** ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम रतन बालियान व ब्लॉक अध्यक्ष क्षितिज कुमार नेगी, मूलराज शर्मा,पूजा शर्मा,देवराज मलिक,तुष्य भूषण,हरिमनेश,मुकेश कुमार वर्मा आदि के अलावा अपनी पूरी टीम के साथ क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी बघरा एस भारती के साथ कबूतरों को उडाते हुए। ब्लॉक बघरा के परिषदीय विद्यालयों की क्रीड़ा प्रतियोगिता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय वार्षिक क्रीडा कार्यक्रम में विभिन्न इवेंट्स में सहयोगात्मक भाग लेते हुए और क्रीड़ा प्रतियोगिता के सहयोग में टीम भावना के साथ उपस्थित रहे। भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष व पूरी टीम का खंड शिक्षा अधिकारी एस कुमार भारती ने हृदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भाकियू शिक्षक प्रकोष्ठ बीएसए से मिला

**तितावी।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के पदा. धिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह व जिला अध्यक्ष राम रतन व महामंत्री अमित कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय से मिले और उनको चयन वेतनमान प्रोन्नत वेतनमान जैसी शिक्षकों की विकट समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने सकारात्मक रूप अपनाते हुए आश्वासन दिया कि एक माह के अंदर अंदर भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।आज की शिष्टाचार भेंट के उपरांत मिले आश्वासन से संतुष्ट होकर भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियो ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की आप अपने वायदे के अनुसार समय से सभी समस्याओं का समाधान कर देंगे। भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह जिला अध्यक्ष राम रतन महामंत्री अमित कुमार शर्मा सुधीर कुमार पोरिया मोहम्मद उस्मान मुकेश कुमार वर्मा अखलाक अहमद रियाज उल हसन विवेक कुमार जैनपंकज कुमार शर्मा सपना ब्लॉक अध्यक्ष सदर क्षितिज कुमार नेगी ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष बघरा अनिल कुमार मित्तल रोहित कुमार लो. केश कुमार मनीषा बालियान मीरा मालिक जैबा सादिक मोहम्मद मुस्तफा आदि का विशेष सहयोग रहा

### अधिवक्ताओं ने निधन पर जताया गहरा दुख

**बुढ़ाना।** सीनियर अधिवक्ता के भाई के निधन पर यहां के अधिवक्ताओं ने एक शोक सभा करने के दौरान गहरा दुख व्यक्त कर काम काज भी बंद रखा और मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी धारण किया। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अधिवक्ताओं की एक आपातकालीन बैठक शनिवार की बार कार्यालय पर आयोजित को गयी। जिसमे सीनियर अधिवक्ता हर्ष स्वरूप वर्मा के छोटे भाई जो कि हिमाचल प्रदेश में रहकर अपना कारोबार करते थे उनका वहीं पर दुखद निधन हो गया। अधिवक्ताओं ने कहा भगवान दिवंगत आत्मा को स्वर्ग में स्थान दे तथा दुखी परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस दौरान मुख्य रुप से बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, महासचिव ओमपाल सिंह मलिक, पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, एसपी मलिक, संजय त्यागी, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, अलीम सिद्दीकी, प्रशांत शर्मा, रविंद्र कुमार, शौ सिंह राणा, शाहनवाज कुरैशी, हरबीर सिंह, महराज कुरैशी आदि मौजूद थे।

### सड़क पर खडे बिजली के खम्बे हटाने को किया प्रदर्शन

**मोरना।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव मीरांवाला मे मोरना –दरियापुर राजबाह पटरी मार्ग पर शनिवार को खरपोड़ व दरियापुर मीरांवाला के ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए बताया की सड़क के चौड़ीकरण का कार्य जारी है। बाधा बने बिजली के खम्बो के कारण सड़क निर्माण का कार्य भी बंद हो गया है। वहीं सुबह सवेरे गन्ने से भरे ट्रेक्टर ट्राली से बचते समय बाइक सवार एक युवक राज बाहे में जा गिरा।आसपास काम कर रहे किसानों से उसे रजवाहे से बाहर निकाला। जिसके बाद मीरावाला प्रधान डॉ संजय, तेजपाल, तेजवीर चौहान, मिंटू, देवेंद्र, सत्येंद्र, सुमित कुमार, जितेंद्र, खरपौड़ गांव निवासी सोनू डायरेक्टर, अर्जुन, जयवीर, अजय, मनोज, महेंद्र तथा दरियापुर निवासी किसान लीलू सिंह, अरुण, बबलू, सुरेंद्र, राज सिंह, हरेंद्र मौके पर पहुंचे तथा मार्ग से खंभे हटवाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण विद्युत विभाग से अनेक बार खंभे हटवाने की मांग कर चुके हैं। किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही। इन खम्बो से कोई हादसा हो सकता है।

### लकड़ी के चलते ग्लेंडर में छात्र का हाथ कटा

**बुढ़ाना/सिसौली।** कस्बा सिसौली में स्थित शिक्षण संस्था सार्थक पब्लिक स्कूल में कक्षा एक के छात्र का स्कूल में चल रहे कार्य के दौरान लकड़ी काटने वाले ग्लेंडर से हाथ कट गया। जिसमें हाथ के चीथडे चीथड़े हो गये। अत्यधिक खून बहने से छात्र मौके पर ही बेहोश हो गया तो स्कूल में जबरदस्त हडकम्प मच गया। उधर स्कूल के संचालक व स्टाफ के लोग इस हृदय विदारक मामले को दबाने के प्रयास में लगे हैं। स्कूली छात्र आदि को अब शामली के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। परिजनों का भी रो रोकर बुरा हाल था और पुलिस भी हस्पताल में पहुंच गयी थी।

# परिजनों को नशीली चाय देकर युवती कथित डाक्टर के साथ फरार

**मुजफ्फरनगर।**थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के मिमलाना रोड स्थित एक कालोनी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। क्षेत्र में रहने वाले दो अलग-अलग परिवारों के कुछ सदस्य शनिवार सुबह अपने घरों में अचेत अवस्था में पड़े मिले। लोगों द्वारा उन्हें नींबू पानी पिलाने के बाद होश में लाया गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, दोनों परिवारों के सदस्यों को रात के समय चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया, जिसके कारण वे काफी देर तक बेहोशी की हालत में रहे। इसी दौरान एक परिवार की युवती तथा पास ही रहने वाले एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता पाए गए। घटना की सूचना 112 डायल पर दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। घटना से संबंधित नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने का आरोप थाना भोपा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर जा रहा हैं,जो खुद को डॉक्टर बताता था। घटना के बाद से उसका मोहल्ले का क्लीनिक बंद है और वह भी फरार हैं। बताया जा रहा है कि नशा दिए जाने से प्रभावित परिवार के सदस्यों की हालत अभी भी सामान्य नहीं है। वहीं,परिजन और रिश्तेदार लापता युवक-युवती की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को नशीला पदार्थ देना बेहद शर्मनाक और खतरनाक है, जिससे उनकी जान भी जा सकती थी। फिलहाल कोतवाली नगर पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा फरार युवक और लापता युवक-युवती को तलाश रही है।

# पंचसितारा संस्कृति,नैतिकता से दूर हो रही युवा पीढ़ी : मुनि प्रतीक सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।**कस्बे के पीसनोपाड़ा स्थित जैन मंदिर में पत्रकारों से संवाद करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के राजकीय अतिथि क्रांतिवीर मुनि श्री 108 प्रतीक सागर जी महाराज एवं मुनि श्री अनुशासन सागर जी महाराज ने कहा कि भारत की मूल संस्कृति त्याग, तपस्या और संयम पर आधारित रही है, लेकिन पंचसितारा संस्कृति और बढ़ते पाश्चात्य प्रभाव के चलते आज की युवा पीढ़ी नैतिक मूल्यों से दूर होती जा रही है। इसका सीधा प्रभाव परिवार और समाज की एकता पर पड़ रहा है। मुनि श्री प्रतीक सागर महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कार लूटने की नहीं, बल्कि लुटा देने की भावना सिखाते हैं। यदि भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, गौतम बुद्ध और भगवान महावीर जैसे महापुरुषों को भारत के इतिहास से अलग कर दिया जाए, तो इतिहास केवल कागजों का पुलिंदा बनकर रह जाएगा। उन्होंने जाति और संप्रदाय की संकीर्णता को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए कहा कि इसी कारण सामाजिक और राष्ट्रीय सौहार्द कमजोर हो रहा है।

उन्होंने शिक्षा और विद्या के अंतर को रेखांकित करते हुए कहा कि आज माता-पिता बच्चों को शिक्षित तो कर रहे हैं, लेकिन विद्या-संपन्न नहीं बना पा रहे। शिक्षा तोड़ना सिखाती है, जबकि विद्या जोड़ने का कार्य करती है। यही दोनों के बीच मूल अंतर है। मुनि श्री ने प्राचीन गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुकुलों में शिक्षा के साथ-साथ प्रेम, भाईचारा, सद्भाव और मातृभूमि के प्रति त्याग की भावना विकसित होती थी। मुनि श्री ने कहा कि चंद्रगुप्त मौर्य और महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों ने भारत की अस्मिता की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान कर देश को समृद्ध बनाया।

उन्होंने चिंता जताई कि आज की युवा पीढ़ी गूगल पर तो विश्वास करती है, लेकिन गुरु पर भरोसा नहीं करती, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान सादा जीवन और उच्च विचार रही है, जिसे पुनः स्थापित करना समय की आवश्यकता है। खान-पान में बदलाव के साथ आचार-विचार भी बदलता है, इसलिए जीवन में मर्यादा और शालीनता बनाए रखना जरूरी है। मुनि श्री ने स्पष्ट किया कि भारत पहले से ही हिंदू राष्ट्र है, इसे हिंदू राष्ट्र बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि धन प्रगति का पैमाना नहीं, बल्कि संस्कार ही वास्तविक प्रगति का आधार हैं। इसके साथ ही देश में संचालित कत्लखानों को लेकर सरकार के दोहरे मापदंडों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने नीति में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष राजकुमार जैन, प्रवीण जैन, सुरेंद्र जैन, कुलदीप जैन, अंकित जैन, सुनील जैन, सुजल जैन, पारस जैन, राकेश जैन, दीपक जैन, पीयूष जैन, सुनील सराफ, अतुल जैन, आलोक जैन, शैली जैन, सुनीता जैन, निधि जैन, रूबी जैन, त्रिशला जैन, रश्मि जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# समस्त 17 वार्डों के अध्यक्ष किए गए घोषित

**बुढ़ाना।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के नगर अध्यक्ष काजी फहीम उस्मानी ने आज शनिवार के दिन नगर पंचायत बुढ़ाना के सभी 17 वार्डों के नये अध्यक्षों की घोषणा कर दी है।

जिसमें उन्होंने वार्ड नंबर एक का नया अध्यक्ष फैजल इस्लाम, वार्ड नंबर दो का नया अध्यक्ष समीर अब्बासी, वार्ड नंबर तीन का नया अध्यक्ष सलीम अहमद, वार्ड नंबर चार का नया अध्यक्ष ताहिर उर्फ मुन्ना, वार्ड नंबर पांच का नया अध्यक्ष जुनैद शेख, वार्ड नंबर छह का नया अध्यक्ष सादिक उर्फ कल्लन, वार्ड नंबर सात का नया अध्यक्ष हाजी सलीम, वार्ड नंबर आठ का नया अध्यक्ष राशिद राणा, वार्ड नंबर नौ का नया अध्यक्ष सानू अब्बासी, वार्ड नंबर दस का नया अध्यक्ष जुनैद सिद्दीकी, वार्ड नंबर ग्यारह का नया अध्यक्ष हाफिज कलीम, वार्ड नंबर बारह का नया अध्यक्ष सै"यद मुस्तकीम, वार्ड नंबर तेरह का नया अध्यक्ष जीशान कुरैशी, वार्ड नंबर चौदह का नया अध्यक्ष भूरा पहलवान, वार्ड नंबर 15 का नया अध्यक्ष आमिर रंगरेज, वार्ड नंबर सोलह का नया अध्यक्ष वसीम कुरेशी और वार्ड नंबर सत्रह का नया अध्यक्ष हाजी नदीम को बनाया गया है। इन सभी नये अध्यक्षों को नगर अध्यक्ष काजी फहीम उस्मानी के द्वारा दस दिन के भीतर भीतर अपने अपने वार्डों की पूरी कार्यकारिणी को गठित करने के निर्देश दिए गये हैं।

## स्कूल समय परिवर्तन पर आदेश हवा हवाई

**बुढ़ाना।** घने कोहरे के साथ कड़ाके की सर्दी की दोहरी मार शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने अत्यधिक घने कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है साथ ही शीत दिवस की भी चेतावनी जारी की गई है। संभावना जताई गई है कि 22 दिसंबर तक कमोबेश ऐसा ही मौसम रहने वाला है। इसी बीच कस्बे और क्षेत्र के कुछ स्कूल संचालक डीएम के दिशा निर्देशों को दरकिनार करते हुए तयशुदा समय से पहले भी स्कूल खोलकर बच्चों का मानसिक और शारिरिक उत्पीड़न कर रहे हैं।

ऐसे मौसम में अगर बच्चे को ठंड लग जाए तो फिर ईश्वर ही मालिक है। कुछ स्कूलों के संचालक अपनी मनमानी करते हुए मासूम बच्चों को नौ बजे से भी पहले स्कूल में बुलवा रहे हैं जबकि स्कूलों के खुलने का समय सुबह दस बजे है और आज तो सूरज भी नहीं निकला लेकिन स्कूल संचालकों के द्वारा इसके बावजूद भी डीएम के आदेशों को दरकिनार कर समय से पहले ही स्कूलों को खोलकर ना जाने क्या साबित किया जा रहा है। क्या संबंधित अधिकारी इस और ध्यान देंगे या फिर किसी दुर्घटना का इंतजार करने के बाद ही जागेंगे।

# युवा अनंत जैन को पुणे में मिला विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर के हाथों गोल्ड मेडल

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद के होनह. ार युवा अनंत जैन ने जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है। अनन्त जैन को सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे के दीक्षांत समारोह में विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर के हाथों मास्टर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन द्ध एमबीएत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्वर्ण पदक द्धगोल्ड मेडलत्र से सम्मानित किया गया है। अनंत जैन शहर के प्रतिष्ठित सीए अजय जैन के बेटे हैं।



महाराष्ट्र के प्रसिद्ध शहर पुणे में आयोजित विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भारत सरकार के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त कर अनंत जैन ने मुजफ्फरनगर का नाम पूरे देश में रोशन किया है। अत्यंत प्रतिभाशाली युवा अनन्त जैन ने अपनी उच्च शिक्षा दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी द्ध डीटीयूत्र से इंजीनियरिंग में पूर्ण की तथा इसके उपरांत माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में कार्य किया। यद्यपि उनका झुकाव प्रारंभ से ही व्यवसाय प्रबंधन के क्षेत्र की ओर रहा, जिसके कारण उन्होंने प्रबंधन शिक्षा का मार्ग चुना और उसमें उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। अनन्त जैन, जिले के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट अजय जैन एवं श्रीमती शालिनी जैन के सुपुत्र हैं। वे बचपन से ही परिश्रमी, अनुशासित एवं मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे मुज़फ्फरनगर जनपद में हर्ष और गर्व का वातावरण है। उद्यमी समा. जसेवी भीमसेन कंसल, मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज पूंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा आदि ने अनंत जैन की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# इण्डियन पोटाश लिमिटेड, डिस्टलरी यूनिट, रोहाना मिल में आपातकालीन मॉक ड्रिल का सफल रिहर्सल

**मुज़फ्फरनगर।** रोहाना स्थित इण्डियन पोटाश लिमिटेड, डिस्टलरी यूनिट में एथनोल से होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं के नियन्त्रण की प्रक्रिया के सन्दर्भ में ऑन साइट इमरजेन्सी प्लान की रिहर्सल मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। ऐसी स्थिति में प्लांट के कर्मचारियों को सम्भावित जान-माल की हानि रोकने के लिए प्रशासन से तुरन्त सहायता उपलब्ध कराने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कारखाने के अधिकारी एवं श्रमिक एथनोल से होने वाली अग्निकाण्ड के नियन्त्रण करने की व्यवस्थाओं को तुरन्त किस प्रकार से सुनिश्चित कर सकते हैं, इसी उद्देश्य से कर्मचारियों को जागरूक / प्रशिक्षित करने हेतु कारखाने मे मॉक ड्रील किया गया। इसका संचालन इकाई के वरिष्ठ अधिकारी फायर एण्ड सेफ्टी, मोहित कुमार बालियान व कंट्रोलिंग



डिस्टिलरी इकाई प्रमुख रमेश कुमार शर्मा व सहायक महाप्रबंधक - (प्रोडक्शन) भारत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला अग्निशमन अधिकारी, अन्त राम सिंह, अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे साथ-साथ समस्त प्लांट के कर्मचारियों, विश्वजीत त्यागी स्टोर इं0चार्ज (मनोज मालिक, हरमिंदर सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब तेजी से बदल रहा है अपना यूपी : बालियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता यशपाल बालियान ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि अपना उत्तर प्रदेश राज्य देश के सर्वाधिक महत्वपूर्ण राज्यों में से है जो आज सामाजिक और राजनीतिक दोनों दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण हो गया है। सन 2014 में देश में भाजपा की सरकार आने के बाद और 2017 से उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार स्थापित होने पर जिस तरह से बदनाम उत्तर प्रदेश में गुंडाराज और माफिया गिरी का खात्मा हुआ है। उनकी भ्रष्टाचार और अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति से सभी वाकिफ है लेकिन फिर भी कुछ भ्रष्ट अधिकारियों, कर्मचारियों, दलालों और माफियाओं की वजह से भ्रष्टाचार पर पूर्ण अंकुश नहीं लग पा रहा है। आप देख रहे हैं योगी निरंतर भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने पर सरकारी विभागों से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों पर बेहद सख्त एक्शन ले रहे हैं। मुख्यतः राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी निरंतर शिकंजे में फंस रहे हैं। भ्रष्टाचारी और अपराधिक घटनाको रोकने के लिए संकल्प ले कि हम अपने किसी भी कार्य को नियत एवं मान्य प्रक्रिया अनुसार ही करेंगे और शॉर्टकट या अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर किसी भी अधिकारी कर्मचारी को रिश्वत नहीं देंगे और रिश्वत मांगने पर उनका इलाज करेंगे। अभी हाल ही में केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी यूपी के नए प्रदेश अध्यक्ष बने हैं और साथ ही नितिन नबीन नये राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने है। ऐसे में पार्टी व संगठन की गतिविधियां भी तेज होगी। क्यों न हम ऐसे समय संकल्प लें कि हम अपने जनपद मुज"फरनगर में पार्टी और संगठन के कार्य और गति. विधियां तो बढ़ाएंगे ही साथ ही भ्रष्टाचार को रोकने के प्रति भी लोगों को सचेत कर जागरूकता पैदा करेंगे। समाज मजबूत होगा और लोगों का जीवन यापन सुखद्‌ व खुशहाल बनेगा। जिले के वर्तमान आला अधिकारियों का व्यवहार, कार्य और सोच तीनों देखने में व्यावहारिक और प्रभावी प्रतीत हो रही है। ऐसे में भ्रष्टाचार जनित सभी मामलों में चाहे बेगुनाहों के उत्पीड़न की बात हो, चाहे व्यापारियों को परेशान कर धन वसूली के मामले हो या सरकारी विभागों में लीपापोती कर कार्य करने में अनेपक्षित विलंब के प्रकरण हो या भू माफियाओं द्वारा अनधिख्रत कब्जे एवं जालसाजी करके भूमि खरीद फरोख्त के मामले हो आम जागरूकता से सभी मामलों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकता है। ऐसा होते ही हमारे किसानों, व्यापारियों व अन्य श्रमिक संगठनों को अनावश्यक रूप से आये दिन प्रतिदिन के कार्यों को कराने के लिए धरने प्रदर्शन और हड़ताल नहीं करनी पड़ेगी। फल स्वरूप जनपद अनुकूल वातावरण में प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा!

## बुजुर्ग से की मारपीट

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के गांव शेखपुरा में रंजिश को लेकर दबंग युवकों द्वारा एक हृदय रोगी बुजुर्ग के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गांव शेखपुरा निवासी अलीमुद्दीन उर्फ पोनी पुत्र नजीर ने पुलिस को बताया कि वह बुजुर्ग एवं बीमार व्यक्ति है तथा हाल ही में उसका हृदय का ऑपरेशन हुआ है। आरोप है कि गांव के ही शहजाद, मुकीम और सलीम उससे व उसके परिजनों से बिना किसी कारण रंजिश रखते हैं। शुक्रवार की दोपहर आरोपियों ने मस्जिद के बाहर उसको घेर लिया और गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पीड़ित जान बचाकर वहां से भागा, तो आरोपी उसे मिल गेट तक दौड़ाते रहे।आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने दोबारा मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद से पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है और घर से बाहर निकलने में भी भय महसूस कर रहा है।

# कल जग्गाहेड़ी टोल पर होगी आर-पार की पंचायत

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के गांव पचेड़ा में भारतीय किसान यूनियन द्धतोमरत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक युवा जिला सचिव जांगम अली के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन के मुख्य चौधरी संजीव तोमर ने टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों द्वारा किसानों और आम यात्रियों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार पर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने घोषणा की कि इस उत्पीड़न के खिलाफ 21 दिसंबर को जग्गाहेड़ी टोल प्लाजा पर विशाल पंचायत आयोजित की जाएगी।प्रशासन की ढिलाई से बढ़े टोल कर्मियों के हौसले

बैठक को संबोधित करते हुए चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि मुजफ्फरनगर के टोल प्लाजा पर आए दिन यात्रियों के साथ बदसल. ूकी की खबरें आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली के कारण टोल कर्मियों के हौसले बुलंद हैं। तोमर ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इन पर सख्ती नहीं की गई, तो भविष्य में कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। एसएसपी से हस्तक्षेप की मांग संजीव तोमर ने मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि टोल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले थानों को सख्त निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता से ही किसान और यात्री सुरक्षित महसूस कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब संगठन टोल कर्मियों की षुंडागर्दीष बर्दाश्त नहीं करेगा और बदसलूकी करने वालों को उनके ही अंदाज में जवाब दिया जाएगा। कल जग्गाहेड़ी टोल पर जुटेंगे किसान किसानों ने चौधरी संजीव तोमर को आश्वस्त किया कि वे इस लड़ाई में पूरी तरह उनके साथ हैं। संगठन प्रमुख ने कहा, षकिसान देश का पेट पालता है, लेकिन उसे ही अपमा.



नित किया जा रहा है। कल जग्गाहेड़ी टोल से आर-पार की लड़ाई शुरू होगी और जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय महापंचायत भी बुलाई जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष रिहान तोमर युवा कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी हसीर चौधरी, प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी, जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी, युवा जिला उपाध्यक्ष हनी बालियान, ब्लॉक अध्यक्ष नसीम सहित बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तस्मिया जूनियर हाई स्कूल में 21वां नज़िरा क़ुरआन तकमील समारोह आयोजित

**मुज़फ्फरनगर।** तस्मिया जूनियर हाई स्कूल में 21वां नज़िरा क़ुरआन तकमील समारोह गरिमामय एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्री जावेद मज़हर ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र मोहम्मद हम्माद द्वारा पवित्र क़ुरआन की तिलावत से हुई।

इसके पश्चात कक्षा पाँच के विद्यार्थियों की नज़िरा क़ुरआन की तकमील सुरह अल-फ़ातिहा से सुरह अन-नास तक कराई गई, जिसे मदरसा फ़ैज़-उल-इस्लाम के मोहतमिम एवं मुख्य अतिथि मुफ़्ती मोहम्मद राग़िब उमर साहब ने संपन्न कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तस्मिया जूनियर हाई स्कूल के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. एस. फ़ारूक़ साहब ने की। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजर सैयद एजाज़ अहमद साहब, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। क़ुरआन शिक्षा में योगदान देने वाले मौलाना शौकत क़ासमी साहब एवं लाइक़ा उस्मानी की सेवाओं की सराहना की गई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा नात-ए-रसूल प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि मुफ़्ती मोहम्मद राग़िब उमर साहब ने अपने संबोधन में बच्चों के नैतिक और आध्यात्मिक विकास में नज़िरा क़ुरआन की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त जिम्मेदारी पर बल दिया।




इसके पश्चात अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. एस. फ़ारूक़ साहब ने कहा कि क़ुरआनी शिक्षा के साथ आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आज के दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन स्कूल के मैनेजर सैयद एजाज़ अहमद साहब द्वारा प्रस्तुत टवजम वँजिंद के साथ हुआ।

# एक नाइजीरियन समेत 9 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ "ऑपरेशन क्लीन स्वीप-2" के तहत ड्रग तस्करी में शामिल लोगों पर शिकंजा कस दिया है। इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने एक नाइजीरियन नागरिक सहित कुल 9 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ, अवैध शराब, हथियार और लाखों की नकदी बरामद की गई है। पुलिस का कहना है कि सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है।

द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने शनिवार को बताया कि भारत सरकार की ड्रग्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह अभियान चलाया गया। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन और पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा के नेतृत्व में नशा मुक्त दिल्ली की दिशा में लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं।

पुलिस उपायुक्त के अनुसार 19 और 20 दिसंबर को द्वारका जिला पुलिस द्वारा एक साथ 50 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। एसीपी ऑपरेशन रामअवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, सुभाष चंद, विश्वेंद्र, मनीष, विवेक मंडोला की टीमों ने यह कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने नशे के कारोबार से जुड़े 9 लोगों को दबोचा और उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में ड्रग्स, अवैध शराब, हथियार और नकदी बरामद की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस ने जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया है उनमें द्वारका, उत्तम नगर, डाबरी, मोहन गार्डन और बिंदापुर इलाके के लोग शामिल हैं। इनमें एक आरोपित नाइजीरिया के लागोस का निवासी भी है, जो दिल्ली में रहकर नशे के कारोबार में सक्रिय पाया गया। इस अभियान के तहत छावला, उत्तम नगर, डाबरी, मोहन गार्डन और द्वारका साउथ थानों में एनडीपीएस एक्ट, दिल्ली आबकारी अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत कुल 8 अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इस बीच पुलिस ने 33.244 किलो गांजा, 62 ग्राम एम्फेटामीन, एविल के 13 इंजेक्शन, बुप्रेनोर्फिन की 32 गोलियां, 105 क्वार्टर अवैध शराब, एक चाकू और 3,64,040 नकद बरामद किए हैं।

## घर में हुई चोरी का मामला सुलझाया, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस के शालीमार बाग थाने के स्टाफ ने घर में हुई चोरी का मामला सुलझा कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से 800 ग्राम चांदी के गहने बरामद किए है। आरोपी ने अपनी स्मैक की लत और जुए के लिए आसानी से पैसे कमाने के लिए यह अपराध किया था।

दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सिकंदर सिंह ने बताया कि 18.दिसंबर को शालीमार बाग थाने में चोरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। शिकायतकर्ता ने अपने घर से 90,000 रुपये, लगभग 01 किलो चांदी के गहने और 30 ग्राम सोने के गहने चोरी होने का आरोप लगाया। इसके बाद शालीमार बाग थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी शालीमार बाग राजबीर लांबा की देखरेख में एसएचओ शालीमार बाग रामपाल के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए स्थानीय स्रोतों को सक्रिय किया। यह देखा गया कि घर का मुख्य ताला सही सलामत था, जबकि अंदर के एक कमरे का ताला टूटा हुआ मिला, जिससे परिवार के किसी सदस्य के शामिल होने का शक हुआ। पूछताछ करने पर पता चला कि घटना की रात सभी परिवार वाले अपने पैतृक गांव गए हुए थे, सिवाय सोहित (23) के जो शिकायतकर्ता का भतीजा है और एक अलग कमरे में सो रहा था। आगे की पूछताछ में पता चला कि सोहित ई-रिक्शा ड्राइवर था और ड्रग्स और जुए का आदी था। लगातार पूछताछ करने पर आरोपी सोहित ने चोरी करने की बात कबूल कर ली, और उसकी निशानदेही पर 800 ग्राम चांदी के गहने बरामद किए गए।

# नकली इंजन ऑयल फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजधानी दिल्ली में चल रही नकली लुब्रिकेंट ऑयल बनाने वाली एक बड़ी फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इस फैक्टरी में कैस्ट्रोल, टीवीएस और हीरो जैसे नामी कंपनी के नाम पर नकली इंजन ऑयल तैयार कर बाजार में सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में फर्जी लुब्रिकेंट ऑयल, मशीनरी और पैकिंग सामग्री जब्त की है। इसके अलावा मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने शनिवार को बताया कि क्राइम ब्रांच (पूर्वी रेंज-1) की टीम ने 18 दिसंबर को कबीर नगर, दिल्ली-94 स्थित एक गोदाम पर सुनियोजित छापेमारी की। इस दौरान तीन मजदूर मौके पर नकली तेल छानने, रंग मिलाने, बोतलों में भरने और कैस्ट्रोल के फर्जी लेबल चिपकाने का काम करते मिले। छापे के दौरान गोदाम मालिक मनीष गुप्ता (41) मौके पर पहुंचा, जिसने बिना किसी लाइसेंस के अवैध फैक्ट्री चलाने की बात कबूल की।

वहीं कैस्ट्रोल कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि ने मौके पर मौजूद उत्पादों की जांच कर उन्हें पूरी तरह नकली बताया। पूछताछ में आरोपित मनीष गुप्ता ने खुलासा किया कि वह वर्ष 2019 से नकली इंजन ऑयल तैयार कर रहा था। वह स्थानीय बाजार से बेस ऑयल और केमिकल मिलाकर हर दिन करीब 150 लीटर नकली तेल बनाता था, जिसे कैस्ट्रोल, टीवीएस और हीरो के नाम से पैक कर कम कीमत पर बाजार में बेच दिया जाता था। आरोपित पुराने और एक्सपायर्ड ब्रांडेड डिब्बों को साफ कर दोबारा इस्तेमाल करता था। फर्जी लेबल, सील और होलोग्राम तिहाड़ और आसपास के बाजारों से मंगाए जाते थे। यह नकली तेल दिल्ली के अलावा उदयपुर, श्रीनगर और सहारनपुर तक सप्लाई किया जा रहा था। जिससे आरोपित हर महीने करीब 50 हजार रुपये की कमाई करता था। वहीं पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपित मनीष गुप्ता पहले भी कॉपीराइट एक्ट के तहत एक मामले में शामिल रह चुका है। फिलहाल उसके खिलाफ कॉपीराइट एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह जब्ती बेहद अहम है, क्योंकि नकली इंजन ऑयल से वाहनों के इंजन को गंभीर नुकसान पहुंच सकता था।

## कोहरे के चलते 125 उड़ानें रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर तथा पूर्वी भारत के कई हिस्सों में कोहरे के कारण यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार सुबह 125 से अधिक उड़ानें रद्द की गयीं।

दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 10 बजे तक प्रस्थान करने वाली 63 और यहां उतरने वाली 66 उड़ानें रद्द कर दी गयीं। इसके अलावा कुछ उड़ानों में देरी की भी सूचना है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली समेत उत्तर भारत और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में इन दिनों तड़के और सुबह के समय घना कोहरा बन रहा है जिससे उड़ानें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इस बीच, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार रात एक निर्देश जारी किया है कि विमान सेवा कंपनियां यात्रियों को उड़ान में देरी, समय में बदलाव या उसके रद्द होने के बारे में अग्रिम और सही-सही जानकारी देंगी। अंतिम समय में देरी की घोषणा करने पर तुरंत जानकारी देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, एक सीमा से अधिक देरी होने पर यात्रियों के जलपान की व्यवस्था करनी होगी। साथ ही, रीशिड्यूलिंग की स्थिति में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। रात में निश्चित समय से ज्यादा की देरी होने पर होटल में ठहरने की व्यवस्था करनी होगी। उड़ान रद्द होने की जानकारी तय सीमा के बाद देने की स्थिति में पूरा रिफंड देना होगा। मार्ग परिवर्तन या रीशिड्यूलिंग पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यात्री के समय पर चेक-इन करने की स्थिति में बोर्डिंग से मना नहीं किया जा सकेगा।



विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता रोहिणी में वायु प्रदूषण हॉटस्पॉट्स का निरीक्षण करते हुए।

# विजेन्द्र गुप्ता ने रोहिणी में वायु प्रदूषण हॉटस्पॉट्स का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सड़क की धूल और अधूरे नागरिक कार्यों से उत्पन्न वायु प्रदूषण कोई अपरिहार्य वास्तविकता नहीं, बल्कि एक रोके जा सकने वाली प्रशासनिक चुनौती है। इसके लिए समयबद्ध कार्रवाई, समन्वित प्रशासन और कठोर जवाबदेही आवश्यक है," यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने आज रोहिणी सेक्टर-8 स्थित मधुबन चौक पर निरीक्षण के दौरान कही।

हालिया आकलनों में रोहिणी के कई क्षेत्रों को धूल-प्रदूषण हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया है, जहाँ सड़कें खुदी हुई, बिना तारकोल की या ढीली मिट्टी से ढकी हुई हैं। इन खुले हिस्सों पर वाहनों की आवाजाही से बार-बार धूल उड़ती है। साथ ही, प्रदूषण-नियंत्रण उपायों के अंतर्गत ड्रेनेज सहित विभिन्न अवसंरचना कार्यों के स्थगन के कारण सड़क सतहों का लंबे समय तक पुनर्स्थापन नहीं हो पाया है। स्थानीय निवासियों ने कई महीनों से धूल के निरंतर संपर्क की शिकायत की है, जिससे जनस्वास्थ्य संबंधी गंभीर चिंताएँ उत्पन्न हुई हैं।

गुप्ता ने कहा कि वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार सड़क की धूल दिल्ली में कणीय प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों में से एक है, जो पीएम10 का बड़ा हिस्सा और पीएम2.5 का भी महत्वपूर्ण योगदान करती है, विशेषकर शीतकाल में, जब स्थिर वायुमंडलीय परिस्थितियाँ प्रदूषण को और गंभीर बना देती हैं। उन्होंने बताया कि अधूरे उपयोगिता कार्यों के बाद सड़क बहाली में कमी, यांत्रिक सफाई और धूल-दमन उपायों की कमी, विभिन्न नागरिक एजेंसियों के बीच समन्वय का अभाव तथा क्षतिग्रस्त सड़कों पर यातायात से धूल का पुन:उत्थानख्रये सभी कारक समस्या को और बढ़ाते हैं।

इन निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए, अध्यक्ष ने रोहिणी के चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर तत्काल और स्पष्ट सुधारात्मक उपायों के निर्देश दिए। इनमें दैनिक यांत्रिक झाड़ू (मैकेनाइज्ड स्वीपिंग) और नियमित जल छिड़काव अथवा अनुमोदित धूल-दमन रसायनों के उपयोग के माध्यम से समयबद्ध धूल-नियंत्रण शामिल है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जहाँ नियामक प्रतिबंधों के कारण पूर्ण कार्य आरंभ नहीं हो सकता, वहाँ खुले सड़क हिस्सों को अस्थायी रूप से पक्का किया जाए या दबाया जाए ताकि धूल का उत्सर्जन रोका जा सके। विद्यालय क्षेत्रों और बाजार इलाकों में पीक आवर्स के दौरान धूल-नियंत्रण को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) और यातायात पुलिस द्वारा साप्ताहिक संयुक्त निरीक्षण, जियो-टैग्ड रिपोर्टिंग तथा स्पष्ट अनुपालन समय-सीमाओं के साथ करने के निर्देश दिए गए।

# फिर गली के कुत्तों की बाइट बनी स्कूली बच्ची

**पैर में काटा ,हाथ में फ्रैक्चर आया ,काफी देर तक सड़क पर अधमरी हालत में पड़ी रही बच्ची**

**सफदर अली**

**नई दिल्ली।** किराड़ी गांव में एक स्कूली बच्ची को गली के कुत्तों ने अपनी बाइट बना लिया। बच्ची काफी देर तक कुत्तों से बचने के छटपटाती रही थी। जबकि कुत्ते उसको अपनी बाइट बनाने की कोशिश कर रहे थे। किसी तरह से कुत्तों को वहां से भगाया गया। कुत्तों ने उसके पैर पर काट खाया था। बच्ची को अधमरी हालत में परिवार सरकारी अस्पताल ले गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसके हाथ में फ्रैक्चर बताया। घटना के बाद बच्ची काफी डरी हुई है तो अन्य परिवार बच्चों को अकेला गली में जाने नहीं दे रहा है। लोगों का आरोप है कि स्थानीय पार्षद को दो महीने पहले लिखित रूप से इस बारे में अवगत करवाया गया था। मगर उन्होंने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जबकि घटना से एक दिन पहले रोहिणी जोन भी लिखित रूप से एप्लिकेशन दी थी। जिनका कहना था कि गाड़ी खराब है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में लाखों आवारा कुत्ते हैं और दुनिया भर में रेबीज से होने वाली कुल मौतों में से 36 फीसदी मौतें भारत में होती हैं।12 साल की बच्ची काव्या शर्मा माता पिता और बड़ी बहन के साथ किराड़ी गांव में रहती है। वह प्राईवेट स्कूल से चौथी कक्षा की पढ़ाई कर रही है। वीरवार दोपहर वह स्कूल से जब घर की तरफ जा रही थी। अचानक घर से कुछ ही दूरी पर गली के तीन से चार कुत्तों ने उसको देखकर भौंकना शुरू कर दिया। वह किसी तरह से गली के किनारे से डरती हुई निकल रही थी। कुत्ते उसको काटने के लिये टूट पड़े। वह गली में गिर गई और हाथ पैर मारकर कुत्तों को भागने की कोशिश करने लगी। उसके गिरने से हाथ में की हड्डी टूट गई। कुत्तों ने उसके पैर में काट लिया। उसके पैर पर पंजों से भी वार किया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया। परिवार को पता लगने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर किसी तरह से नजदीक के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया।



स्थानीय लोगों ने बताया पार्षद को दो महीने पहले और रोहिणी जॉन को हादसे से एक दो दिन पहले कुत्तों के बारे में जानकारी दी थी। जॉन अधिकारियों ने यह कहकर टाल दिया था कि गाड़ी में ब्रेक नहीं हैं। ठीक होने के एक दो दिन बाद गाड़ी लेकर आते हैं। जबकि पार्षद ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया था। आसपास इलाके में कुत्तों की संख्या बढने से काफी डर लगने लगा है। बढ़ती डॉग बाइट की घटनाओं और उनके समाधान के लिए चल रहे प्रयासों पर केंद्रित हैं; अदालत ने संवेदनशील स्थानों से कुत्तों को हटाकर शेल्टर होम में रखने का निर्देश दिया है, जबकि नगर निगम ने खाना खिलाने के लिए स्थान चिन्हित किए हैं, लेकिन पशु प्रेमी और एनजीओ व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं, और यह मामला अभी भी अदालत में विचाराधीन है, जहां अगली सुनवाई 7 जनवरी 2026 को है। जहाँ वीडियो और अन्य सबूत पेश किए जाएंगे। वहीं, अपने पिछले आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में स्कूलों, अस्पतालों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और स्टेडियमों को लावा. रिस कुत्तों से मुक्त करने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही अदालत ने हाईवे और सडकों से गाय, बैल और अन्य पशुओं को हटाने का भी आदेश दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा था कि हर हाईवे पर 24 घंटे निगरानी टीमें और हेल्पलाइन नंबर तैनात किए जाएं। वहीं आंकड़ों पर नजर डाले तो इस साल अब तक दिल्ली में कुत्तों के काटने के करीब 27 हजार मामले सामने आए हैं। जबकि अनुमान लगाया जाता है कि दिल्ली में चार लाख से ज्यादा कुत्ते हैं।

लाजपत नगर की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उनके इलाके में आवारा कुत्तों की संख्या अनियंत्रित हो चुकी है। लोग डर के साए में जी रहे हैं और यदि कोई उन्हें खाना खिलाने से रोकता है तो विवाद और झगड़े तक हो जाते हैं। इसी तरह, लोधी गार्डन की महिला ने बताया कि कुछ साल पहले तक उनके क्षेत्र में केवल 10 कुत्ते थे, जो अब बढकर 40 तक पहुंच गए हैं, जिससे लोगों के बीच खौफ फैल गया है।

## कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

**नई दिल्ली।** कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया है। हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर महंत सुरेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 के अंत में भगवान राम एवं हनुमान पर आधारित भक्ति गीतों की एक भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें ज्योति प्रकाश शर्मा, अनिल चौधरी, हरि शंकर शर्मा, सोनिया कश्यप, नीरज शर्मा, रिंपा मलिक, शालू भाटी, ममता मिश्रा, सीमा मेहता एवं दीपक उजाला कवियों के सुरों का समागम हुआ । उन्होंने बताया कि शनिवार को मंदिर में आने वाले श्रृद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन के साथ-साथ भजन संध्या का भी लाभ उठाया।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**02417/02418 प्रयागराज जं. - शकूरबस्ती - प्रयागराज जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 02417 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 02418 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:20 | प्रयागराज जं. | 04:30 | -- |
| 12:15 | -- | शकूरबस्ती | -- | 13:50 |

चलने के दिन: **02417 प्रयागराज जं.** से (प्रत्येक रविवार एवं शुक्रवार) को दिनांक 21.12.2025 से 28.12.2025 तक और **02418 शकूरबस्ती** से (प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार) को दिनांक 22.12.2025 से 29.12.2025 तक। स्थान: प्रथम वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टुण्डला जं., अलीगढ़ जं. एवं नई दिल्ली स्टेशन।

**02275/02276 प्रयागराज जं. - शकूरबस्ती - प्रयागराज जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 05 फेरे**

| गाड़ी सं. 02275 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 02276 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:20 | प्रयागराज जं. | 04:30 | -- |
| 12:15 | -- | शकूरबस्ती | -- | 13:50 |

चलने के दिन: **02275 प्रयागराज जं.** से (प्रत्येक शनिवार एवं गुरूवार) को दिनांक 27.12.2025 तक और **02276 शकूरबस्ती** से (प्रत्येक रविवार एवं शुक्रवार) को दिनांक 21.12.2025 से 28.12.2025 तक।

स्थान: प्रथम वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टुण्डला जं., अलीगढ़ जं. एवं नई दिल्ली स्टेशन।

**04694/04693 अमृतसर जं. - मडगाँव जं. - अमृतसर जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 04694 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04693 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:10 | अमृतसर जं. | 04:30 | -- |
| 23:55 | -- | मडगाँव जं. | -- | 08:00 |

चलने के दिन: **04694 अमृतसर जं.** से (सोमवार, शनिवार एवं गुरूवार) को दिनांक 22.12.2025, 27.12.2025 एवं 01.01.2026 को और **04693 मडगाँव जं.** से (बुधवार, सोमवार एवं शनिवार) को दिनांक 24.12.2025, 29.12.2025 एवं 03.01.2026 को।

स्थान: 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव ब्यास, जलंधर सिटी, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, पानीपत, दिल्ली सफदरजंग, मथुरा जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत, वसई रोड, पनवेल, रोहे, मानगाँव, खेड, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, राजापुर रोड, कणकवली, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिविम और करमली स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3940/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राजधानी को बनायेंगे स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त: रविन्द्र इन्द्राज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना में स्वच्छता व्यवस्था और प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों, नालियों, कूड़ा संग्रहण व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वच्छता बढ़ाने और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। वायु प्रदूषण में कमी लाने के लिए सरकार द्वारा वाहनों से सड़क की सफाई, नियमित पानी का छिड़काव, धूल नियंत्रण, कचरा प्रबंधन को मजबूत करना, खुले में कचरा जलाने पर सख्त कार्रवाई, हरित क्षेत्रों का विस्तार तथा निर्माण स्थलों पर प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कूड़े का समयबद्ध और नियमित उठान सुनिश्चित किया जाए। नालियों की नियमित सफाई कर जलभराव और गंदगी की समस्या से राहत दें। प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों की नियमित जांच कर मानकों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।रविन्द्र इन्द्राज ने आमजन से भी प्रदूषण नियंत्रण में सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ दिल्ली का संकल्प, आमजन के सहयोग से ही पूरा होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि खुले में कचरा या अलाव न जलाएँ, वाहनों का नियमित प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र बनवाएँ,सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखें और सरकार द्वारा जारी पर्यावरण से जुड़े दिशानिर्देशों का पालन करें।

# प्रदूषण पर दिल्ली सरकार के नोटिफिकेशन को चुनौती, हाईकोर्ट का सुनवाई से इंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि इस मामले को लेकर वह सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख करें, क्योंकि प्रदूषण से जुड़े सभी बड़े मामलों की सुनवाई इस समय सुप्रीम कोर्ट में ही चल रही है।दरअसल, दिल्ली सरकार ने हाल ही में एक नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसमें बीएस-6 मानक को छोड़कर बाकी सभी पेट्रोल और डीजल गाड़ियों की दिल्ली में एंट्री पर रोक लगा दी गई है। सरकार का कहना है कि इस कदम का मकसद राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करना और लोगों की सेहत की सुरक्षा करना है। इसी नोटिफिकेशन को चुनौती देते हुए एक व्यक्ति ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

याचिकाकर्ता का तर्क था कि बीएस-4 गाड़ियों को वर्ष 2010 से 2020 के बीच बेचने की अनुमति थी। उसने खुद साल 2020 में बीएस-4 मानक की गाड़ी खरीदी थी। ऐसे में उसकी गाड़ी अभी महज 5 साल पुरानी है, तो उस पर पूरी तरह से रोक लगाना गलत और अन्यायपूर्ण है। याचिकाकर्ता ने यह भी दलील दी कि जब उसकी गाड़ी खरीदी गई थी, तब वह पूरी तरह से वैध थी और सरकार की नीति के तहत ही रजिस्टर्ड हुई थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट का ध्यान इस ओर भी दिलाया कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने बीएस-4 गाड़ियों को लेकर राहत दी है और कुछ परिस्थितियों में उन्हें चलाने की अनुमति दी गई है। ऐसे में दिल्ली सरकार का यह नोटिफिकेशन आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने हाल के वर्षों में बीएस-4 गाड़ियां खरीदी हैं और जिनके पास नई बीएस-6 गाड़ी खरीदने की आर्थिक क्षमता नहीं है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका पर दलीलों को सुनने के बाद साफ कहा कि प्रदूषण से जुड़ा यह मुद्दा पहले से ही सुप्रीम कोर्ट के सामने विचाराधीन है। ऐसे मामलों में हाईकोर्ट अलग से दखल नहीं दे सकता।



समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह बवाना में स्वच्छता व्यवस्था और प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

## हिमाचल से दिल्ली-एनसीआर तक चरस सप्लाई करने वाले दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (पूर्वी रेंज) ने हिमाचल प्रदेश से दिल्ली-एनसीआर तक चरस की सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने इस संबंध में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 1. 698 किलो चरस बरामद किया है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने शनिवार को बताया कि क्राइम ब्रांच के ईआर-1 यूनिट की टीम ड्रग्स तस्करी के मामले की जांच कर रही थी। 12 दिसंबर को गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने पहाड़गंज स्थित एक होटल में छापा मारकर कुंदन लाल (40) को गिरफ्तार किया। वह जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1.136 किलो चरस बरामद हुई। जांच में सामने आया कि आरोपित इससे पहले भी वर्ष 2024 में हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में एनडीपीएस मामले में गिरफ्तार हो चुका है। बरामद चरस दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई की जानी थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पूछताछ के दौरान कुंदन लाल ने खुलासा किया कि पूर्वी दिल्ली के रहने वाले गौरव वर्मा और पीयूष कुमार इस खेप को लेने वाले थे। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर पूर्वी दिल्ली में छापेमारी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। वहीं, आगे की जांच में कुंदन लाल ने मनीष कुमार उर्फ मनीष ठाकुर, निवासी जिला कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) का नाम उजागर किया, जो इस नेटवर्क का सक्रिय सदस्य था।

# नशे का नेटवर्क ध्वस्त दो सगे भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस संबंध में सगे दो भाइयों को कार से मादक पदार्थों की सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से भारी मात्रा में चरस, टीएचसी और ओजी (हाइड्रोपोनिक गांजा) बरामद किया गया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शनिवार को बताया कि 17 दिसंबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ ड्रग तस्कर तिहाड़ जेल रोड, जनकपुरी इलाके में कार के जरिए नशीले पदार्थों की सप्लाई करने आने वाले हैं। सूचना की पुष्टि के बाद तुरंत जाल बिछाया गया। पुलिस टीम ने जनकपुरी स्थित तिहाड़ जेल रोड पर संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया। कार चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने पीछा कर वाहन को घेर लिया और उसमें सवार दो युवकों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपितों के पास से 1.068 किलो चरस, 98 ग्राम टीएचसी और 174 ग्राम ओजी बरामद की गई। इसके अलावा नशे की खेप ढोने में इस्तेमाल की जा रही कार को भी जब्त कर लिया गया।पुलिस उपायुक्त के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रितांशु गुंड (25) और उसके छोटे भाई रिदम गुंड (20) के रूप में हुई है।

# निःक्षय मित्रों को सम्मानित कर दिए प्रशस्ति पत्र

## डीएम ने किया सम्मान, टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में शनिवार को डीएम कैंप कार्यालय सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डीएम द्वारा जनपद के क्षय रोगियों को पोषाहार उपलब्ध कराने वाली 18 संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



सम्मानित संस्थाओं में प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट हापुड़, शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट, वैश्य महिला सेवा समिति हापुड़, अग्रवाल महासभा महिला मंच हापुड़, क्यूब रूट्स फाउंडेशन, संजय कृपाल, बांके बिहारी हॉस्पिटल पिलखुवा, जीएस मेडिकल कॉलेज हापुड़, रामा मेडिकल कॉलेज हापुड़, सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसाइटी, संदेश संस्था, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हापुड़, रोटरी क्लब पिलखुवा सिटी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन पिलखुवा तथा गढ़ मुक्तेश्वर के पलवाड़ा से डा. तल्हा सहित अन्य संस्थाएं शामिल रहीं। इस अवसर पर डीएम अभिषेक पांडेय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी ने जनपद के सभी नागरिकों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से टीबी मुक्त भारत अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति या संस्था निःक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की सहायता कर सकता है। निःक्षय मित्र रोगियों को मनोवैज्ञानिक सहयोग के साथ-साथ पोषाहार भी उपलब्ध करा सकते हैं। पोषाहार सामग्री में दलिया, गुड़, चना दाल, गजक, सोयाबीन, मूंगफली आदि दी जा सकती है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सभी चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश कुमार, जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ठंड व शीतलहर का प्रकोप, विद्यालयों में दो दिन का अवकाश घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में लगातार बढ़ रही शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए बड़ा निर्णय लिया है। डीएम अभिषेक पांडेय के निर्देशों के क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नर्सरी से कक्षा 12 तक के सभी विद्यालयों में 22 और 23 दिसंबर, 2025 को अवकाश घोषित किया गया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डा. श्वेता पूठिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह अवकाश जनपद में संचालित सभी परिषदीय, राजकीय, सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड तथा संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों पर समान रूप से लागू रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 24 दिसंबर, 2025 से विद्यालय नियमित रूप से खुलेंगे। हालांकि, अवकाश के दौरान विद्यालयों में कार्यरत शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को विद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। इस अवधि में वे विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, परीक्षाओं से संबंधित कार्य, विभिन्न पोर्टलों पर ऑनलाइन कार्यों के निस्तारण तथा विद्यार्थियों से जुड़ी ऑनलाइन समस्याओं के समाधान का कार्य करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी विद्यालय प्रबंधनों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और विद्यार्थियों की सुरक्षा से कोई समझौता न किया जाए।



## ट्रैफिक पुलिसकर्मी की दबंगई, ई-रिक्शा चालक से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ में ट्रैफिक पुलिसकर्मी की कथित दबंगई का मामला सामने आया है, जिसने पुलिस के व्यवहार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने सवारी बैठा रहे एक गरीब ई-रिक्शा चालक के साथ पहले थप्पड़ों की बरसात की और बाद में उसकी गर्दन पर चाबी से हमला कर दिया। हमले के निशान ई-रिक्शा चालक की गर्दन पर स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं।



पीड़ित ई-रिक्शा चालक ने बताया कि वह सड़क किनारे ई-रिक्शा साइड में खड़ा कर सवारियां बैठा रहा था। इसी बात को लेकर ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचा और बिना किसी चेतावनी के उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। आरोप है कि पुलिसकर्मी ने रिक्शा हटाने के नाम पर पहले उसके साथ मारपीट की और फिर चाबी से उसकी गर्दन पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यातायात नियमों का उल्लंघन हो भी रहा था तो पुलिसकर्मी को कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए थी, न कि हिंसा का सहारा लेना चाहिए। इस तरह की बदसलूकी से आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास कमजोर होता है। यह मामला अब शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल, घटना को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब देखना यह होगा कि मामले की जांच कर प्रशासन क्या कदम उठाता है और क्या पीड़ित को न्याय मिल पाता है या नहीं।

## सांसद ने बांटे कंबल, बोले-शीतलहर में कोई असहाय नहीं रहेगा वंचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच गरीब, निराश्रित व असहाय लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राहत आयुक्त कार्यालय एवं जिला प्रशासन हापुड़ के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हापुड़ नगर पालिका परिषद के मीटिंग हॉल में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अरुण गोविल ने तहसील हापुड़ क्षेत्र के चिन्हित जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए आश्वस्त किया कि शीतलहर के दौरान जनपद हापुड़ में कोई भी जरूरतमंद या असहाय व्यक्ति राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों से वंचित नहीं रहेगा। सांसद ने तहसील प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने के लिए मजबूर न हो। यदि कहीं ऐसी स्थिति पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी रैन बसेरे में पहुंचाया जाए। तहसील प्रशासन द्वारा चिन्हित 250 लाभार्थियों को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और सांसद का आभार जताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी, सदर एसडीएम ईला प्रकाश, तहसीलदार स्वाति गुप्ता, जिला आपदा विशेषज्ञ गजेन्द्र सिंह बघेल सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेलवे पुल से युवक का खतरनाक स्टंट, वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने रेलवे के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पुल से एक युवक द्वारा की गई खतरनाक स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक ऊंचे रेलवे पुल से नीचे लटककर जान जोखिम में डालते हुए स्टंट करता दिखाई दे रहा है, जबकि नीचे हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सामान्य रूप से जारी थी।

बताया जा रहा है कि घटना के समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार से वाहन गुजर रहे थे। अचानक पुल से लटकते युवक को देखकर कई वाहन चालकों में घबराहट फैल गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। गनीमत रही की इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, अन्यथा गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। मामले को गंभीरता से लेते हुए रेलवे सुरक्षा बल ने जांच शुरू कर दी है। आरपीएफ प्रभारी राकेश यादव ने बताया कि डीएफसी रेलवे पुल पर इस तरह की स्टंटबाजी न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह रेलवे संपत्ति और आम जनता की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो के आधार पर युवक की पहचान की जा रही है और पहचान होते ही उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय पुलिस ने भी वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, युवक की पहचान के बाद उसके विरुद्ध संगीन धाराओं में वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस और रेलवे प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जानलेवा स्टंटबाजी जैसी गतिविधियों से दूर रहें। साथ ही सोशल मीडिया पर इस प्रकार के वीडियो न बनाने और न ही साझा करने की सलाह दी गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।



## सड़क किनारे खेल रही बच्ची को स्कूटी ने मारी टक्कर, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेलवे रोड स्थित पंजाबी कॉलोनी में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही एक स्कूटी ने सड़क किनारे खेल रही चार वर्षीय मासूम बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्ची उछलकर कई फीट दूर सड़क पर जा गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।



हादसे के तुरंत बाद स्कूटी चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल बच्ची को लहूलुहान हालत में देखा और परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार पंजाबी कॉलोनी निवासी सलोनी खरबंदा ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी बेटी पवित्रा घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक अनियंत्रित स्कूटी तेज गति से आई और बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें स्कूटी सवार की लापरवाही स्पष्ट दिखाई दे रही है। टक्कर के बाद चालक बिना रुके मौके से भाग गया। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर

## पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल से तलाश कर 4 गुमशुदा मोबाइल लौटाए, मोबाइल स्वामियों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके असली स्वामियों को सौंप दिया। जिसमें विभिन्न कंपनियों के 4 मोबाइल फोन सीईआईआर पोर्टल की सहायता से तलाश कर वापस किए गए।

हाफिजपुर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और गुमशुदा व खोए मोबाइल बरामदगी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने 11,500 रूपये की कीमत का आईक्यू मोबाइलफोन, 17,999 रूपये का रियलमी मोबाइल फोन, 12,499 रूपये की कीमत का रेडमी मोबाइल फोन और 15,999 रूपये की कीमत का सैमसंग ए-सीरीज़ मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किए है। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर मोबाइल स्वामी राजकुमार, निवासी ग्राम सावई, थाना हाफिजपुर, जिला हापुड़, जतिन, निवासी इमटौरी, थाना हाफिजपुर, जिला हापुड़, धर्मेन्द्र, निवासी हापुड़ और जगवीर, निवासी ग्राम हरसिंहपुर, थाना हाफिजपुर, जिला हापुड ने अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर खुशी जाहिर की और हापुड़ पुलिस, विशेष रूप से थाना हाफिजपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## चेकिंग के दौरान अवैध चाकू सहित युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है।

थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस टीम आशियाना कॉलोनी के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। इसी क्रम में पुलिस को एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं, जिसे मौके पर रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सारिक उर्फ शारिक पुत्र नवाब, निवासी आवास विकास कॉलोनी, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ बताया। पुलिस ने आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एंटीरोमियो टीम ने अश्लील फब्तियां कसने वाले दो मनचलों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर की एंटीरोमियो टीम ने लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियां कसने वाले दो मनचलों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में महिलाओं ने राहत की सांस ली है।

थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि ग्राम भटियाना गेट के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मनीष पुत्र पप्पू निवासी ग्राम भटियाना थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ तथा बंटी पुत्र मुल्ला सादजी निवासी ग्राम भटियाना थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। दोनों आरोपी सार्वजनिक स्थान पर लड़कियों और महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियां कस रहे थे, जिससे महिलाओं में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना हाफिजपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा उनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## भाकियू किसान सरकार ने टोल प्लाजा पर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार के हापुड़ जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप एवं मंडल अध्यक्ष दयाचंद कश्यप के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने दादरी टोल प्लाजा और गवाना टोल प्लाजा पर पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर टोल मैनेजर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने टोल से संबंधित समस्याओं, विशेषकर मैसेज टोल पर नंबर जोड़ने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया।



ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप ने कहा कि मैसेज टोल पर नंबर न जुड़े होने के कारण किसानों और वाहन चालकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि शीघ्र ही संबंधित नंबर जोड़े जाएं, ताकि टोल संचालन में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित हो सके। टोल मैनेजर ने किसान यूनियन के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी बातों को गंभीरता से सुना और मैसेज टोल पर नंबर जोड़ने का आश्वासन दिया। इस पर भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार के जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने टोल मैनेजर का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राहुल, दयाचंद, राकेश त्यागी, बबलु, गजेन्द्र कश्यप, देवेन्द्र कश्यप, आकाश कश्यप, दीपक कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन ने स्पष्ट किया कि किसानों और आमजन से जुड़ी समस्याओं को लेकर उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

## जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में एनुअल एथलेटिक्स मीट का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़ में जेएमएस एनुअल एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। अंतर-स्कूलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित इस खेल महोत्सव में 38 विद्यालयों के लगभग 450 खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल, सेक्रेटरी डा. रोहन सिंघल एवं प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण, पंजाबी सभा हापुड़ के सचिव कणिक केहर, भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भारत एवं भारतीय दलित पिछड़ा वर्ग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दीपक चन्द्रा, जिला हैंडबॉल सचिव डा. डॉली त्यागी, पार्षद मोनू बजरंग, क्रीड़ा भारती नगर पिलखुवा अध्यक्ष राजेंद्र राठी एवं जिला मंत्री मनप्रीत खैरा उपस्थित रहे। वहीं डा. डॉली त्यागी ने कहा कि देश को खेलों में गौरवान्वित करने के लिए 2036 ओलंपिक की तैयारी आज से ही प्रारंभ करनी होगी।



स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर दीपांशु गर्ग ने प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अर्जित किए। कार्यक्रम के समापन पर डा. आयुष सिंघल एवं डा. निधि मलिक ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में अंकुर, अमित, मनोज, मनप्रीत खैरा, नीरज, अवनीश, सचिन एवं नितिन सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। खेल भावना, अनुशासन और उत्साह से भरपूर यह आयोजन खिलाड़ियों व दर्शकों के लिए अविस्मरणीय रहा।

## डीएम ने की निराश्रित गोवंश संरक्षण को लेकर समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं भरण-पोषण को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम अभिषेक पाण्डेय ने की। बैठक में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारी, पशुपालन विभाग के अधिकारी, जिला पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा गो-आश्रय स्थलों के संचालक उपस्थित रहे।

बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद के सभी संचालित गो-आश्रय स्थलों में ठंड से बचाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके तहत तिरपाल, जूट-टाट के बोरों की झूल तथा अलाव की पूर्ण व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित रूप से गो-आश्रय स्थलों तक पहुंचाने के लिए डीएम ने पिलखुवा नगर पालिका परिषद एवं जिला पंचायत के अधिकारियों को कैटल-कैचर क्रय करने के निर्देश दिए। बैठक में गो-आश्रय स्थलों के निकट चारागाह अथवा एलएमसी भूमि की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ओपी मिश्रा ने जनपद में निर्माणाधीन नवीन वृहद गौ संरक्षण केंद्रों शेखपुर खिचरा द्वितीय, हिण्डालपुर, हिम्मतपुर एवं पारपा की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पारपा, हिण्डालपुर एवं हिम्मतपुर में निर्माण कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवीन कान्हा गोशाला के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि का शीघ्र चिन्हांकन किया जाए। बैठक के अंत में डीएम अभिषेक पांडेय ने कहा कि निराश्रित गोवंशों का संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए गोवंशों के संरक्षण एवं भरण-पोषण की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।



# दो करोड़ से ज्यादा का सामान बरामद

**■ कंपनी की गाड़ियां और कीमती सामान बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेस-1 पुलिस ने एक कंपनी से वाहन और कीमती सामान का गबन करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 2 करोड़ 10 लाख रुपये का चोरी का सामान बरामद किया है।बरामद किए गए सामान में तीन कैंटर, एक टाटा इंट्रा और अन्य कीमती वस्तुएं शामिल हैं। पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से आरोपियों महफूज खान और अखिलेश को पक्षी विहार के अंडरपास के पास से पकड़ा।



दरअसल, एक महिला इवेंट मैनेजमेंट कंपनी चलाती हैं। उन्होंने 11 दिसंबर को पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी कंपनी के तीन कैंटर और एक टाटा इंट्रा, जो कीमती सामान से भरे हुए थे, उन्हें कुछ अज्ञात लोग बैंक की ईएमआई टूटने का बहाना बनाकर लूट ले गए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के लिए एक टीम गठित की। पुलिस जांच में सामने आया कि यह पूरी योजना कंपनी के पूर्व कर्मचारी महफूज खान ने बनाई थी। आरोपी महफूज खान पहले कंपनी को ट्रांसपोर्ट सेवाएँ प्रदान करता था, जबकि आरोपी अखिलेश चालक के रूप में काम करता था। नोएडा की एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि महिला के पति की मृत्यु के बाद आरोपियों को लालच आ गया। उन्होंने कंपनी के वाहनों को गायब कर दिया। 11 दिसंबर को आरोपी महफूज खान ने कंपनी को झूठी सूचना दी कि अज्ञात व्यक्तियों ने सामान से भरा ट्रक छीन लिया है। आरोपियों ने पहले ही कंपनी के दो कैंटर और एक टाटा इंट्रा को छिपा लिया था और वर्तमान मालिक को बैंक द्वारा वाहन की किस्त टूटने पर खींचकर ले जाने की झूठी जानकारी दी थी। वे सामान से भरे कैंटर और अन्य सभी वाहनों को कहीं और बेचने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने उनकी योजना को अंजाम देने से पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 32 कंपनियों पर की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रैप-4 नियमों का उल्लंघन करने पर 32 कंपनियों और व्यक्तियों पर 78.25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ प्राधिकरण के अभियान के तहत की गई है। जिन बिल्डर परियोजनाओं पर जुर्माना लगा है, उनमें एनबीसीसी इंडिया, आरजे ग्रुप, अरिहंत वन, ला रेजीडेंसिया, आम्रपाली लेजर वैली, डीवी प्रोजेक्ट और केके प्रोजेक्ट शामिल हैं।

दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रैप-4 लागू होने के बाद निर्माण कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके साथ ही, निर्माण सामग्री को ढककर रखने और धूल उड़ने से रोकने के लिए पानी का नियमित छिड़काव करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण और ग्रैप-4 के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है।

प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रैप-4 के नियमों का पूरी तरह पालन करने के निर्देश दिए हैं। एसीईओ सुमित यादव के नेतृत्व में प्राधिकरण का परियोजना विभाग लगातार अपने क्षेत्र में निगरानी कर रहा है। टीम उन लोगों पर जुर्माना लगा रही है जो प्रतिबंध के बावजूद निर्माण कार्य कर रहे हैं या निर्माण सामग्री को बिना ढके रख रहे हैं।

शुक्रवार को प्राधिकरण की टीम ने 32 और स्थानों पर ग्रैप-4 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 78.25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इससे पहले बृहस्पतिवार को भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 46 कंपनियों और व्यक्तियों पर 49.45 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई थी। प्राधिकरण ने जुर्माने की राशि निर्धारित समय-सीमा में जमा कराने और भविष्य में नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने बताया कि प्रदूषण को रोकने के लिए प्राधिकरण हर संभव प्रयास कर रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ग्रेटर नोएडा के निवासियों से प्रदूषण नियंत्रण में प्राधिकरण का सहयोग करने की अपील भी की है।

## पारसौल में आबादी अधिकारों पर महापंचायत

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के पारसौल गांव में शनिवार को पुरानी आबादी के अधिकारों को लेकर एक महापंचायत का आयोजन किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की करीब 60 वर्ष पुरानी आबादी को यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण की नियोजन प्रक्रिया में सेक्टरों के नक्शे में शामिल नहीं किया गया है। इसी मुद्दे पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपनी आवाज उठाई।

महापंचायत में वक्ताओं ने बताया कि नक्शों में पुरानी आबादी को छोड़ दिए जाने के कारण ग्रामीणों को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि ग्रामीण जल्द ही मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मुलाकात करेंगे। इसके अतिरिक्त, स्थानीय विधायक और मुख्यमंत्री से भी मिलकर अपनी बात मजबूती से रखने की योजना है।

# सर्दी में पुलिसकर्मियों को मिलेगी गर्म चाय

**■ नोएडा पुलिस कमिश्नर ने शुरू की नई व्यवस्था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सर्दी के मौसम को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के लिए एक नई पहल शुरू की है। इस व्यवस्था के तहत, एक्सप्रेस-वे, मुख्य चौराहों और सुनसान स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों को उनके ड्यूटी स्थल पर प्रतिदिन गर्म चाय उपलब्ध कराई जाएगी।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह सुविधा प्रतिदिन कम से कम दो या उससे अधिक बार सुनिश्चित की जाए। उन ड्यूटी स्थलों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहाँ आसपास चाय की दुकानें काफी दूरी पर हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को ठंड से बचाना और उन्हें पूरी सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सहायता प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, कमिश्नर ने सभी पुलिसकर्मियों को सर्दी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने के भी निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट में नियुक्त सभी पुलिसकर्मियों को जल्द ही सर्दी से बचाव से संबंधित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। इससे वे बढ़ती ठंड में भी सुरक्षित और स्वस्थ रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।





## एक नजर

### डिवाइडर से टकराने के बाद कार में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अजनारा गोल चक्कर के पास शुक्रवार रात एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़कर गोल चक्कर पर चढ़ गई। कुछ ही देर में कार में भीषण आग लग गई। कार में सवार तीन लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर बाद कार में लगा हुआ सीएनजी सिलिंडर भी फट गया। उसके बाद आग बढ़ गई। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस का कहना है कि मामले में जनहानि नहीं हुई है। बुलंदशहर निवासी देवांश अपने दो अन्य दोस्तों के साथ शुक्रवार को दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा फतेहपुर गांव स्थित अपने फार्महाउस पर आए थे। देर रात जब सभी कार से वापस लौट रहे थे तो यमुना एक्सप्रेसवे से कुछ दूर पहले अजनारा गोल चक्कर के पास तेजी गति होने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर को तोड़कर गोल चक्कर पर चढ़ गई। दनकौर कोतवाली के प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट आया है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पड़ोसी पर छात्रा को रास्ते में रोककर परेशान करने का आरोप

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के कॉलेज में पढ़ने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा ने पड़ोसी पर रास्ते में रोककर परेशान करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक उसे जबरन बात करने और अपनी कार में बैठने का दबाव बनाता है। छात्रा के इनकार करने पर आरोपी अभद्रता करता है और भाइयों को मारने की धमकी देता है। इस घटना के बाद से छात्रा मानसिक रूप से काफी परेशान है। डर और तनाव के चलते उसकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। पीड़िता ने आरोपी के परिवार के लोगों से भी इस मामले में कई बार शिकायत की है, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। लगातार उत्पीड़न और धमकियों से तंग आकर छात्रा ने आरोपी जीतन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी जीतन फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

### कर्मचारी से मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक चाप विक्रेता कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि चाप का ऑर्डर देर से देने और उसकी धार्मिक पहचान के कारण उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार, बिसरख थाना क्षेत्र स्थित एक चाप स्टॉल पर शुक्रवार शाम को कुछ युवक चाप खाने पहुंचे थे। दुकान पर पहले से भीड़ होने के कारण ऑर्डर तैयार होने में समय लगा। इसी बात को लेकर 3-4 युवकों ने दुकान पर काम कर रहे कर्मचारी से बहस शुरू कर दी। आरोप है कि बहस के दौरान युवकों ने पहले गाली-गलौज की और फिर कर्मचारी के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि इस दौरान उसकी धार्मिक पहचान को उससे पूछा गया। मारपीट करने वाले आरोपियों ने खुद ही घटना का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो बनाने वालों ने चाप विक्रेता पर नाम छिपाने का आरोप भी लगाया था। बिसरख थाना पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए पीड़ित इरफान की शिकायत पर दो नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी मोहित को गिरफ्तार कर लिया है। बिसरख पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद ऑर्डर में देरी के कारण हुआ था। अन्य सभी आरोपों को गंभीरता से लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर शेष आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी तलाश जारी है।

# छात्रा को पड़ोसी ने दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा को अपने ही पड़ोस में रहने वाले एक युवक की हरकतों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रा ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली जेवर में मामला दर्ज कराया है।

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक उसे जबरन बात करने और अपनी कार में बैठने का दबाव बनाता था। छात्रा के इनकार करने पर आरोपी अभद्रता करता था और उसे डराने-धमकाने से भी बाज नहीं आ रहा था। छात्रा के अनुसार, जब उसने आरोपी की हरकतों का विरोध किया तो उसने उसके दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद से छात्रा मानसिक रूप से काफी परेशान है और डर व तनाव के चलते उसकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। छात्रा ने बताया कि कॉलेज आते-जाते समय आरोपी अक्सर उसका रास्ता रोक लेता था और जबरन अपनी कार में बैठने की जिद करता था। विरोध करने पर वह गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग करता था। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत कई बार आरोपी के परिवार के लोगों से भी की, लेकिन इसके बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। लगातार उत्पीड़न और धमकियों से तंग आकर छात्रा ने शनिवार को आरोपी जीतन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# ग्रेप-4 लागू होते ही नोएडा पुलिस सख्त

**■ बॉर्डर पर कड़ी निगरानी; 3 दिनों में करीब तीन करोड़ रुपये का चालान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप-4) लागू होते ही नोएडा पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है। बीते तीन दिनों से नोएडा- दिल्ली बॉर्डर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत बीएस-4 श्रेणी की गाड़ियों को दिल्ली में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है और उन्हें वापस लौटाया जा रहा है।

इसके साथ ही प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ व्यापक स्तर पर चालान की कार्रवाई की जा रही है। गौतमबुद्ध नगर के डीसीपी ट्रैफिक डॉक्टर प्रवीन रंजन सिंह ने बताया कि ग्रेप-4 के नियमों के तहत अब तक पीयूसी (पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल) प्रमाणपत्र न होने पर 784 वाहनों का चालान किया गया है।

वहीं, जिन वाहनों से स्पष्ट रूप से धुआं निकलता हुआ पाया गया, ऐसे विजिबल पॉल्यूशन वाले 61 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई है। ये अधिकतर निर्माण सामग्री और अन्य सामान ढोने वाले वाहन थे। इसके अलावा नियमों का उल्लंघन करने वाले 216 मालवाहक वाहनों का भी चालान किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक के अनुसार बीएस-4 श्रेणी में आने वाले 1050 वाहनों और बीएस-3 श्रेणी में आने वाली पेट्रोल से चलने वाली 880 गाड़ियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।इसके साथ ही बड़ी संख्या में ऐसे वाहन भी सामने आए, जो अनजाने में बॉर्डर तक पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं थी। ऐसे लगभग 3,500 वाहनों को मौके पर ही रोककर वापस लौटाया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए इस तीन दिवसीय विशेष अभियान के दौरान कुल 2 करोड़ 99 लाख 30 हजार रुपये का चालान अब तक काटा जा चुका है।

डीसीपी ट्रैफिक प्रवीन रंजन सिंह ने बताया कि नोएडा से दिल्ली के तीनों प्रमुख बॉर्डर पर 24 घंटा 7 दिन पुलिस बल और ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है, ताकि नियमों का सख्ती से पालन कराया जा सके। इसके अलावा लगातार बढ़ते कोहरे और कम होती विजिबिलिटी को ध्यान में रखते हुए नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहनों की गति सीमा पर भी नियंत्रण लगाया गया है।

यह स्पीड लिमिट गूगल मैप पर भी दर्शाई जा रही है, ताकि वाहन चालकों को पहले से जानकारी मिल सके। यमुना एक्सप्रेसवे पर यदि विजिबिलिटी 50 मीटर से कम हो जाती है, तो वाहनों को रोककर एक समूह में धीरे-धीरे आगे बढ़ने की अनुमति दी जा रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि ये सभी कदम जनता की सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण को ध्यान में रखकर उठाए जा रहे हैं।

# नोएडा स्टेडियम में उमड़ा प्रवासी उत्तराखंडियों का जनसैलाब

**■ सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी की शिरकत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा स्टेडियम में आयोजित 15वें उत्तराखंड महाकौथिग-2025 के दूसरे दिन लोक संस्कृति का भव्य नजारा देखने को मिला। लोक गायकों द्वारा उत्तराखंड की लोकधुनों और पारंपरिक गीतों ने माहौल को पूरी तरह पहाड़ी रंग में रंग दिया। महाकौथिग के दूसरे दिन प्रवासी उत्तराखंडियों का भारी जनसैलाब स्टेडियम में उमड़ पड़ा। सुबह का सत्र कवि सम्मेलन के नाम रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जॉइंट सीपी लॉ एंड ऑर्डर राजीव नारायण मिश्र द्वारा रिबन काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

**सीएम धामी की मौजूदगी में महाकौथिग का दूसरा दिन बना खासः** शाम के सत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भव्य आयोजन के लिए महाकौथिग टीम की सराहना करते हुए कहा कि प्रवतीय सांस्कृतिक संस्था द्वारा उत्तराखंड की लोक कला एवं लोक संस्कृति को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इतनी भव्यता से प्रस्तुत करना प्रशंसनीय है।

उन्होंने कहा कि नोएडा स्टेडियम में उत्तराखंड मूल के लोगों की अपार भीड़ देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो वे स्वयं उत्तराखंड में ही हों। इस अवसर पर गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ. महेश शर्मा तथा दिल्ली विधानसभा के डिप्टी स्पीकर मोहन सिंह बिष्ट भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

महाकौथिग मेले में पहाड़ी उत्पादों, आभूषणों, पारंपरिक परिधानों और पहाड़ी खानपान के लगभग 180 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की।

# क्रिसमस, न्यू ईयर पार्टियों पर सख्त नियम

**नोएडा।** नोएडा में क्रिसमस और नववर्ष 2026 के आयोजनों को लेकर जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब इन अवसरों पर होने वाली पार्टियों और अन्य कार्यक्रमों के लिए प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति आयोजन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि होटल, पब, रेस्टोरेंट, क्लब, पार्क, मैरिज लॉन और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी मनोरंजन कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन अनुमति लेनी होगी। इसके लिए 'निवेश मित्र पोर्टल' के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रशासन ने क्रिसमस और नववर्ष के दौरान लगातार निरीक्षण के लिए विशेष टीमें गठित की हैं। यदि कहीं भी बिना अनुमति पार्टी, कार्यक्रम, डीजे, झूले, मेला या अन्य मनोरंजन गतिविधि चलती पाई गई, तो उसे तत्काल बंद कराया जाएगा और आयोजकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने स्पष्ट किया कि ऐसे आयोजनों के दौरान आग लगने, भगदड़ और अन्य दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। आयोजकों को विद्युत सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, कानून व्यवस्था और लोक व्यवस्था से जुड़े सभी नियमों का पालन करना होगा। इसके अतिरिक्त, वातानुकूलन, बिजली की फिटिंग और अन्य व्यवस्थाओं के प्रमाण पत्र संबंधित विभागों से लेकर प्रस्तुत करने होंगे।

# अवैध मीट दुकानों पर कार्रवाई की मांग

**■ अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ग्रेटर नोएडा के देहात क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित मीट दुकानों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन एसीपी-3 अरविंद कुमार को सौंपा। ज्ञापन में जिले और प्रदेश में नियमों का उल्लंघन कर चल रही मीट दुकानों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

गौरक्षक प्रमुख त्रिलोक गुर्जर नवादा ने बताया कि अवैध मीट दुकानों से निकलने वाला कचरा खुले में फेंका जाता है। इसे आवारा कुत्ते खाते हैं, जिससे वे मांसाहारी और आक्रामक हो गए हैं। ऐसे कुत्ते छोटे गोवंश और बच्चों पर हमला कर रहे हैं, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। उन्होंने इस स्थिति को जनसुरक्षा और धार्मिक आस्था दोनों के लिए खतरा बताया।

कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से मंदिरों के आसपास और सार्वजनिक स्थानों पर संचालित अवैध मीट दुकानों को तुरंत बंद कराने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए, तो 1 जनवरी से आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई कर जनता को राहत दिलाने की अपील की।

इस दौरान गौरव नागर, गोविंद नागर, राजवीर सिंह और सुभाष नागर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# मोमोज में थूक लगाकर बेच रहे विक्रेता की पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र के सरस्वती कुंज में मोमोज में थूक लगाकर बेचने का आरोप लगाते हुए ऑनलाइन फूड कंपनी से जुड़े डिलीवरी ब्वॉय ने एक विक्रेता की गाली-गलौज के बाद पिटाई कर दी। सोशल मीडिया पर पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस ने मामले में मोहित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बाकियों की तलाश की जा रही है। सोशल मीडिया पर एक चाप विक्रेता की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ युवक विक्रेता से उसका आधार कार्ड मांगते हैं। वहीं क्यूआर कोड पर विक्रेता के नाम से अलग नाम होने पर विरोध जताते हैं। कुछ देर बाद युवक चाप विक्रेता पर जमकर मुक्के और लात-घूसे बरसाते हैं। आरोप लगाया जाता है कि विक्रेता थूक लगाकर मोमोज बेचता है। वहीं पिटाई से पीड़ित इरफान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सरस्वती कुंज में मिस्टर चाप वाला राजू की दुकान पर काम करता है। घटना के दौरान आरोपी आपस में एक-दूसरे का नाम कपिल और दिनेश लेकर पुकार रहे थे, जिनके साथ अन्य युवक भी मौजूद थे। पीड़ित ने पुलिस से कपिल, दिनेश और उनके अन्य साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस की ओर से मामले में बीएनएस की धारा-115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने), 351 (3) आपराधिक धमकी, 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

# चौथे दिन भी भागवत कथा का विशाल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत विकास परिषद, नोएडा के तत्वावधान में सेक्टर-19, शनि मैदान, नोएडा में विशाल श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथा व्यास भागवत रत्न आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने चौथे दिन की कथा में बताया कि श्रीमद्भागवत में पुत्र के लिए मां का दर्जा सबसे ऊपर बताया गया है। मां की कृपा पाने वाले व्यक्ति पर सदैव संत-महात्माओं की कृपा रहती है और संतों की कृपा से जीव को परमात्मा की कृपा प्राप्त होती है। अतः मां की सदैव सेवा करते हुए उनकी कृपा प्राप्त करनी चाहिए। जिस घर में मां सुखी होती है, वह घर स्वर्ग के समान बन जाता है।




महाराज श्री ने कहा कि भजन के चार प्रकार बताए गए हैं। प्रथम प्रकार का भजन जीव किसी आशा अथवा लोभ के कारण करता है और प्रभु की शरण में जाता है।

द्वितीय प्रकार का भजन किसी प्रकार के भय के कारण किया जाता है। तृतीय प्रकार का भजन जीव अपना कर्तव्य समझकर करता है। परंतु चतुर्थ प्रकार के लोग केवल प्रेम के कारण ही ईश्वर का भजन करते हैं। लोभ अथवा आशा के कारण की जाने वाली भक्ति अधिक समय तक नहीं टिकती।

महाराज श्री ने कहा कि गीता में भगवान ने चार प्रकार के भक्त बताए हैंकृ प्रथम ज्ञानी भक्त, द्वितीय आर्त भक्त, तृतीय जिज्ञासु भक्त तथा चतुर्थ अर्थार्थी भक्त, जो धन की कामना से भक्ति करते हैं। परंतु इन सभी में निष्काम भक्ति को ही श्रेष्ठ बताया गया है। निष्काम भक्ति करने वाले भक्त पर प्रभु की विशेष कृपा होती है।

**"जीवन है तेरे हवाले मुरलिया वाले", "तेरे चरण कमल में श्याम लिपट जाऊं रज बन के", "तेरी बन जाएगी गोविंद गुण गाए से", "जय गोविंदा गोपाला, मुरली मनोहर नंदलाला" जैसे भावपूर्ण एवं सुमधुर भजनों को सुनकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे।**

# जिलाधिकारी व एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर बड़ौत तहसील में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक समस्या का समाधान संबंधित अधिकारी एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें, ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं को गंभीरता से लेना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शनिवार को



आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में खेकड़ा तहसील में कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। बागपत तहसील में 38 शिकायतें आईं, जिनमें से 8 का निस्तारण किया गया। बड़ौत तहसील में 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनता दर्शन के समय समस्त अधिकारी अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहें और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करें। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रशासन चला गांव की ओर अभियान के माध्यम से अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ेंगे। यह सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित दिव्यांगजनों को कंबल वितरित कर सम्मानित किया तथा जिन दिव्यांग. जनों की पेंशन या दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बने थे, उनके लिए मौके पर पेंशन एवं प्रमाण पत्र बनाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसील दिवस में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित विभिन्न विभागों के कैंप लगाए गए तथा पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने बड़ौत तहसील का निरीक्षण किया और संबंधित अभिलेखों को अपडेट करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जो पुराना रिकॉर्ड है उसकी विडिंग कराई जाए किसी भी तरह की कोई समस्या ना हो। इस अवसर पर एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, डिप्टी कलेक्टर/ जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्योति शर्मा ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल डीएफओ विनोद कुमार पुलिस क्षेत्राधिकार सहित आदि उपस्थित रहे।

## परचून की दुकान से नकदी व सामान चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल में ईदगाह के पास एक परचून की दुकान के पीछे से कुबंल कर अज्ञात चोर हजारों की नगदी और समान चोरी कर ले गये पुलिस जांच में जुटी है।

रटौल निवासी रिजवान पुत्र मेहरदीन की रटौल-लोनी मार्ग पर आयशा मस्जिद के पास एक परचून की दुकान है रात्रि किसी समय अज्ञात चोर दुकान के पीछे खाली बने प्लाट में पहुंचे और दुकान में कुबंल कर दुकान में घुस गये और गल्ले में रखे दस हजार रूपये और सिगरेट और खाने का समान चोरी कर ले गये सुबह जब रिजवान अपनी दुकान पर पहुंचा तो दुकान खोलते ही उसे दुकान के पीछे कुबंल नजर आया उसने पैसा देखा तो गल्ले से दस हजार रूपये और सिगरेट सहित अन्य समान चोरी मिला उसने शोर मचाया तो आस पास के लोग इखटा हो गये सूचना मिलते ही रटौल पुलिस चौकी इंचार्ज भूपेन्द्र सिंह मौकें पर पहुंचे और जांच की पीड़ित ने रटौल पुलिस चौकी पर अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है। रटौल चोकी इंचार्ज का कहना है कि रास्ते पर लगे सीसीटीवी केमरों की जांच की जा रही है की सीसीटीवी की सहायता से जल्द चोरों का पता लगा कर कार्यवाही की जायेगी।

## हाईवे पर मछली से भरा केंटर पलटा, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सिंगोली तगा गांव के पास मछली से भरा केंटर पलटने से लाखो का नुकसान हुआ है।

आरिफ पुत्र फिरोज निवासी जयपुर व केंटर चालक यामीन निवासी विकास पुरी दिल्ली गजरौला से मछली केंटर में भरकर उतम नगर दिल्ली जा रहा था। जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सिगोली तगा गांव के समीप पहुंचा तो केंटर का टायर फट गया।

जिससे केंटर सड़क किनारे जा पलटा जिससे केंटर में भरी मछली एक्सप्रेस-वें और नीचें



बिखर गयी। लोगो ने देखा तो वहा भीड़ इखट्टा हो गयी। वही मछली लूटने लगे जिससे वहा भगदड़ का माहौल बन गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी और केंटर चालक सहित मछलीयों को एक किनारें लगवाया। वही पीड़ित ने बताया की लगभग तीन लाख का नुकसान हुआ है। वही एक्सप्रेस-वें पर भी अफरा तफरी का माहौल रहा।

## कोहरे के चलते ठंड से ठि्ठरे स्कूल के बच्चें, वाहनों की रुकी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** कोहरे के चलते जहां स्कूल जानें वाले छोटे बच्चें ठि्ठुरते नजर आये वही वाहनों की रफ्तार में भी ब्रेक लगा है जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

कोहरे के चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वही सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जानें वाले छोटे बच्चों को उठानी पड़ रही है। स्कूल जाते समय बच्चें ठि्ठुरते नजर आये। इसके अलावा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर भी वाहनों की रफ्तार में ब्रेक लगा है। वाहन चालक वाहनों को साइड में खड़ा कर को. हरा छटने का इन्तजार करते नजर आये। वही दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा आदि स्थानों पर नौकरी करने वाले लोगो को सबसे जायदा परेशानी उठानी पड़ रही है, जहा वाहनों की रफ्तार कम होने के कारण नौकरी पेशा लोग कोहरे के चलते परेशान नजर आये।



### एक नजर

## ग्रामीणों ने बिजली घर बनवाने की मांग को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील में पहुंचकर शनिवार को टांडा के ग्रामीणों ने डीएम बागपत को ज्ञापन देकर टांडा गांव में बिजली घर बनवाने की मांग की गई टांडा गांव के लोग ग्राम प्रधान नवाजिश खान के नेतृत्व में डीएम बागपत से मिले। उन्होंने ग्राम पंचायत के जमीन में बिजली घर बनवाने की मांग की।

ग्राम प्रधान नवाजिश खान ने डीएम बागपत को बताया कि टाडा गांव में ग्राम पंचायत की जमीन खाली पड़ी हुई है जिस पर दबंग लोग कब्जा करना चाह रहे हैं। दबंग से जमीन को मुक्त कराकर बिजली घर बनवाया जाए। टांडा गांव में 4000 से ऊपर विद्युत विभाग के कनेक्शन चालू है। डीएम बागपत ने तुरंत विद्युत विभाग को जांच कराकर बिजलीघर घर बनवाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में रियासत का मेहरबान शराफत खान हनीफ विनोद कुमार शरीफ खान परविंदर चौधरी बृजेश नौशाद रहे इसके अलावा टांडा गांव के ग्राम प्रधान मोहम्मद नवाजिश खान ने डीएम बागपत से बस्ती के ऊपर से गुजर रही एच टी लाइन को हटाने की मांग की उन्होंने कहा कि यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इससे पूर्व में भी कई आज से तार टूट कर गिर जाने से हो चुके हैं। आबादी के ऊपर से लाइन हटवाने की मांग की गई।

## पुलिसकर्मी के फ्लैट में लगी आग, लाखों का सामान राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के मसूरी गांव स्थित एनबीसी बिल्डिंग के सी-ब्लॉक में एक पुलिसकर्मी के फ्लैट में अचानक आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

पुलिसकर्मी भरत अपने परिवार के साथ इसी फ्लैट में रहते हैं। घटना के समय भरत अपनी ड्यूटी पर थे, जबकि उनकी पत्नी बच्चों को स्कूल बस में छोड़ने के लिए फ्लैट से बाहर गई हुई थीं। अचानक फ्लैट से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग की तेज लपटें उठने लगीं। आग लगने के कारणों का अभी तक सही पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना तुरंत पुलिस



और दमकल विभाग को दी गई। दमकलकर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया। आग लगने के बाद आसपास के परिवारों में हड़कंप मच गया था, हालांकि आग बुझने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

## खेत पर काम कर रहें किसान पर सांड का हमला, गम्भीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सिगोली तगा गांव में खेत पर गये एक किसान पर आवारा सांड ने हमला बोल घायल कर दिया जिससे उसे सर में गम्भीर चोटे आयी है। ग्रामीणों ने उच्च अधिका. रियों से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

सिगोली तगा निवासी किसान सुरेश त्यागी शुक्रवार शाम को अपने खेत पर गया था जहा उसनें गाजर की फसल बो रखी है। उसनें जब फसल में आवारा पशुओं को बड़ा देखा तो उसने जैसे ही उन्हें भगाने का प्रयास किया तो एक सांड ने उसे जोरदार टक्कर मार पटक दिया। जिससे किसान के सर में गम्भीर चोटे आयी। वही हाथ में भी फेक्चर हो गया। पडौस में काम कर रहे किसानों ने देखा तो दौड़कर वहा पहुंचे और आवारा पशुओं को



भगाते हुए सुरेश को उठाकर रटौल चिकित्सक के यहा ले गये जहा किसान के 14 टाकें आये। वही ग्रामीणों ने बताया की आवारा सांड अब तक कई लोगो पर हमला बोल घायल कर चुका है। ग्रामीणों नें उच्च अधिकारियों से आवारा सांड को पकड़वाने की मांग की है।

## गन्ना क्रय केन्द्र बदलवाने की मांग को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के जिवाना गुलियान के किसानों ने मलकपुर शुगर मिल के गन्ना क्रिय केंद्र को बजाज शुगर मिल किनौनी केंद्र में बदलवाने की मांग को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि जिवाना गुलियाना के किसानों का क्रय केंद्र मलकपुर चीनी मिल से हटाया जाए। इस केंद्र को किनौनी मिल से जोड़ा जाए तभी जाकर किसानों का गन्ना समय से जा सकेगा और किसानों को उसका भुगतान समय से मिल सकेगा। डीएम बागपत ने किसानों को आश्वासन देते हुए गन्ना विभाग को अवगत कराया है। प्रदर्शन करने वालों में हरेंद्र सिंह सेंसेरपाल सुखपाल सिंह राजेंद्र सिंह हरवीर सिंह कृष्णा चौधरी प्रवीण चौधरी वीरेंद्र चौधरी हरेंद्र सोलंकी संजीव सोलंकी सेंसेरपाल बाबूराम सोलंकी सुखपाल सिंह राजेंद्र सिंह हरवीर सिंह चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया तहसील बड़ौत का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शनिवार को तहसील बड़ौत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील के सभी पटलों का क्रमवार निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा खसरा-खतौनी सहित राजस्व अभिलेखों की स्थिति के संबंध में जानक. ारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पटल का कार्य व्यवस्थित एवं नियमों के अनुरूप किया जाए। तहसील में उपलब्ध समस्त अभिलेख व रिकार्ड सुव्यवस्थित ढंग से रखे जाएं तथा पत्रावलियों से संबंधित रजिस्टरों का नियमित रूप से संधारण किया जाए। उन्होंने तहसील परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कार्य में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि कंप्यूटर पर कार्य करने वाला कार्मिक दक्ष एवं प्रशिक्षित होना चाहिए। पुराने अभिलेखों के अवलोकन के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जीर्ण-शीर्ण अभिलेखों की विधिवत वीडिंग कराई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि तहसील में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक किसान एवं नागरिक के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित एसडीएम भावना सिंह एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को किए कंबल वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील में पहुंचकर शनिवार को जन-जन विकास विकलांग समिति के तत्वाधान में अमरपाल सिंह के नेतृत्व में एक ज्ञापन डीएम बागपत अस्मिता लाल को सोफा गया। ज्ञापन में कड़ाके की ठंड में विकलांगों को कंबल वितरण करने की मांग की गई। डीएम बागपत अस्मिता लाल ने समस्या का समाधान करते हुए तुरंत ही विकलांगों संपूर्ण समाधान दिवस पर सभी विकलांग लोगों को कंबल वितरण किये। इस मौके पर वीरेंद्र धीरेंद्र अमरपाल सेवाराम महेंद्र सुभाष चंद्र कश्यप मुन्नी देवी अनुज तोमर तेजपाल परविंदर शबनम शाहिद सुशीला रेखा आदि विकलांग लोगों को कंबल वितरण किये।



## एसपी ने कार से हटवाई काली फिल्म, चालक को दी सख्त हिदायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद एसपी सूरज राय ने यातायात नियमों के प्रति अपनी गंभीरता दिखाते हुए एक सेंट्रो कार से काली फिल्म हटाई। यह घटना तब हुई जब एसपी बड़ौत तहसील दिवस से लौट रहे थे।

एसपी ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि यातायात नियमों को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने पुलिस को यातायात जागरूकता अभियान लगातार चलाने व नियमों का उल्लंघन करने वालों कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी सूरज राय बड़ौत तहसील दिवस में



जनसमस्याएं सुनने के बाद बागपत लौट रहे थे। सरूरपुर गांव के पास उन्होंने दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक सेंट्रो कार देखी, जिस पर काली फिल्म लगी हुई थी। एसपी ने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और सेंट्रो कार को भी रुकवाया। उन्होंने खुद कार पर लगी काली फिल्म को हटाया। एसपी ने वाहन चालक को यातायात नियमों का उल्लंघन न करने की सख्त हिदायत दी और कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

## जेएसआर फार्म हाउस पर देसी गौशाला का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जेएसआर फार्म, बड़ौत में जन उदय फाउंडेशन द्वारा खेलो युवा अभियान के अंतर्गत जनपद बागपत के 100 स्थानों के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की नि:शुल्क वॉलीबॉल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवाओं को नशे से दूर रखने, खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जन उदय फाउंडेशन के सचिव दीपक राणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने खिलाड़ियों को वॉलीबॉल किट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने जेएसआर फार्म हाउस का भी भ्रमण किया। भानु प्रताप ने बताया कि यह जनपद बागपत की पहली देसी गाय आधारित गौशाला है, जहां से ऑर्गेनिक व आयुर्वेदिक विधि से देसी घी का निर्माण किया जाता है। साथ ही फार्म में जैविक खेती एवं फूड प्रोसेसिंग की आधुनिक विधियों को भी जिलाधिकारी ने देखा और संबंधित कार्यों की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ अनुशासन एवं टीम भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। कार्यक्रम में एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, उद्यान विभाग के पूर्व निदेशक जी.बी. रटोड़ी, पूर्व आईआरएस अधिकारी डा. ईश्वर सिंह, कार्यक्रम संचालक भानु प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## दो सांडों की भिड़ंत से बाजार में मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अमीनगर सराय कस्बे में दो सांडों की भिड़ंत से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना मुख्य बाजार में करीब 20 मिनट तक चली, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, सराय बाजार में घूम रहे दो सांड अचानक आपस में भिड़ गए। उनकी लड़ाई इतनी भीषण थी कि मुख्य मार्ग करीब 20 मिनट तक जंग का अखाड़ा बना रहा। इस दौरान कई वाहन चालक बाल-बाल बचे। सांडों की भिड़ंत से दुकानों के बाहर रखा सामान भी अस्त-व्यस्त हो गया, जिससे व्यापारियों को नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर सांडों को अलग करने का कई बार प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हुए। करीब



20 मिनट बाद, नगर पालिका के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद पानी डालकर सांडों को वहां से खदेड़ा। इसके बाद ही स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। व्यापारी मुकेश, राहुल और नौशाद ने बताया कि ये दोनों सांड काफी समय से बाजार में घूम रहे थे। उनकी भिड़ंत से बाजार में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही और व्यापारियों को नुकसान झेलना पड़ा। उन्होंने इस घटना को वर्चस्व की जंग बताया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसी घटनाएं आए दिन होती रहती हैं, जिनसे निपटने के लिए आवारा पशुओं को समय पर गौशालाओं में पहुंचाया जाए और वहां उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

## शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ईओ को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन के कार्यकर्ता और पदा. धिकारी नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना से मिलने पहुंचे। उन्होंने शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए एक शिकायत पत्र सौंपा।



एसोसिएशन ने शिकायत की कि जल निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों को खोद दिया गया है, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मार्गों के शीघ्र दुरुस्तीकरण की मांग की। संगठन ने यह भी बताया कि कोहरे का मौसम चल रहा है और रात्रि में कुछ स्थानों पर अंधेरा रहता है, क्योंकि वहां लाइटें नहीं लगी हैं। उन्होंने ऐसे स्थानों को चिह्नित कर लाइटें लगाने की अपील की, ताकि मार्गों पर उचित उजाला हो और किसी को असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, एसोसिएशन ने कहा कि कई रास्ते और मोहल्ले ऐसे हैं, जहां लोग 20 वर्षों से रह रहे हैं, लेकिन वहां खड़ंजे और रास्तों का निर्माण नहीं हुआ है। उन्होंने इन रास्तों पर खड़ंजे लगाने की मांग की, ताकि प्रत्येक निवासी को सुविधा मिल सके। सर्दी के मौसम में बेजुबान जानवरों को होने वाली कठिनाइयों का जिक्र करते हुए, उन्होंने उनके लिए रैन बसेरे और अस्थाई घोंसले बनाने की मांग की। इसका उद्देश्य पशु-पक्षियों को भीषण सर्दी से बचाना और उन्हें सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध कराना है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना ने एसोसिएशन को सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान यूनाइटेड मेडिकेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रियासत अली, इमरान मलिक सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पत्नी ओर दो बेटियों के हत्यारे पर होगी रासुका की कार्रवाई

**गांव के सैकड़ों लोगों ने की थी आरोपी को फांसी दिए जाने की मांग**
**पत्नी ओर दो बेटियों की हत्या कर सेफ्टी टैंक में दबा दिया था**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में पत्नी व दो बेटियों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस आरोपी पर रासुका की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूख ने अपनी पत्नी ताहिरा की बिना बुर्का पहनकर अपने घर चले जाने से नाराज होकर नौ दिसंबर की रात्रि को गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोली की आवाज सुनकर 14 वर्षीय बेटी आफरीन की आंख खुल गई थी। फारूक ने अपनी बेटी आफरीन को भी गोली मार दी थी, जैसे ही आफरीन को गोली मारी तो आठ वर्षीय सहरीन की भी आंख खुल गई थी। आरोप है कि फारूक ने सहरीन की भी गला दबाकर हत्या कर दी थी, और तीनों शवों को घर के आंगन में खोदे गए सेफ्टी टैंक में डालकर मिट्टी डाल दी थी और ऊपर से ईंटें बिछा दी थी। कई दिन बीत जाने के बाद परिवार को शक हुआ तो परिवार के लोगों ने फारुख से पत्नी और बच्चों के बारे में पूछताछ की थी। फारूक ने बताया था कि उसने अपनी पत्नी और बच्चों को कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन में किराए के मकान में रख रखा है। फारूक अपने परिवार के लोगों को लेकर लिलोन पहुंचा तो वहां कुछ नहीं मिला था।

देर शाम को फारुख के पिता दाऊद ने फारूक पर पत्नी व दो पोतियों की हत्या करने का शक जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जानकारी देकर फारुख को हिरासत में ले लिया था और कड़ाई से पूछताछ की तो फारुख टूट गया था। फारूक ने पुलिस को बताया था कि उसने पत्नी सहित दो बेटियों की हत्या कर घर के आंगन में बने सेफ्टी टैंक में दबा रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सेफ्टी टैंक की खुदाई कराई थी। सेफ्टी टैंक के अंदर से पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। मौके पर मृतक महिला के परिजन भी आ गए थे। जिन्होंने जमकर हंगामा किया था। सूचना पर एसपी एनपी सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा कारत.स और सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस ने मृतक महिला ताहिरा के पिता आमिर अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी गांव नरा थाना मंसूरपुर की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया था। मृतक महिला के परिजन तीनों शवों को अपने गांव नरा थाना मंसूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर ले गए थे। गांव गढ़ी दौलत के सैकड़ों लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस आरोपी पर रासुका की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि आरा.पी पर शीघ्र ही रासुका की कार्रवाई की जाएगी।

# तहसील ऊन में डीएम ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज जिला. धिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में तहसील ऊन के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए जनसमस्याओं का समय से गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा 22 शिकायती पत्र प्राप्त हुए प्राप्त शिकायती पत्रों में से मात्र 02 शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।और शेष शिकायतों के समय से निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस से संबंधित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें।



आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी, डीएफओ जगदेव सिंह सीएमओ डॉ अनिल कुमार, तहसीलदार ऊन सहित सभी संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा तहसील कैराना में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिक.ारियों को दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष 19 शिकायतें आईं। प्राप्त शिकायतों में 02 का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज तहसीलदार कैराना सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

इसके अलावा तहसील शामली में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सत्एन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), शामली की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी के समक्ष आज 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर 02 शिकायत का निस्तारण किया गया। ओर शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम शामली अर्चना शर्मा,तहसीलदार शामली मनोज कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बोलेरो पिकअप में क्षमता से अधिक पशु भरने व पशुओ का मुंह बांधकर ले जाते हुए देख बजरंगदल कार्यकर्ताओ ने पिकअप को पकडकर पुलिस को सौंपा थानाभवन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुक.दमा पंजीकृत किया।राष्ट्रीय बजरंगदल के तहसील अध्यक्ष अनुज चौहान ने बताया की वह शुक्रवार को शामली से सहारनपुर के लिए जा रहा था रास्ते में हिंड पुलिया कट के पास एक बोलेरो पिकअप में लगभग 15 कटिया पशु बुरी तरह से मुंह बांधकर बड़ी ही बेहरहमी से शामली की और ले जा रहे हैं।पिकअप गाड़ी को रुकवाया और पुलिस को इसकी सुचना दी। थानाभवन पुलिस ने अनुज चौहान की तहरीर के आधार पर तीन लोगो चालक उस्मान पुत्र शाहिद ग्राम उमरपुर थाना बुढ़ाना, मुरसलीन व शानू ग्राम उमरपुर बुढ़ाना के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया हैं।

### रात्रि गश्त के दौरान एक युवक अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** रात्रि गश्त एवं चे.कंग अभियान के दौरान पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मन्टी हसनपुर अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान उप निरीक्षक विपिन कुमार द्वारा हेड कांस्टेबल अरविन्द कुमार व हेड कांस्टेबल बाबूराम के साथ मिलकर एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आर्यन पुत्र स्वर्गीय विक्रम सिंह, निवासी ग्राम बलवाखेड़ी, थाना चरथावल, जनपद मुजफ्फरनगर, उम्र करीब 22 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुक.दमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी के संबंध में पुलिस अग्रिम जांच में जुटी हुई है।

### बेकाबू बैल ने भैंसा बुग्गी को मारी टक्कर, कंटीले तारों में फंसे भैसे का पैर कटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** नाईनंगला नवीन में एक बेकाबू बैल ने भैंसा बुग्गी को टक्कर मार दी। बैल की टक्कर से भैसा उछलकर नुकीले तारो मे गिर गया। वही बुग्गी मे सवार चार बालको को मामूली चोटे आई है। भैंसा मालिक का आरा.प है कि गांव के निकट प्रतिबंधित तार लगाना गैरकानूनी है। नुकीले तारो की चपेट मे आने से भेंसा बूरी तरह से घायल हो गया। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव नाईनंगला नवीन में दो पशुओं की आपस मे भिडंत हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि युसूफ पुत्र मिदां भैंसा बुग्गी मे बच्चो को बैठाकर खेत जा रहा थां उसी दौरान जैसे ही रियाज पुत्र अजीज के खेत के निकट पहुॅचा तो एक बैल ने बेकाबू होकर भैंसें को टक्कर मार दी। जिस कारण भैंसा बुग्गी से निकल रियाज के खेत मे लगी कंटीलें तारो मे जा गिरा। जिससे भैंसे का पैर कट गया। वही दूसरी ओर बच्चे भी सडक पर जा गिरे। बच्चो को मामूली चोटे आई। भैंसा मालिक ने खेत मालिक पर प्रतिबंधित तारो के इस्तेमाल पर कार्यवाही की मांग की है।

### हथियार रखने के मामले दोषी को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी पैरवी का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के एक आयुध अधिनियम के मामले में न्यायालय कैराना ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में थाना आदर्शमंडी पर ग्राम बधैव निवासी सचिन पुत्र अनंगपाल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना पूर्ण होने के उपरांत पुलिस द्वारा न्यायालय में सशक्त व प्रभावी पैरवी की गई। पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 19 दिसंबर 2025 को न्यायालय कैराना ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाते हुए 2500 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को सात दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपरा.धियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तथा न्यायालय में प्रभावी पैरवी का यह क्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### मंदिरों के पुजारियों को कंबल वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका चेयरमैन द्वारा बढती कडाके की ठंड को देखते हुए शहरभर के सभी मंदिरों के पुजारियों को कंबल वितरित किए गए। शनिवार को शामली नगर पालिका में तीसरा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने कडाके की ठंड को देखते हुए शहरभर के सभी मंदिरों के पुजारियों को कंबल वितरित किए। उन्होने कहा कि मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले पुजारी सवेरे और देर रात तक मंदिरों में रहते है और भगवान की सेवा करते है। ऐसे में उन्हे भीषण ठंड के प्रकोप का सामना करना पडता है। उन्होने बताया कि नगर पालिका के सभी वार्ड क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सभासद रोबिन गर्ग, सभासद गुलजार मंसूरी, सभासद तोहित रहमानी, लिपिक अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।



# घने कोहरा जान का दुश्मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में इन दिनों घना कोहरा और शीतलहर जनजीवन पर भारी पड़ रही है। बीते चार दिनों से कोहरे की चादर ने पूरे जिले को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। इसके साथ ही शीतलहर के चलते तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे आमजन का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

शनिवार को मौसम का अधि.कतम तापमान 17 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। अब दिन दिनों कडाके की ठंड ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले दो दिनों से धूप न निकलने से लोगों को ठंड ने खासा परेशान कर दिया है। गर्म कपडों में लोगों के शरीर के कंपकंपी बंधी रही। सुबह और देर रात को को.हरे का असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। .श्यता बेहद कम होने के कारण सड़कों पर वाहन रेंग-रेंगकर चलने को मजबूर हैं। राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। कोहरे की वजह से रेल यातायात भी प्रभावित हो रहा है, कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठंड का असर इतना अधिक है कि लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बाजारों में भी दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है। शाम ढलते ही सड़कों पर आवाजाही और कम हो जाती है। खासकर रात के समय बिना रिफलेक्टर लगे वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। ऐसे वाहन सड़क पर चलते हुए अन्य चालकों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। पुलिसकर्मी विशेष रूप से गन्ने से भरे वाहनों पर रिफलेक्टर लगवा रहे हैं, ताकि कोहरे में उनकी पहचान हो सके और हादसों से बचा जा सके। इसके साथ ही वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने और फॉग लाइट का प्रयोग करने की सलाह दी जा रही है।स्कूल जाने वाले बच्चे भी इस मौसम से खासे परेशान हैं। सुबह के समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरे में बच्चों को स्कूल जाना पड़ रहा है।

# बाल विवाह की रोकथाम हेतु थानाभवन में जागरुकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों तथा जिलाधिकारी शामली के आदेशों के अनुपालन में दिनांक 20 दिसंबर, 2025 को जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में लाला लाजपत राय इंटर कालेज, थानाभवन में श्बाल विवाह मुक्त समाजश की दिशा में एक जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद शामली में ह्बाल विवाह मुक्त भारतह्व अभियान दिनांक 27 नवंबर, 2025 से 08 मार्च, 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र- छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्राविधानों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से कुलदीप शर्मा ने बताया कि बाल विवाह का एक ऐसा प्रकार है, जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष से कम एवं लड़के की आयु 21 वर्ष से कम होने के बावजूद विवाह कर दिया जाता है, जो कि पूर्णतः गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।उन्होंने जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम आयु में बालिकाओं का तथा 21 वर्ष से कम आयु में बालकोंध्लड़कों का विवाह करनाध्कराना कानूनन अपराध है, जिसके लिए 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा रु. 1,00,000 तक का जुर्माना या दोनों का प्राविधान है। इसके अतिरिक्त बाल विवाह में सम्मिलित सभी व्यक्तिकृजैसे बाराती, फोटोग्राफर, टेंट कैटरिंग संचालक, मौलवीध्पंडित, बैंड संचालक आदि के विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही करते हुए थ्प्त दर्ज की जा सकती है।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है, जिनके माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाती है।अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि यदि आपके आसपास कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है या संदेह होता है, तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 अथवा महिला हेल्पलाइन सेवा 181 पर दी जा सकती है। समय पर सूचना मिलने से बाल विवाह को रोका जा सकता है।चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से केस वर्कर रतन सिंह ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि की पात्रता एवं लाभों के बारे में विस्तार से बताया।जिला बाल संरक्षण इकाई, शामली से मती रीमा चौधरी ने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु उपलब्ध महिला हेल्पलाइन न। 181 एवं उत्तर प्रदेश चाइल्ड हेल्पलाइन दव। 1098 की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा विभिन्न संरक्षण कानूनों की जानकारी साझा की।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को बाल विवाह न करने एवं समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मती पूजा मलिक व विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 120 जरूरतमंद परिवारों को वितरित की गई रजाइयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन के तत्वावधान में आज शहर के अग्रसेन पार्क में चतुर्थ रजाई वितरण कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कड़ाके की ठंड को देखते हुए क्लब द्वारा मानव सेवा के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 120 जरूरतमंद एवं निर्धन परिवारों को गर्म रजाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम पूर्णतः सेवा, करुणा एवं सामाजिक सरोकार की भावना को समर्पित रहा।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोमेश कुमार द्धडिप्टी कमिश्नर उपायुक्त राज्यकरत्र्ऩ रहे। उन्होंने लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को रजाई उपलब्ध कराना वास्तव में एक सराहनीय एवं मानवीय पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ सामाजिक एकजुटता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने क्लब के सभी पदा.धिकारियों एवं सदस्यों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर सेवा कार्य करते रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में यशपाल निर्वाल जी, पूजा निर्वाल, शैली निर्वाल पवन नैन उपस्थित रहे। सभी विशिष्ट अतिथियों ने स्वयं जरूरतमंदों को रजाइयां वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया और लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक दायित्वों की खुले मंच से सराहना की। अतिथियों ने कहा कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति को इस प्रकार के सेवा कार्यों में आगे आकर सहयोग करना चाहिए। क्लब के अध्यक्ष लायन गौरव मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि यह लायंस क्लब शामली क्राउन का चतुर्थ रजाई वितरण कार्यक्रम है और क्लब आगे भी निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहायता, वस्त्र वितरण एवं अन्य सेवा कार्य लगातार करता रहेगा। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब का मूल उद्देश्य ही मानव सेवा है और इसी भावना के साथ क्लब निरंतर समाज की सेवा में समर्पित है। क्लब के सचिव लायन आशीष गोयल ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंच.ाने के लिए यह कार्यक्रम विशेष रूप से योजनाबद्ध तरीके से आयोजित किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष लायन तरुण जैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, दानदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्लब के संस्थापक अध्यक्ष लायन संजय सांगल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने क्लब की स्थापना से लेकर अब तक किए गए विभिन्न सेवा कार्यों की संक्षिप्त जानकारी साझा करते हुए कहा कि लायंस क्लब शामली क्राउन आगे भी समाज सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में लायन देवाशीष गुप्ता द्धएडवोकेटत्र्ऩ, लायन प्रदीप विश्वकर्मा, लायन अर्जुन वर्मा, लायन वैभव प्रकाश, लायन अंकुर गोयल, लायन गौरव गोयल, लायन सचिन गर्ग, लायन रामगोपाल शर्मा, लायन रूपेश गुप्ता, लायन सचिन गोयल लायन अंकुश बंसल लायन अमित कुचल लायन विपिन तायल लियोन प्रशांत सिंहल, लायन विकास गोयल, लायन आयुष्मान, लायन संदीप जिंदल, लायन विजय सांगल, लायन गौरव कालरा, लायन राहुल गर्ग सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और रजाई वितरण कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। रजाई पाकर जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। लोगों ने लायंस क्लब शामली क्राउन का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के सेवा कार्यों को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित


**थानाभवन।** शनिवार को मिशन शक्ति फेस.5 के अंतर्गत मिशन शक्ति, एंटी रोमियो टीम व साइबर क्राइम टीम द्वारा नगर के मुख्य बाजारों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं, बालकों एवं अध्यापिकाओं को नए आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति संवेदनशील बनाना रहा।कार्यक्रम में उप निरीक्षक लोकेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल रविता तथा मोबाइल चालक हेड कांस्टेबल प्रवेश ने सहभागिता की। टीम ने उपस्थित महिलाओ व युवतियों को ह्दंड से न्याय की ओरह्व विषय के अंतर्गत नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी और बताया कि इन कानूनों से महिलाओं का सशक्तिकरण कैसे होगा। इस दौरान साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध तथा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को सुरक्षित रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने तथा कानून का सही उपयोग करने के बारे में जागरूक किया गया।टीम द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं 108 एंबुलेंस सेवा शामिल हैं। इसके साथ ही सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, समूह विवाह योजना आदि के बारे में भी जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस टीम ने सभी से कानून के प्रति जागरूक रहने, महिलाओं व बालिकाओं के सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहयोग करें।

# अट्ठे वाला मंदिर में महा आरती का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति द्वारा अट्ठे वाला मंदिर मैं एक महा आरती का आयोजन किया गया जिसके मुख्य यजमान प्रशांत पांडे, अनिल रेनू और पीयूष रूहेला सपरिवार रहे पंडित प्रदीप पांडे ने विधि विधान के साथ महा आरती कराई जिसमें आसपास के सभी भक्त जनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा माता रानी का गुणगान किया आरती के पश्चात सभी भक्तजनों को माता का प्रसाद और श्रृंगार का सामान भी वितरित किया गया सभी भक्त जनों ने समिति के पवित्र कार्य की प्रशंसा की अंत में संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह अमावस्या को संस्था द्वारा कराई जाती है अंत में उन्होंने सभी भक्तजनों को धन्यवाद दिया इस मौके पर लोकेंद्र संगल प्रवीण बंसल महेश गर्ग खजांची अर्चना तायल शिवकुमार तायल प्रियंका गर्ग सलोनी सुनील गोयल अलका तायलआदि उपस्थित रहे।

# एक माह पूर्व सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत के मामले में नहीं हुआ मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मौलानान निवासी सादिक पुत्र निजामुद्दीन ने थाने पर तहरीर देते बताया कि पड़ोस के ही संजीव व अरविंद पुत्रगण ऋषिपाल, ऋषिपाल पुत्र बुल्ला पीड़ित के परिवार से रंजिश रखते हैं। गत 22 नवंबर को उक्त लोगों ने पीड़ित के पिता के साथ गाली गलौज की थी। पीड़ित का पिता अपनी स्कूटी पर सवार होकर उक्त लोगों की शिकायत करने पहुंचे थे। जैसे ही पीड़ित का पिता थाने पर शिकायत कर वापस लौट रहे थे तो आरोप है कि आरोपियों ने अज्ञात बुलेट से पीड़ित के पिता की स्कूटी मे टक्कर मार दी थी। जिसका लाइव वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था पीड़ितों के पास सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है। जिससे पीड़ित का पिता गंभीर रूप से घायल हो गया था। आसपास के लोगों ने पीड़ित के पिता को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने पीड़ित के पिता की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। पीड़ित के पिता का दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में उपचार चल रहा था। 14 दिसंबर को पीड़ित के पिता की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतक का शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया था। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि आरो.पियों पर कार्रवाई को लेकर लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पुलिस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पासपोर्ट फाइल नंबर GZBA00698409 में मेरे पिता का नाम समसाद SAMSAD दर्ज है,जो कि गलत है, जबकि सही नाम शमशाद SHAMSHAD है। भविष्य में इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

**दिलशाद पुत्र शमशाद**
**निवासी मोहल्ला आलदरम्यान**
**कस्बा व तहसील कैराना,**
**जनपद शामली**

# विश्व कप टी-20 टीम से बाहर गिल

## भारत की 15 सदस्यीय टीम में ईशान किशन व रिंकू सिंह को शामिल किया गया



**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज और उसके बाद होने वाले पुरुष टी-20 विश्व. कप कप 2026 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में ईशान किशन और रिंकू सिंह को शामिल किया गया है। हाल ही में चोटिल हुए शुभमन गिल को टीम में जगह नहीं मिल पायी। यहां बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ हुई बैठक के बाद 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई। टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम से शुभमन गिल को बाहर कर दिया गया है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में गिल उप-कप्तान थे और चौथे मैच से पहले अभ्यास के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इस साल टी-20 में गिल का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। उन्होंने 15 पारियों में सिर्फ 291 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 24.25 और स्ट्राइक रेट 137.26 रहा और उनके नाम कोई अर्द्धशतक या शतक नहीं रहा। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में लगभग 200 की स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाकर झारखंड को अपनी कप्तानी में चैंपियन बनाने वाले इशान किशन की भारतीय टीम में वापसी हुई है। उन्होंने टूर्नामेंट में सिर्फ 10 पारियों में 57-32 की औसत से 517 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 197-32 रहा। उन्होंने दो अर्द्धशतक और दो शतक बनाये, जिसमें हरियाणा के खिलाफ फाइनल में जड़ा गया शतक (49 गेंदों पर 101 रन) भी शामिल है। चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम दो टी-20 से बाहर होने वाले अक्षर पटेल को अब उप-कप्तान बनाया गया है। वहीं एशिया कप में विजयी शॉट लगाने वाले रिंकू सिंह विश्व कप के लिए मुख्य टीम में वापस आ गए हैं। वॉलशगटन सुंदर भी इस बार मुख्य टीम का हिस्सा हैं। यही टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भी खेलेगी। संजू सैमसन के अलावा किशन टीम के दूसरे विकेटकीपर होंगे। टीम में तीन तेज गेंदबाज और दो स्पिनर शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी अटैक की अगुवाई करेंगे, जबकि अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा अन्य दो तेज गेंदबाज हैं। स्पिनरों में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव शामिल हैं। भारत टी-20 विश्वकप से पहले भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच खेलेगा। टी-20 सीरीज 21 जनवरी से 31 जनवरी तक खेली जाएगी। 11 से 18 जनवरी तक खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों के लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी।

**भारतीय टीम प्रकार है:-** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल (उप-कप्तान) रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह।



खेल विशेष

## भारतीय महिला टीम व श्रीलंका के बीच रविवार से शुरु होगी पांच मैचों की टी-20 सीरीज

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** एकदिवसीय विश्वकप चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को पहली बार विशाखापत्तनम में शुरु होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज में श्रीलंका की मेजबानी करेगी। टूर्नामेंट के पहले दो मैच विशाखापत्तनम में खेले जायेंगे। जिसके बाद सीरीज के आखिरी तीन मैचों तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यह सीरीज 30 दिसंबर तक चलेगी। पिछले महीने एकदिवसीय प्रारुप में विश्व चैंपियन बनने के बाद भारतीय महिला टीम का यह पहला अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला होगा। श्रीलंका सीरीज के लिए 15 सदीस्यी भारतीय टीम में विश्व कप जीतने वाली टीम के कई सदस्य, जिनमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना और प्लेयर ऑफ द सीरीज दीप्ति शर्मा शामिल हैं। कोच अमोल मजूमदार ने 19 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को भी पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया है। कमलिनी यास्तिका भाटिया की जगह लेंगी, जो विश्व कप में चोट लगने के बाद रिहैब से गुजर रही हैं। इस बीच वैष्णवी को सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी 2025 में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। इस टूर्नामेंट में वह सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने आखिरी बार जुलाई में टी-20 सीरीज खेली थी और इंग्लैंड को 3-2 से हराया था। श्रीलंका की टीम भारत सीरीज में अनुभवी चमारी अटापट्टू की कप्तानी में खेलेगी। यह सीरीज अगले साल जून-जुलाई में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण


## छक्के से चोटिल हुए कैमरामैन से हार्दिक ने माफी मांगी

● **हार्दिक ने अपने खास अंदाज में गेंदबाजों पर हमला करते हुए अनजाने में एक गेंद को कैमरामैन के हाथ पर मार दिया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पांचवें और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के दौरान उनके छक्के से चोटिल हुए कैमरामैन से माफी मांगी और उनका हालचाल पूछा।

कल रात खेले गए इस मुक. ाबले में पांड्या की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच में जान डाल दी थी। उन्होंने अपने खास अंदाज में गेंदबाजों पर हमला करते हुए अनजाने में एक गेंद को कैमरामैन के हाथ पर मार दिया। चोट इतनी तेज थी कि भारतीय डगआउट का ध्यान भी उस पर गया और असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट इस घटना पर साफ तौर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते दिखे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, कैमरामैन ने कहा कि वह ठीक है और मेडिकल स्टाफ से बर्फ की सिकाई करवाने के बाद भी उसने अपना काम जारी रखा। उसने कहा कि अगर गेंद उसे कहीं और लगी होती तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। मैच खत्म होने के तुरंत बाद हार्दिक सीधे उस कैमरामैन के पास पहुंचे और उसका हालचाल जाना। उसे गले लगाया और दर्द कम करने के लिए खुद बर्फ की सिकाई करने में मदद की। भारतीय स्टार ने कहा कि कैमरामैन खुशकिस्मत था कि गेंद उसके हाथ पर लगी न कि किसी और नाजुक जगह पर।

# हॉज का शतक, विंडीज 381/6



● **केवम हॉज ने नाबाद 109 रन एलेक ने 45 और ग्रिव्स ने 43 रनों की जुझारू पारी खेली**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** केवम हॉज (नाबाद 109), ऐलेक ऐथनेज (45) और जस्टिन ग्रीव्स (43) की जूझारू परियों के दम पर वेस्टइंडीज ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को स्टंप्स के समय छह विकेट पर 381 रन बना लिए है। हालांकि वह न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से अभी भी 194 रन पीछे है। यहां वेस्टइंडीज ने कल के 110 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड को पहली सफलता जेकब डफी ने जॉन कैंपबेल (45) को टॉम लेथम के हाथों कैच आउट कराकर दिलाई। इसके बाद 35वें ओवर में उन्होंने ब्रैंडन किंग (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद केवम हॉज और टेविन इमलाक के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। 56वें ओवर में माइकल रे ने टेविन इमलाक (27) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। ऐलेक ऐथनेज 57 गेंदों में (45), जस्टिन ग्रीव्स 69 गेंदों में (43) और कप्तान रॉस्टन चेज (दो) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 381 रन बना लिए थे और केवम हॉज (नाबाद 109) और एंडरसन फिलीप (नाबाद 12) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी और एजाज पटेल ने दो-दो विकेट लिए।

## विजय हजारे टूर्नामेंट में मुंबई के लिए दो मैच खेलेंगे रोहित

● **शार्दूल ठाकुर मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे, सरफराज मुशीर और रघुवंशी भी शामिल**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय एकदिवसीय टीम के धाकड़ बल्लेबाजों में शुमार रोहित शर्मा को विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मैचों के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। शार्दुल ठाकुर मुम्बई टीम की कप्तानी करेंगे। टीम में सरफराज खान, मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी भी शामिल हैं। इसके अलावा टीम में कई नए चेहरे शामिल किए गए हैं। 2019 में इंडिया इमर्जिंग के लिए चार लिस्ट ए मैच खेलने वाले चिन्मय सुतार को टीम में जगह मिली है, साथ ही बल्लेबाज ईशान मुलचंदानी और तेज गेंदबाज ओंक. ार तरमाले को भी शामिल किया गया है। हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल की नीलामी में ओंकार तरमाले को खरीदा था। जाने-पहचाने चेहरों में, सिद्धेश लाड, विकेटकीपर हार्दिक तमोरे और स्पिन जोड़ी शम्स मुलानी और तनुष कोटियन शामिल हैं। टीम में अलजक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल और आयुष म्हात्रे नहीं है। टूर्नामेंट में मुंबई ग्रुप सी में है। मुम्बई 24 दिसंबर को जयपुर में सिक्किम के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। दो दिन बाद, वे उत्तराखंड का सामना करेंगे।

विजय हजारे ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम:- शार्दुल ठाकुर (कप्तान), रोहित, ईशान मुल. चंदानी, मुशीर खान, अंगकृष रघुवंशी, सरफराज, सिद्धेश, चिन्मय, आकाश (विकेटकीपर), हार्दिक(विकेटकीपर)

## श्रीलंका ने टी-20 विश्व कप के लिए शनाका की अगुवाई वाली टीम की घोषणा की



**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए ऑलराउंडर दासुन शनाका की अगुवाई में 25 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा की है। चयनकर्ताओं ने टीम में पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा और पूर्व कप्तान असलंका जैसे सफेद गेंद क्रिकेट का अनुभव रखने वाले मजबूत खिलाड़ियों को शामिल किया हैं। ऑलराउंडर के तौर पर वानिंदु हसरंगा, धनंजय डी सिल्वा, कामिंदु मेंडिस और दुनिथ वेल्लालागे बल्ले और गेंद दोनों से संतुलन प्रदान करते हैं। गेंदबाजी यूनिट में दुशमंथा चमीरा और मथीशा पथिराना जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज शामिल हैं, साथ ही मिस्ट्री स्पिनर महेश थीक्षाना भी हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, ईशान मलिंगा, विजयकांत व्यासकांत और ट्रैवीन मैथ्यू जैसे कई युवा खिलाड़ियों को भी टूर्नामेंट से पहले अपनी जगह बनाने का मौका मिला है।

टीम में 2024 में हुए पिछले टी-20 विश्व कप के तेरह खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के अगले एडिशन के लिए बरकरार रखा गया है। इनमें शनाका, हसरंगा, असलंका, कुसल मेंडिस, निसांका, कामिंदु मेंडिस, डी सिल्वा, थीक्षाना, दुनिथ वेल्लालागे, चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना और दिलशान मदुशंका शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम टीम की पुष्टि सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के करीब की जाएगी।

**आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए श्रीलंका की प्रारंभिक टीम इस प्रकार है:-**
दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, कुसल परेरा, धनंजय डी सिल्वा, निरोशन डिकवेला, जेनिथ लियानगे, चैरिथ असालंका, कामिंदु मेंडिस, पवन रथनायके, सहान अराचिगे, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, मिलन रथनायके, नुवान तुषारा, ईशान मललगा, दुष्मंथा चमीरा, प्रमोद मदुशन। मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, महेश थीक्षाना, दुशान हेमंथा, विजयकांत व्यासकांत और ट्रैवीन मैथ्यू।

## तिलक वर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर चुना गया



● **अवॉर्ड मिलने के बाद तिलकर ने कहा कि दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतकर, एक बहुत ही खास इंसान से इस पाकर अच्छा ही लगा**

**अहमदाबाद, वार्ता।** अगल-अगल परिस्थितियों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज जीत के बाद 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' पदक से सम्मानित किया गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किए गए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' इंडिया बनाम दक्षिण अफ्रीका टी-20आई सीरीज 2025 टाइटल वाले एक वीडियो में, तिलक को भारतीय टीम के ट्रेनिंग असिस्टेंट राघवेंद्र द्रगी ने पदक प्रदान किया। जब भारत ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पांचवें और आखिरी टी-20ᴾ में 30 रन से जीत हासिल करके सीरीज अपने नाम की। ड्रेसिंग रूम में हुए पुरस्कार समारोह में राघवेंद्र ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का सामना करने में धैर्य, आत्मविश्वास और लचीलेपन के महत्व के बारे में बात की।

भारत की यह जीत लगातार आठवीं टी-20 सीरीज जीत थी, जो सबसे छोटे प्रारुप में टीम की निरंतरता को दिखाती है। सीरीज के निर्णायक मैच में तिलक ने 42 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 73 रनों की शानदार पारी खेलकर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए, सलामी बल्लेबाजों द्वारा मजबूत नींव रखने के बाद हार्दिक पांड्या के साथ एक महत्वपूर्ण शतकीय साझेदारी की, जिससे भारत 231 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचा। अवॉर्ड मिलने के बाद तिलक ने कहा कि दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतकर और एक बहुत ही खास इंसान से इसे पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। जिस तरह से हमने दबाव में खेला, वह देखना बहुत अच्छा था। आने वाली न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप में हमारी परीक्षा होगी, और आइए हम उसी रवैये के साथ उन्हें जीतें। तिलक ने सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर चार पारियों में 62-33 की शानदार औसत और 131-69 के स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए। उनके खाते में दो अर्द्धशतक शामिल थे, जिसमें 73 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। पूरी सीरीज के दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने अपनी अनुकूलन क्षमता और खेल की समझ का प्रदर्शन किया। पहले टी-20 में, नंबर 4 पर 32 गेंदों में उनके 26 रनों की सधी हुई पारी ने भारत को शुरुआती 48 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद संभालने में मदद की, जिससे बाद में बड़े स्कोर की नींव रखी गई। दूसरे मैच में, 214 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए, तिलक ने नंबर 5 पर 34 गेंदों में शानदार 62 रन बनाकर अकेले ही लड़ाई लड़ी, जबकि उनके आस-पास विकेट गिरते रहे। इसके बाद उन्होंने तीसरे टी-20 में नाबाद 26 रन बनाकर मैच खत्म करने में अहम भूमिका निभाई।

# कमिंस-नेथन ने इंग्लैंड को हार की ओर धकेला



● **पैट कमिंस और नेथन लॉयने तीन-तीन विकेट हासिल किए**

**एडिलेड, वार्ता।** ट्रैविस हेड (170) और एलेक्स कैरी (72) की शानदार बल्लेबाजी के बाद पैट कमिंस और नेथन लायन (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन शनिवार को दूसरी पारी में 349 का स्कोर करने के बाद 435 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के दूसरी पारी में 207 के स्कोर पर छह विकेट झटक कर उसे हार की ओर धकेल दिया है। यहां ऑस्ट्रेलिया ने 271 रन पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट ट्रैविस हेड के रूप में गिरा। उन्हें जॉश टंग ने आउट किया। ट्रैविस हेड ने 219 गेंदों में 16 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 170 रनों की पारी खेली। 79वें ओवर में बेन स्टोक्स ने शतक की ओर बढ़ रहे एलेक्स कैरी को अपना शिकार बना लिया। एलेक्स कैरी ने 128 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 72 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद इग्लिस गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर हावी हो गए और जल्द ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी को 84-4 ओवर में 349 के स्कोर पर समेट दिया। जॉश इंग्लिस (10), पैट कमिंस (छह), नेथन लायन (शून्य) और स्टॉक बोलैंड (एक) रन बनाकर आउट हुये।

इंग्लैंड की ओर से जॉश टंग ने चार और ब्राइडन कार्स ने तीन विकेट लिए। जोफा आर्चर, विल जैक्स और बेन स्टोक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में 435 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में बेन डकेट (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ऑली पोप भी 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। जो रूट ने जैक क्रॉली के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी हुई। 29वें ओवर में पैट कमिंस ने जो रूट (39) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। हैरी ब्रूक (30), कप्तान बेन स्टोक्स (पांच) को नेथन लायन ने आउट किया। इंग्लैंड का छठा विकेट 54वें ओवर में जैक क्रॉली के रूप में गिरा। उन्हें भी नेथन लायन ने आउट किया। जैक क्रॉली ने 151 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 85 रनों की पारी खेली। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 207 रन बना लिए है और उसे मैच जीतने के लिए 228 रनों की जरूरत है। उसके पास अब केवल चार विकेट शेष है। स्टंप्स के समय जेमी स्मिथ (नाबाद दो) और विल जैक्स (नाबाद 11) क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और नेथन लायन ने (तीन-तीन विकेट) झटके।

## ब्राजील विश्व कप से पहले फ्रांस क्रोएशिया के साथ खेलेगा मैत्री मैच


**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेड रेशन ने कहा है कि उनकी राष्ट्रीय टीम अगले साल फीफा विश्व कप की तैयारी के लिए अमेरिका में फांस और क्रोएशिया के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। सीबीएफ के बयान के अनुसार, पांच बार की विश्व चैंपियन टीम 26 मार्च को बोस्टन में फांस का सामना करेगी, जिसके बाद 31 मार्च को ऑरलैंडो में क्रोएशिया के खिलाफ मैच होगा। ये मैच ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी को विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले खिलाड़ियों का आकलन करने का आखिरी मौका देंगे। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जायेगा। ब्राजील ने 10 टीमों वाली द. अमेरिकन क्वालिफाइंग स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर रहकर विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया।

# न्यूजीलैंड ने अंडर-19 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**ऑकलैंड, वार्ता।** जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2026 के लिए न्यूजीलैंड ने टॉम जोन्स की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) की वेबसाइट के अनुसार ओटागो के ओपनर टॉम जोन्स को टीम का कैप्टन बनाया गया है। जोन्स का यह दूसरा अंडर-19 विश्वकप है। टीम दो जनवरी को अफ्रीका के लिए रवाना होगी। जोन्स ने पिछले महीने ओटागो के लिए अपने प्रथम श्रेणी डेब्यू में 119 रन बनाकर अपनी काबिलियत दिखाई थी। टीम में जोन्स के साथ डोमेस्टिक कैप वाले प्लेयर्स में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के बैट्समैन स्नेहिथ रेढी और विकेटकीपर आर्यन मान, ओटागो के फास्ट बॉलर मेसन क्लार्क और ऑकलैंड के बॉलिंग ऑलराउंडर जसकरण संधू शामिल हैं। रेड्डी व क्लार्क ने इस साल की शुरुआत में ए सूची में डेब्यू किया था।

## फिलिप के 96 रन व एडवर्ड्स के पांच विकेट की मदद से सिडनी सिक्सर्स ने सीजन की पहली जीत हासिल की

**सिडनी, वार्ता।** जॉश फिलिप के (96) और बाबर आजम (58) के अर्धशतकीय पारियों के बद जैक एडवर्ड्स के (पांच विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स ने सिडनी थंडर को 47 रनों से हरा दिया है। यह सिडनी सिक्सर्स की सीजन की पहली जीत है। यहां खेले गए मुकाबले में सिडनी सिक्सर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 198 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बाबर आजम ने अपना पहला बीबीएल में अर्द्धशतक लगाया, और शानदार फॉर्म में चल रहे जॉश फिलिप के साथ मिलकर बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे सिक्सर्स ने थंडर को हराकर जीत दर्ज की। बाबर ने 42 गेंदों में 58 रन बनाकर सिक्सर्स की पारी को संभाला और फिलिप के साथ दूसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी की, जो आखिरी ओवर में 57 गेंदों में 96 रन बनाकर आउट हो गए। डैनियल ह्यूजेस ने 25 रनों की पारी खेली। थंडर के लिए रीस टोपले ने तीन विकेट लिये। नाथन मैकएंड्रयू को दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी थंडर शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 45 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिये।



गोवा। स्थानीय निकाय चुनावों में वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत व उनका परिवार।

## ढाका में सुपुर्द-ए-खाक किए गए उस्मान हादी, नमाज-ए-जनाजे में शामिल हुए यूनुस

**ढाका।** ढाका में उस्मान हादी के नमाज–ए–जनाजे के बाद उन्हें ढाका में ही दफन किया गया है। बता दें कि करीब एक हफ्ते पहले एक जनसभा के दौरान उन्हें गोली मारी गई थी और सिगापुर में पांच दिन के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जिसके बाद बीते दिन उनका शव ढाका लाया गया था। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी छात्र नेता उस्मान हादी के नमाज ए जनाजा में शामिल हुए। इस दौरान सराकर के वरिष्ठ अधिकारी और हजारों लोग भी मौजूद रहे।

# बंग्लादेश में गहराता संकट, लंबी निष्क्रियता का परिणाम

## कट्टर इस्लामी समूहों का बढ़ता प्रभाव, पड़ोसी देश अब गंभीर आंतरिक अस्थिरता की अवस्था में प्रवेश कर रहा

**नई दिल्ली।** बंगलादेश में भीड़ की हिंसा, सत्ता का कमजोर होना और कट्टर इस्लामी समूहों का बढ़ता प्रभाव इस बात की ओर इशारा करते हैं कि यह पघेसी देश अब गंभीर आंतरिक अस्थिरता की अवस्था में प्रवेश कर रहा है।



■ इस साल की शुरुआत में एक छात्र नेता की हत्या के बाद भी राजनीतिक माहौल हो गया था गरम

मैमनसिह के भालुका में फैक्ट्री मजदूर दीपु चंद्र दास की भीड़ द्वारा धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में हत्या किया जाना कानून और सार्वजनिक व्यवस्था के पतन को दर्शाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनके शव को जलाने का प्रयास और उसके बाद की अराजकता इस बात की ओर संकेत करती है कि समाज में भय ने संस्थानों पर हावी होना शुरू कर दिया है। यह हिंसा कोई अलग घटना नहीं है। इस साल की शुरुआत में एक छात्र नेता की हत्या के बाद भी राजनीतिक माहौल गरम हो गया था। कट्टर समूहों, चरमपंथी नेटवर्क और अवसरवादी राजनीतिक तत्वों ने अनिश्चितता और प्रशासनिक जड़ता का लाभ उठाया है। पुलिस की प्रतिक्रिया इन मामलों में कमजोर रही है और ये आरोप लगते रहे हैं कि सुरक्षा बलों को हिंसक भीड़ के खिलाफ कार्रवाई न करने के निर्देश दिए गए थे। कई मामलों में, कानून लागू करने वाली एजेंसियां खुले हमलों के बावजूद निष्क्रिय रहीं। संकट अब गंभीर बाहरी स्वरूप भी ले चुका है। चटगांव में भारतीय दूतावास पर हमले और ढाका, खुलना और राजशाही में भारतीय मिशनों की ओर रैली के प्रयास अंतर्राष्ट्रीय नियमों को सीधे चुनौती देते हैं। ये घटनाएँ दिखाती हैं कि भारत विरोधी भावनाओं का इस्तेमाल इस क्षेत्र को अस्थिर करने और भारत के पूर्वी हिस्से को कमजोर करने की रणनीति के रूप में किया जा रहा है। अल्पसंख्यक समुदाय, विशेषकर हिंदू, फिर से धमकियों, हिंसा और सामाजिक दबाव का सामना कर रहे हैं। भारत विरोधी नारों और संगठित दुश्मनी से यह स्पष्ट होता है कि यह स्वाभाविक अशांति नहीं, बल्कि वैचारिक रूप से संगठित आंदोलन है। कट्टर इस्लामी संगठन आत्मविश्वास हासिल कर चुके हैं, व्यापारिक गति. विधियां धीमी हो गई हैं और कई क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पादन बाधित हुआ है। ये सभी संकेत गहरे संरचनात्मक संकट के हैं।

भारत की स्थिति पिछले साल की लंबी निष्क्रियता के कारण और नाजुक हो गई है। उस समय जब बंगलादेश के बड़ी आबादी को यह उम्मीद थी कि भारत स्थिरता और सुधार में मदद करेगा, तब भारत ने अधिकतर सतर्क रुख अपनाए रखा। निर्णायक हस्तक्षेप की कमी ने वह खाली स्थान पैदा किया जिसे कट्टर ताकतों ने तेजी से भर लिया। बंगलादेश की विफलता केवल राजनीतिक दलों या नागरिक संस्थाओं के कारण नहीं है। इसके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार सेना है। जब जनता की सुरक्षा और संवैधानिक व्यवस्था सीधे तौर पर खतरे में थी, तब बंगलादेश की सेना ने बार–बार हस्तक्षेप ना करने का विकल्प चुना। भीड़ ने शेख हसीना के आवास पर हमला करने का प्रयास किया, तब भी सेना निष्क्रिय रही। भारी हिंसा के दौरान, अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले के बावजूद सेना चुप रही।

## तोशाखाना केस में पाकिस्तान की अदालत ने सुनाया फैसला

# इमरान, बुशरा बीबी को 17-17 साल की जेल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ओर उनकी पत्नी बुशरा बीबी को राज्य के लग्जरी उपहारों की कम कीमत पर खरीद से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में शनिवार को 17 साल की कैद की सजा सुनाई। विशेष केंद्रीय न्यायाधीश शहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी की अति सुरक्षा वाली अदियाला जेल के अंदर आयोजित सुनवाई के दौरान सुनाया। खान इसी जेल में बंद हैं। अभियोजन के अनुसार, मामला मई 2021 में आधिका. रिक दौरे के दौरान सऊदी क्राउन प्रिस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा खान को उपहार में दी गई महंगी बुलगारी ज्वेलरी सेट से संबंधित है। पाकिस्तानी अखबार डॉन के रिपोर्ट के अनुसार, ज्वेलरी की कीमत लगभग 80 मिलियन रुपये थी, कथित तौर पर खान द्वारा केवल 2.9 मिलियन रुपये चुकाकर रख ली गई, जो इसकी मूल्यांकन कीमत का एक छोटा हिस्सा थी। अदालत ने खान को कुल 17 साल की कैद की सजा सुनाई, जिसमें पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 34 (साझा इरादा) और 409 (आपरा. धिक विश्वासघात) के तहत 10 साल की कठोर कैद, तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 5(2) के तहत अतिरिक्त सात साल शामिल हैं। सुबुशरा



■ कोर्ट ने 16.40 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया, 2 करोड़ की घड़ी को 5 लाख का बताया था
■ ज्वेलरी की कीमत 80 मिलियन रुपये थी, इमरान खान द्वारा केवल 2.9 मिलियन रुपये चुकाकर रख ली गई

बीबी को भी इसी कानूनी प्रावधानों के तहत समान सजा दी गई है। दोनों पर 16. 4 मिलियन रुपये जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माना न चुकाने पर अतिरिक्त कैद होगी। अदालत ने दंड प्रक्रिया सं. हता की धारा 382–बी का लाभ दिया, जिससे पहले से काटी गई हिरासत की अवधि सजा में गिनी जाएगी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उसने खान की उम्र और सुबुशरा बीबी के महिला होने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्हें 'उदार' सजा दी। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने कहा कि खान की तोशाखाना मामले में सजा उनकी वर्तमान सजा पूरी होने के बाद शुरू होगी। इस बीच पीटीआई ने फैसले की कड़ी आलोचना की और इसे 'कंगारू कोर्ट' का परिणाम बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पार्टी ने दावा किया कि खान के परिवार को सुनवाई में शामिल होने से रोका गया और जेल में बंद दरवाजे वाली सुनवाई को 'न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष' बताया, इसे सैन्य मुकदमे से तुलना की। पीटीआई नेताओं ने तर्क दिया कि मामले में विश्वसनीय सबूतों की कमी थी और यह कमजोर गवाहियों पर आधारित था, जबकि अयूब ने कहा कि फैसला पाकिस्तान में कानून के शासन की अनुपस्थिति को दर्शाता है। खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया कि फैसला पहले से तय था और जल्दबाजी में सुनाया गया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने समय और प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाए तथा सुबुशरा बीबी की कथित अवैध एकांत कारावास के बारे में चिंता जताई। खान और सुबुशरा ने सभी आरोपों से लगातार इनकार किया है। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ मामले राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं और सार्वजनिक जीवन से अयोग्य ठहराने के उद्देश्य से हैं। गौरतलब है कि अप्रैल 2022 में सत्ता से हटाए जाने के बाद से खान कई कानूनी मामलों का सामना कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों के अलावा वह 09 मई 2023 के हिसक प्रदर्शनों से संबंधित आतंकवाद निरोधक अधि. नियम के तहत भी मुकदमों का सामना कर रहे हैं।वह अगस्त 2023 से जेल में हैं और वर्तमान में अलग 190 मिलियन पाउंड के भूमि भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। सुबुशरा बीबी भी इसी मामले में सात साल की सजा काट रही हैं।

## बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस समेत दो ट्रेनों को बनाया निशाना

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध विद्रोहियों ने रेल पटरियों को निशाना बनाकर बम धमाके किए, जिससे जाफर एक्सप्रेस समेत दो यात्री ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। इन धमाकों में रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा और ट्रेन सेवाएं अस्थाई रूप से बाधित करनी पड़ीं। क्वेटा के सीनियर सुपरिंटेंडेंट आफ पुलिस (एसएसपी) शाहिंद नवाज ने बताया कि शुक्रवार को मुश्काफ इलाके में हुए एक बम धमाके से रेलवे ट्रैक का लगभग तीन फीट हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, दाश्त क्षेत्र में हुए एक अन्य धमाके में भी पटरियों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि इन दोनों घटनाओं में जाफर एक्सप्रेस और बोलन मेल यात्री ट्रेनों को निशाना बनाया गया था। धमाकों के बाद मुख्य रेल लाइन पर ट्रैक क्षतिग्रस्त होने से क्वेटा से पाकिस्तान के अन्य प्रांतों की ओर जाने वाली ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। एसएसपी नवाज ने कहा कि शनिवार से क्वेटा से चलने वाली सभी यात्री ट्रेनों के समय–सारिणी को सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। क्वेटा से बाहर जाने वाली सभी ट्रेनों के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा चिंताओं के बीच शनिवार को जाफर एक्सप्रेस की एक विशेष सेवा को पेशावर के लिए रवाना होने की अनुमति दी गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह विशेष सेवा चलाई गई, जबकि सामान्य ट्रेन सेवाएं सुरक्षा मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

## भारत-नीदरलैंड ने संयुक्त व्यापार और निवेश समिति की स्थापना की

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए संयुक्त व्यापार और निवेश समिति की स्थापना की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत और नीदरलैंड की ओर से शुक्रवार को इस बारे में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत–नीदरलैंड संयुक्त व्यापार और निवेश समिति (जेटीआईसी) की स्थापना दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के माध्यम से किये गए इस समझौता ज्ञापन की औपचारिक घोषणा नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील की भारत यात्रा और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक के अवसर पर की गई। इस समझौता ज्ञापन में व्यापार और निवेश संबंधी मामलों पर नियमित संवाद और सहयोग के लिए एक औपचारिक

■ समझौते के तहत इसकी बैठक वार्षिक रूप से बारी–बारी से भारत और नीदरलैंड में होगी

संस्थागत ढांचा, संयुक्त व्यापार आयोग (जेसीआई सी) की स्थापना का प्रावधान है। आयोग द्विपक्षीय व्यापार संबंधों की समीक्षा करने, दोनों पक्षों के बीच निवेश को बढ़ावा देने, निवेश और व्यापार संबंधी बाधाओं को दूर करने और पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों की संभावना तलाशने के लिए एक समर्पित तंत्र के रूप में कार्य करेगा।

समझौते के तहत इसकी बैठक वार्षिक रूप से बारी–बारी से भारत और नीदरलैंड में होगी, जिससे संस्थागत स्तर पर निरंत. रता और सतत सहयोग सुनिश्चित होगा। जेटीआईसी की सह–अध्यक्षता भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के महानिदेशक (विदेश आर्थिक संबंध) करेंगे। इसमें दोनों पक्षों के प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे जिनमें सरकारी अधिकारी और नामित अन्य सदस्य होंगे।

## वैश्विक शक्ति संतुलन में बड़ा बदलाव आया: एस. जयशंकर

**पुणे।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बयान में कहा है कि वैश्विक आर्थिक और राजनी. तिक संतुलन बड़े बदलाव से गुजर रहा है और अब ताकत के कई केंद्र उभरे हैं।

पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि कोई भी देश, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अब सभी मुद्दों पर अपनी मर्जी थोप नहीं सकता। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह भी है कि अब दुनिया के देशों के बीच एक स्वाभाविक मुकाबला है और यह अपना संत. ुलन बनाता है। शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं। उन्होंने कहा कि शक्ति के विचार की कई परिभाषाएं हैं, जिनमें व्यापार,



■ अब कोई मर्जी नहीं थोप सकता, भारतीय विदेश मंत्री का दावा–ताकत के कई केंद्र उभरे

ऊर्जा, सेना, संसाधन, तकनीक और टैलेंट शामिल हैं। यह इसे एक खास तौर पर जटिल बनाते हैं। जयशंकर ने कहा कि यह पहच. ानना भी जरूरी है कि वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक होने में सक्षम नहीं हैं। वैश्वीकरण ने हमारे सोचने और काम करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। जयशंकर ने कहा कि हमारे जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को अगर तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है, तो उसे महत्वपूर्ण और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग विकसित करनी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा जब मैं आपके समय में था, तब दुनिया अलग थी और कम जटिल थी, लेकिन दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजरी है और हमारे समाज और देश में भी बदलाव हुए हैं। अब नई पीढ़ी पर जिम्मेदारी है कि वे विकसित भारत की जिम्मेदारी लें।श बांग्लादेश के हालात पर बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश बनने के कुछ साल बाद, हमारे सामने पाकिस्तान के साथ–साथ पश्चिम और चीन भी थे।

## सूडान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर ड्रोन हमलों की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सूडान में संयुक्त राष्ट्र के रसद अड्डे पर पिछले सप्ताह हुए ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा की, जिसमें छह बंगलादेशी शांति सैनिक मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने प्रेस विज्ञप्ति में शहीद शांति सैनिकों के परिवारों और बंगलादेश सरकार और जनता के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। ड्रोन हमले शनिवार को सूडान के दक्षिण कोर्डोफान राज्य के कडुगली में हुए। परिषद के सदस्यों ने संयुक्त राष्ट्र के रसद अड्डे और अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल के शांति सैनिकों पर जानबूझकर किए गए इस हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की।

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में सबसे बड़ा खुलासा

## लड़कियों के साथ हॉट-टब में नहाते दिखे क्लिंटन, माइकल जैक्सन की भी तस्वीरें

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी न्याय विभाग ने यौन अपराध दोषी जेफरी एपस्टीन की जांच से जुड़े दस्तावेजों और तस्वीरों का एक नया सेट जारी किया। यह कदम महीनों के राजनीतिक दबाव और 'एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट' के पारित होने के बाद उठाया गया है। सामग्री का एक बड़ा हिस्सा अभी भी भारी रूप से संपादित है। जारी की गई फाइलों में ऐसी तस्वीरें और रिकॉर्ड शामिल हैं जो एपस्टीन को बिल क्लिटन, गिस्लेन मैक्सवेल और पॉप स्टार माइकल जैक्सन जैसी हाई–प्रोफाइल हस्तियों के साथ सामाजिक समारोहों में दिखाते हैं। सीएनएन के अनुसार, दस्तावेजों में दिखाई देने वाले अन्य उल्लेखनीय व्यक्तियों में मिक जैगर, वुडी एलन और नोआम चॉम्स्की शामिल हैं। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पारित नए कानून के तहत प्रकाशित इन फाइलों के लिए एपस्टीन और उनकी लंबे समय तक सहयोगी रही गिस्लेन मैक्सवेल से जुड़े 'गैर–वर्गीकृत' रिकॉर्ड जारी करना आवश्यक है। इन



■ 7 सेट में 3 लाख दस्तावेज जारी

दस्तावेजों के बड़ी संख्या के होने के कारण चरणबद्ध तरीके से खुलासे किए जा रहे हैं। मैक्सवेल को 2021 में किशोर लड़कियों की तस्करी में सहायता करने का दोषी ठहराया गया था और वह वर्तमान में 20 साल की जेल की सजा काट रही है। शाम लगभग 7 बजे विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई नई सामग्रियों में लगभग 120 तस्वीरें शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर तस्वीरें एफबीआई के सबूत बक्सों, लिफाफों, हार्ड ड्राइव, पुरानी सीडी और फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और अमेरिकी वर्जिन आइलैंड्स में एपस्टीन की संपत्तियों से बरामद कंप्यूटर उपकरणों को दिखाती हैं। पीड़ितों और चल रही जांच की सुरक्षा के लिए दस्तावेजों को भारी रूप से संपादित किया गया है। न्याय विभाग के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिटन की एक हॉट टब वाली तस्वीर में एक व्यक्ति का चेहरा छुपा दिया गया था ताकि पीड़ित व्यक्ति की पहचान की रक्षा की जा सके। एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट हालांकि विभाग को कुछ जानकारी संपादित करने की अनुमति देता है, लेकिन कुछ तस्वीरों में बिना किसी स्पष्टीकरण के एक बुजुर्ग व्यक्ति सहित अन्य व्यक्तियों के चेहरों को धुंधला दिखाया गया है। डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांच ने कहा कि विभाग व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य पीड़ितों की जानकारी, बाल यौन शोषण सामग्री, वर्गीकृत राष्ट्रीय सुरक्षा सामग्री, या ऐसी जानकारी के लिए संपादन बरकरार रखेगा जो सक्रिय जांच को खतरे में डाल सकती है।

# सीरिया में आतंक के अड्डों पर अमेरिकी वॉर

## ट्रम्प के आदेश पर 70 ठिकानों पर हवाई हमले

**वाशिंगटन।** सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ अमेरिका ने बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। अमे. रिकी सैनिकों और एक अमेरिकी दुभाषिये की मौत के बाद ट्रम्प प्रशासन ने बदले की कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को सीरिया में आईएस ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए।

अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है कि यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है। वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा कि ये युद्ध की शुरुआत नहीं, हमारा बदला है। लगभग एक हफ्ते पहले सीरिया के रेगिस्तानी इलाके में हुए घातक हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक दुभाषिया मारे गए थे। इस हमले के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सीधे तौर पर इस्लामिक स्टेट को जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद ट्रम्प ने बेहद सख्त



■ अमेरिका ने साफ शब्दों में कहा है: यह कोई युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की हत्या का जवाब है

कार्रवाई का ऐलान किया था। उसी कड़ी में अमेरिकी सेना ने सीरिया के मधय हिस्सों में आईएस के ठिकानों और हथियार भंडारों को निशाना बनाया। अमे. रिकी अधिकारियों के अनुसार यह हमला बड़े पैमाने पर किया गया। सीरिया के अलग–अलग इलाकों में आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन ठिकानों में आईएस का बुनियादी ढांचा, हथियार भंडारण केंद्र और आपरेशन से जुड़े ठिकाने शामिल थे। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में और हमले भी हो सकते हैं। अमेरिका रक्षा मंत्री ने कहा कि ये किसी युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि बदले की घोषणा है। राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका ने कहा कि दुनिया में कहीं भी अमेरिकियों को निशाना बनाने वालों को ढूंढकर खत्म किया जाएगा। अमेरिकी बयान में दावा किया गया कि इस अभियान में बड़ी संख्या में दुश्मन मारे गए हैं और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अमेरिकी सेना ने इस हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। एफ–15 ईगल लड़ाकू विमान, ए–10 थंडरबोल्ट ग्राउंड अटैक एयरक्राफ्ट और एएच–64 अपाचे हेलिकाप्टर हमले में शामिल रहे। इसके अलावा जार्डन से उड़ान भरने वाले एफ–16 लड़ाकू विमान और हिमार्स राकेट आर्टिलरी सिस्टम का भी इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेना ने जमीन और हवा से एक साथ कार्रवाई कर आईएस को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि यह युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि बदले की घोषणा है। उन्होंने चेता. वनी देते हुए कहा कि जो भी आतंकवादी अमेरिकियों पर हमला करने की हिम्मत करेगा, उसे पहले से कहीं ज्यादा कड़ी मार झेलनी पड़ेगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए कभी पीछे नहीं हटेगा।

## काहिरा में गाजा शांति योजना के अगले चरण पर चर्चा की

**काहिरा।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और मिस्र में उनके समकक्ष बद्र अब्देलात्ती ने शुक्रवार को काहिरा में बातचीत की और दोनों नेताओं के बीच वार्ता का मुख्य केन्द्र बिंदु गाजा शांति योजना के दूसरे चरण के कार्यान्वयन पर था। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अब्देलात्ती ने कहा कि मिस्र इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयास जारी रखे हुए है और उम्मीद करता है कि यह योजना निकट भविष्य में अपने अगले चरण में प्रवेश करेगी। प्रस्तावित कदमों में गाजा पट्टी से इजरायली सैनिकों की वापसी, शांति–रक्षक बलों की तैनाती और क्षेत्र के प्रशासन के लिए एक नागरिक समिति का गठन शामिल है।

## ओडेसा बंदरगाह पर रूसी मिसाइल हमला

**कीव।** यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा के बंदरगाह ढांचे पर शुक्रवार देर रात रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 27 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, हमले के केंद्र के पास एक बस में सवार कुछ लोग भी घायल हुए।

बंदरगाह के पार्किंग क्षेत्र में खड़े ट्रकों में आग लग गई, जबकि कई कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह किपर ने बताया कि बंदरगाह को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया गया। रूस की ओर से इस हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की गई। हालांकि, रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह कहा कि पिछले

■ आठ लोगों की मौत और 27 घायल, जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन ने किए ड्रोन हमले

एक दिन में उसने यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे परिवहन और भंडारण ढांचे के साथ–साथ ऊर्जा प्रतिष्ठानों और कीव के युद्ध प्रयासों को समर्थन देने वाली सुविधाओं पर हमले किए। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने रूस की एक तेल ड्रिलिंग प्लेटफार्म, एक सैन्य गश्ती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। बयान के मुताबिक, शुक्रवार रात हुए हमले में रूसी गश्ती जहाज ओखोत. निक को क्षति पहुंची।



# जाह्नवी कपूर को होमबाउंड के लिए मिला एक्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर को हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक प्रतिष्ठित समारोह में उनकी फिल्म होमबाउंड के लिए एक्टर ऑफ द ईयर फीमेल के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। भारत की ओर से ऑस्कर 2026 के लिए आधिकारिक एंट्री रही होमबाउंड ने इंटरनेशनल फीचर फिल्म की कैटेगरी में टॉप 15 फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। इस फिल्म में विशाल जेठला, ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर ने अहम भूमिका निभाई है फिल्म समीक्षकों से भरपूर सराहना बंटोरने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल कर चुकी इस फिल्म के लिए जान्हवी कपूर को मिला यह सम्मान उनके अभिनय करियर में न सिर्फ एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि ग्लोबल सिनेमा में जाह्नवी की मजबूत की मौजूदगी को और पुख्ता करती है। जाह्नवी कपूर ने अवॉर्ड जीतने के बाद इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, इस बेहद खास फिल्म के सफर में मैंने बहुत कुछ सीखा, लेकिन जो सबसे खास बात मुझे लगी वो है कि किसी को भी जज करने से पहले हम अपने पूर्वाग्रहों के बोझ से निकलें और वे जैसे हैं, उन्हें उसी तरह देखें। हालांकि मैं दूसरों से भी यही उम्मीद करती हूं कि मेरे बारे में कोई भी पूर्वाग्रह रखने या राय बनाने से पहले वे स्थिति का सही आकलन करें। मैं समझती हूं यही एक ऐसा उपहार है, जो हम बतौर इंसान एक-दूसरे को दे सकते हैं। जाह्नवी कपूर ने अपनी भावनाएं व्यक्त करने और अपने अभिनय को मिले इस घस पहचान के लिए उन्होंने एनडीटीवी को भी धन्यवाद दिया है। जाह्नवी कपूर ने इस खास फिल्म के लिए अपनी पोस्ट में निर्देशक नीरज घेवान के प्रति भी आभार जताते हुए उन्हें प्यार से सबसे बेहतरीन निर्देशक और ह्यूमन टेडी कहा है। अपनी पोस्ट के जरिए जान्हवी ने यह भी बताया है कि होमबाउंड को भारत में मिला यह पहला अवॉर्ड है। हालांकि इन दिनों नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही फिल्म होमबाउंड के लिए जाह्नवी को मिला यह सम्मान न सिर्फ उनके अभिनय करियर सफर को और मजबूत करता है, बल्कि भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा, दोनों में अपनी एक भरोसेमंद और अर्थपूर्ण पहचान बनाने में कारगर भूमिका भी निभा रहा है।

### कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं : अनुपम खेर

**मुंबई।** चरित्र अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर का कहना है कि कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं और वह उनके अभिनय के प्रशंसक रहे हैं। कमल हासन और अनुपम खेर की दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर अचानक मुलाकात हो गई। अनुपम खेर ने इस खास पल को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बताया कि कमल हासन भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। अनुपम खेर इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, दिल्ली एयरपोर्ट पर भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक कमल हासन जी से मिलकर बेहद खुशी हुई।

# इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना संतोषजनकः सुम्बुल



**मुंबई।** अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना उनके लिए भावनात्मक रूप से संतोषजनक रहा है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अन्विता सुम्बुल तौकीर खान के सफर को दर्शाता है, जहां वह केवल अस्तित्व बचाने की लड़ाई से आगे बढ़कर अपने जीवन पर नियंत्रण पाना शुरू करती है। संजय (ऋषि सक्सेना) की बढ़ती असुरक्षा और विराट रजत वर्मा की अनसुलझी मौजूदगी के बीच फंसी अन्विता, अब विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा फारुख सईद के आने से नई चुनौतियों का सामना कर रही है। अन्विता के सामने अब ऐसे विकल्प हैं जो उसकी सहनशक्ति और रिश्तों की परीक्षा लेंगे। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अन्विता पर्सी कैफे की जिम्मेदारी संभालती है, जो उसके बढ़ते आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को दर्शाता है। हालांकि, यह संजय के साथ संघर्ष का कारण बनता है, जिसकी असुरक्षा तब और गहरी हो जाती है जब वह अन्विता के पर्सनल डेवलपमेंट को गलत समझता है। विराट की निरंतर उपस्थिति से खुद को असुरक्षित महसूस करता है। एक भव्य पार्टी के साथ विराट के शक्तिशाली पिता राजनाथ वर्मा की एंट्री होती है। ड्रामा तब और बढ़ जाता है जब विराट बताता है कि उसने कैफे की प्रॉपर्टी खरीद ली है।

वह अन्विता को वहां से निकालने की धमकी देता है। क्या अन्विता की यह नई ताकत उसके सपनों और रिश्तों दोनों को बचाने के लिए काफी होगी? सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अन्विता के लिए यह दौर बेहद शक्तिशाली है क्योंकि यह केवल परिस्थितियों से लढ़ने के बजाय वास्तव में अपने जीवन की कमान संभालने की ओर उसके बदलाव को दर्शाता है। इस सफर को जो बात जटिल बनाती है, वह यह है कि उसकी तरक्की को उसके करीबी लोग ही गलत समझते हैं। उसे चुनौती देते हैं। इस बदलाव के दौरान अन्विता का किरदार निभाना, जहां वह भावुक भी है, दृढ़ निश्चई भी और अपनी जमीन बचाना सीख रही है, भावनात्मक रूप से काफी गहन और संतोषजनक रहा है। दर्शक उसे ऐसे रूप में उभरते हुए देखेंगे जिसकी उन्हें उम्मीद नही होगी।

इत्ती सी खुशी, हर सोमवार से शनिवार नौ बजे, प्रसारित होता है।

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर

### धुरंधर ने भारतीय बाजार में 460 करोड़ रुपये की कमाई की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिह की फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में दो सप्ताह में 460 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर को क्रिटिक्स और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।इस फिल्म में रणबीर सिह और अक्षय खन्ना के अभिनय की जमकर तारीफ हो रही हैं। फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार धमाल मचा रही है।

## एकता कपूर ने बताई क्योंकि सास भी कभी बहू थी में लीप की वजह



**मुंबई।** टेलीविजन क्वीन एकता कपूर ने स्टार प्लस के सबसे लोकप्रिय शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में आए बहुचर्चित लीप पर अपनी बात रखी है। एकता कपूर ने इस बड़े बदलाव के पीछे की सोच को साफ करते हुए बताया कि कहानी को किस दिशा में ले जाया जा रहा है। एकता कपूर का कहना है कि यह लीप किसी ड्रामैटिक अंत के लिए नही, बल्कि भावनाओं की सच्चाई को दिखाने के लिए लाया गया है। एकता कपूर ने बताया कि शो में लीप लाने का फैसला इस सोच से लिया गया कि समय के साथ रिश्ते कैसे बदलते हैं। उनके लिए यह कोई पुराने सफर का अंत नही है, बल्कि ज़िंदगी की तरह एक आगे बढ़ने की प्रक्रिया है। जैसे असल ज़िंदगी में रिश्तों में समय के साथ दूरी आती है, भावनाएं बदलती हैं और उनके मायने नए हो जाते हैं, वैसे ही इस लीप के ज़रिए कहानी को आगे बढ़ाया जा रहा है। एकता कपूर कहा, एक कहानीकार के तौर पर मेरे लिए क्योंकि सास भी कभी बहू थी हमेशा से रिश्तों को समय के साथ बढ़ते, टूटते और बदलते हुए दिखाने की कहानी रही है।

जब मैंने कहानी में लीप लाने के बारे में सोचा, तो मेरा मकसद कभी भी किसी चैप्टर को खत्म करना नही था, बल्कि कहानी को अपने किरदारों के साथ सांस लेने और आगे बढ़ने का मौका देना था। मैं लंबे रिश्तों की हकीकत दिखाना चाहती थी कि प्यार समय के साथ कैसे अपना रूप बदलता है, गलतफहमियां कैसे जख्म छोड़ जाती हैं और कैसे भावनात्मक दूरी धीरे-धीरे ज़िंदगी में जगह बना लेती है।

# 2026 में बड़े पर्दे पर जलवा बिखेरेंगी नई ऑन स्क्रीन जोड़ियां

**मुंबई।** वर्ष 2026 में अभिनता-अभिनेत्रियों की नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियां सिल्वर स्क्रीन पर जलवा बिखरती नजर आयेंगी। वर्ष 2026 में फिल्ममेकर नए प्रयोग कर रहे हैं और दर्शक भी कुछ अलग, ताज़ा और असरदार देखना चाहते हैं, यही वजह है कि वे सिनेमा प्रेमियों के लिए कई नई ऑन स्क्रीन जोड़ियां लेकर आ रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियों के बारे में, जिनके न सिर्फ चर्चा बटोरने की संभावना है, बल्कि अपनी केमिस्ट्री और एनर्जी से बड़े पर्दे पर अपनी खास पहचान छोड़ने की भी संभावना है। अनुराग बसु की अनटाइटल्ड म्यूज़िकल फिल्म कार्तिक के इंटेंस चार्म और लीला की जीवंत एनर्जी वाली यह जोड़ी, न सिर्फ मास ऑडियंस के लिए बनी हाई-एनर्जी जोड़ी है, बल्कि म्यूजिकल और विजुअल ट्रीट को ब्लॉकबस्टर बनाने का दम भी रखती है। क्राफ्ट और वर्सेटिलिटी की पावर-पैक जोड़ी यानी सिद्धांत चतुर्वेदी और वामिका गब्बी पहली बार दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग के साथ आने जा रही हैं। माना जा रहा है कि सिद्धांत का अनप्रेडिक्टेबल अंदाज और वामिका की गहरी भावनात्मक अभिव्यक्ति मिलकर एक शांत लेकिन बेहद असरदार केमिस्ट्री बनाएंगी।

सिद्धांत चतुर्वेदी - मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म दो दीवाने शहर में नजर आएगी। संवेदनशीलता, गहराई और युवा ऊर्जा से भरपूर यह जोड़ी भावनात्मक कहानी में रची बसी फिल्म दो दीवाने शहर में में खूब जंच. ेगी, ऐसी चर्चा है क्योंकि यह दोनों कलाकार अपने किरदारों में सच्चाई लाने के लिए जाने जाते हैं। हालांकि फिल्म के पोस्टर और एनिमेटेड टीजर को देखकर यह संभावना और प्रबल हो गई है। फिल्म पेड्डी में राम चरण के करिश्माई अवतार और जान्हवी की सॉफ्ट ग्रेस को अगर नॉर्थ और साउथ सिनेमा का दमदार संगम कहें तो गलत नही होगा। ऐसे में यह जोड़ी वर्ष 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित जोड़ियों में शामिल हो चुकी है। वरुण धवन-मृणाल ठाकुर की जोड़ी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नजर आएगी। इसमें दो राय नही है कि वरुण धवन और मृणाल ठाकुर, स्टारडम और सशक्त अभिनय का संगम है। वरुण की एनर्जी और मृणाल की भावनात्मक सच्चाई इस जोड़ी को रोमांस से लेकर ड्रामा तक हर जॉनर में असरदार बनाती है। इसी फिल्म में वरुण धवन - पूजा हेगड़े की भी जोड़ी है।

भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
10 किमी0 रूडकी रोड, पोस्ट- बरला मुज़फ्फरनगर उत्तर प्रदेश 251307

दिनांक- 19/12/2025

**निम्नलिखित विभागों में रिक्त पदों पर प्रोफेसरों, रीडर, प्रवक्ता की आवश्यकता है:**

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्थान हॉस्पिटल | मेडिकल सुपरीटेंडेंट (**Clinical Subject** में पी0जी0 एवं 10 साल का अनुभव) | 1 |
| 1 | स्वस्थवृत्त विभाग | प्रोफेसर | 1 |
| 2 | स्त्री प्रसूति विभाग | लेक्चरर | 1 |
| 3. | कौमारभृत्य विभाग | प्रोफेसर, लेक्चरर | 1 |
| 4. | पंचकर्म विभाग | लेक्चरर | 1 |
| 5. | शालाक्य तंत्र | रीडर | 1 |

उपरोक्त सभी विभागों में NCISM नई दिल्ली भारत सरकार के द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार नियुक्ति की जाएगी। तथा वेतनमान संस्थान के द्वारा निर्धारित नियमानुसार जिसमे राज्य सरकार के नियमो को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना **बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों** की दो प्रतियाँ तथा **पासपोर्ट साइज** फोटो के साथ ईमेल/डाक या स्वयं के माध्यम से संस्थान में आवेदन करें।

पता: भारत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
ईमेल: 2009AYU0260@GMAIL.COM
संपर्क: 9084681283 / 7517248038

भवदीय
(डॉ. राहुल साहेबराव दलवी)
प्राचार्य/अधीक्षक

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108